www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

12 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 262

नम आंखों से वरिष्ठ नेता ददई दुबे को दी गयी श्रद्धांजलि



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

# सबसे तेजी से बच्चे पैदा कर रहे मुस्लिम, हिंदू आबादी घटी

विश्व जनसंख्या दिवस पर जारी रिपोर्ट का निष्कर्ष

दुनिया का हर चौथा व्यक्ति नास्तिक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** विश्व जनसंख्या दिवस पर एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। दुनिया में हर मिनट 264 बच्चों का जन्म हो रहा है। इनमें सबसे अधिक जन्म मुस्लिम समुदाय में हो रहे हैं, जबकि हिंदू आबादी में हल्की गिरावट देखी गयी है।

**भारत की प्रजनन दर घटी :** रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 तक भारत की अनुमानित आबादी 1.46 अरब होगी और यह सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बना रहेगा। हालांकि देश में कुल प्रजनन दर 2.1 से घट कर 1.9 तक पहुंच गयी है।भले ही बढ़ती हुई जनसंख्या की वजह से आर्थिक विकास और प्रगति के तमाम रास्ते खुलते हैं, लेकिन यह भी सच है कि इसकी वजह से प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव भी बढ़ता जा रहा है।

**मुसलमानों में प्रजनन दर 3.1 :** रिपोर्ट की मानें तो मुस्लिमों में प्रजनन दर 3.1 है, जो कि किसी भी धार्मिक समुदाय से ज्यादा है। दुनिया में औसतन मुस्लिम महिलाओं के तीन से ज्यादा बच्चे हैं। जैसे-जैसे ये बढ़ रहे हैं, वे अपने समुदाय में और ज्यादा जनसंख्या बढ़ाते जा रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि मुस्लिमों की कुल आबादी में से 14 साल की उम्र के 33% लोग हैं। यह तबका अगले पांच से 10 साल में दुनिया में आर्थिक सहयोग करेगा और फिर शादी करके और ज्यादा आबादी बढ़ायेगा।

### इसाई आबादी अब भी सबसे ज्यादा

प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में इसाई समुदाय दुनिया की सबसे बड़ी धार्मिक जनसंख्या है, लेकिन 2010 से 2020 के बीच इनकी संख्या में गिरावट आयी है। खासतौर पर यूरोपीय देशों में इसाइयत से मोहभंग तेजी से बढ़ा है, जिसके चलते इस समुदाय की वैश्विक हिस्सेदारी कम हो रही है।

### तेजी से बढ़ रही नास्तिक आबादी

सांख्यिकीय दृष्टि से देखा जाये, तो मुस्लिमों के बाद सबसे तेज बढ़ने वाला वर्ग नास्तिक है। 2020 में करीब 190 करोड़ लोग खुद को नास्तिक बता रहे हैं, जबकि 2010 में यह संख्या 160 करोड़ थी। सिर्फ 10 साल में 30 करोड़ लोगों ने धर्म से दूरी बना ली है।

### इसलिए बढ़ रहे हैं नास्तिक

नास्तिकों की बढ़ती संख्या के पीछे प्रमुख कारण धार्मिक संस्थानों से विश्वास उठना और वैज्ञानिक सोच को माना जा रहा है। रिपोर्ट बताती है कि सबसे ज्यादा लोग इसाई धर्म छोड़कर नास्तिक बन रहे हैं। कई लोग धार्मिक संस्थानों में हो रहे भ्रष्टाचार और पाखंड से निराश होकर धर्म से दूरी बना रहे हैं।

### भारत में नास्तिक बढ़े

रिपोर्ट के मुताबिक भारत में नास्तिकों की संख्या 2020 में करीब 50 हजार थी। हालांकि 2010 में यह आंकड़ा सिर्फ 30 हजार था, यानी 10 साल में 67% की वृद्धि हुई। यह संख्या कम लग सकती है, लेकिन बढ़ते ट्रेंड का संकेत देती है। सर्वे के मुताबिक 33% बौद्ध अनुयायियों ने कहा कि वे किसी भगवान में विश्वास नहीं करते।

### धर्म और जनसंख्या का वैश्विक समीकरण

दुनिया में जब संघर्षों की जड़ में धर्म की भूमिका बढ़ती जा रही है, तब यह समझना जरूरी हो गया है कि धार्मिक आबादी का यह बदलाव सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य को कैसे प्रभावित करेगा। मुस्लिमों की तेजी से बढ़ती जनसंख्या और नास्तिकता का उभरता चलन आने वाले दशकों में विश्व राजनीति, नीति निर्माण और सामाजिक ताने-बाने पर सीधा असर डाल सकता है।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक, 27 प्रस्तावों पर मुहर

# राज्यकर्मियों का डीए बढ़ा, सभी थानों के लिए वाहन खरीदे जायेंगे

- विधानसभा का मानसून सत्र एक अगस्त से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इनमें झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र एक अगस्त से सात अगस्त तक आहूत करने का फैसला भी शामिल है। दो और तीन अगस्त को अवकाश रहेगा और सत्र में पांच कार्यदिवस होंगे।

**महंगाई भत्ता में वृद्धि की सौगात :** कैबिनेट ने राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (पंचम वेतनमान) में एक जनवरी 2025 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में वृद्धि की स्वीकृति दी है। राज्य सरकार के पेंशनधारियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केंद्रीय वेतनमान) में एक जनवरी 2025 के प्रभाव से महंगाई राहत की दरों में वृद्धि की स्वीकृति दी गयी है। राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केंद्रीय वेतनमान) में एक जनवरी 2025 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में वृद्धि की स्वीकृति दी गयी है।

**सभी थानों के लिए वाहन खरीदे जायेंगे :** कैबिनेट ने एक अन्य प्रस्ताव में झारखंड के सभी थानों के लिए गाड़ियों की खरीदारी के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। इसके तहत राज्य के सभी थानों के लिए चार पहिया और दो पहिया गाड़ियों की खरीदारी की जायेगी। इसके अलावा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के संचालन की स्वीकृति दी गयी। एक अन्य प्रस्ताव में झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों के आलोक में वर्त्तमान आवश्यकतानुसार पदों का प्रत्यर्पण एवं स्वीकृति दी गयी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले



- रांची के नामकुम की तत्कालीन सीओ कुमुदिनी टुडू (कोटि क्रमांक-35/20) द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय संकल्प द्वारा अधिरोपित दंड असंचयात्मक प्रभाव से दो वेतनवृद्धि पर रोक को यथावत रखने की स्वीकृति दी गयी।
- रांची के नामकुम स्थित नयाभुसूर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिनीति सिद्धार्थ को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गयी।
- जामताड़ा जिले के नाला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ स्नेहा सिंह को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गयी।
- जमशेदपुर के तत्कालीन प्रभारी सिविल सर्जन डॉ अरविंद कुमार लाल (संप्रति सेवा से बर्खास्त) को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में सेवा से बर्खास्तगी आदेश को निरस्त करने की स्वीकृति दी गयी।
- जिला योजना अनाबद्ध निधि के माध्यम से योजनाओं की स्वीकृति एवं कार्यान्वयन हेतु मार्गदर्शिका में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।
- पथ प्रमंडल, रांची (ग्रामीण) अंतर्गत सिल्ली-बंता-हजाम टीकर- रंगामाटी पथ के किमी 0.00 से किमी 39.00 तक (कुल लं-39.00 किमी) के राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य हेतु 32.70 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।
- रांची जिलांतर्गत कुम्हरिया मोड़ (मेसरा-पिठोरिया पथ पर) से संग्रामपुर (करमटोली-ओरमांझी पथ पर) (कुल लंबाई-6.333 किमी) को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए पथ के पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण, भू-अर्जन, एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित) हेतु 38.89 करोड़ मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड उच्च न्यायालय अंतर्गत दायर वाद मेनका महांती बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के क्रम में स्व भगत चरण महांती, भूतपूर्व पदचर को अनुमान्य एसीपी/एमएसीपी का लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी।

(शेष पेज 05 पर)



विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुक्रवार 11 जुलाई से देवघर में शुरू हो गया। एक महीने तक चलनेवाले इस मेले में हर दिन लाखों श्रद्धालु बाबा वैद्यनाथ धाम में स्थित कामना लिंग पर जलार्पण करेंगे। इसके मद्देनजर बाबा मंदिर प्रांगण और आसपास के इलाकों में व्यापक व्यवस्था की गयी है। शुक्रवार को पवित्र सावन माह के पहले दिन बाबा मंदिर प्रांगण में उमड़े शिवभक्त।

## रामगढ़ कोयलांचल के मजदूर नेता मिथिलेश सिंह का निधन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल के चर्चित मजदूर नेता मिथिलेश सिंह का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। वह कॉमरेड एके रॉय के अनुयायी और वामपंथी विचारधारा के प्रबल समर्थक थे। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) की झारखंड राज्य कमेटी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मिथिलेश सिंह कम उम्र में ही ट्रेड यूनियन आंदोलन में शामिल हो गये थे। उन्होंने अविभाजित बिहार, विशेष रूप से वर्तमान उत्तरी छोटानागपुर के बड़े क्षेत्रों में कोयला श्रमिकों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के असंगठित श्रमिकों को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।

## पलामू में सांप काटने से दो भाइयों और एक महिला की मौत

डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया के रिश्तेदार थे दोनों बच्चे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चैनपुर।** पलामू जिले के दो गांवों में सांप के काटने से दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि ये बच्चे नरसिंहपुर पथरा गांव में सांप के काटने से मरे, जबकि एक अन्य घटना बंसडीहा गांव में हुई। उन्होंने बताया कि दोनों बच्चे भाजपा विधायक आलोक चौरसिया के दूर के रिश्तेदार थे। विधायक ने बताया कि गुरुवार को जब बच्चे अपने पिता के साथ सो रहे थे, तभी उन्हें सांप ने काट लिया। तीनों को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में रिम्स (रांची) भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि अर्जुन कुमार (10) और देव कुमार (12) की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गयी, जबकि उनके पिता प्रेम चौरसिया की हालत गंभीर है। बंसडीहा गांव में हुई दूसरी घटना में एक दंपति को सांप ने काट लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया दोनों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां महिला शकुंतला देवी की मौत हो गयी, जबकि पति की हालत गंभीर है।


## ‘एक देश एक चुनाव’ पर जेपीसी की बैठक

**नयी दिल्ली।** एक देश-एक चुनाव के लिए 129वें संशोधन बिल पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक संसद भवन में शुक्रवार को हुई। बैठक में पूर्व सीजेआइ डीवाइ चंद्रचूड़ और जस्टिस जगदीश सिंह खेहर ने सुझाव दिये। बैठक में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, संबित पात्रा समेत जेपीसी के अन्य सदस्य शामिल हुए। संसद में पेश हुए 129वें संविधान संशोधन बिल पर चर्चा करने और सुझाव लेने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली 39 सदस्यीय जेपीसी बनायी गयी है। इसका काम बिल पर व्यापक विचार-विमर्श करना, विभिन्न पक्षकारों और विशेषज्ञों से चर्चा करना और अपनी सिफारिशें सरकार को देना है। अब तक कमेटी की चार बैठकें हो चुकी हैं।

# नेताओं को 75 की उम्र में रिटायर हो जाना चाहिए: भागवत

आरएसएस प्रमुख ने कहा, शॉल ओढ़ाने पर समझें उम्र हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि 75 साल की उम्र के बाद नेताओं को रिटायरमेंट ले लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ायी जाती है, तो समझिए कि दूसरों का मौका देने का समय आ गया है। आपको किनारे हो जाना चाहिए। भागवत ने ये बातें राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रेरक दिवंगत मोरोपंत पिंगले पर लिखी पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहीं। भागवत इस साल सितंबर में 75 साल के हो जायेंगे। बता दें कि आरएसएस में राज्य और मंडलस्तर पर उम्र की सीमाएं लागू हैं। सर संघचालक ने संघ के वरिष्ठ प्रचारक मोरोपंत पिंगले के 75 साल पूरे होने पर उनकी कही गयी एक बात को याद करते हुए यह टिप्पणी की। बकौल भागवत, वरिष्ठ संघ प्रचारक मोरोपंत पिंगले ने एक बार कहा था कि जब 75 साल की उम्र की शॉल आपके कंधों पर डाली जाती है, तो इसका मतलब है कि आप अब एक निश्चित उम्र तक पहुंच चुके हैं और अब आपको पीछे हटकर दूसरों को काम करने देना चाहिए। उन्होंने कहा, मोरोपंत पिंगले ने यह बात तब कही थी, जब उन्हें वृंदावन में उनके 75वें जन्मदिन के मौके पर सम्मान के रूप में शॉल ओढ़ायी गयी थी। मोहन भागवत ने मोरोपंत पिंगले की सहजता की तारीफ करते हुए कहा, वह शॉल उनके सम्मान की प्रतीक थी, लेकिन उन्होंने इसके पीछे के गहरे अर्थ को समझा कि यह एक पीढ़ीगत बदलाव का इशारा था। एक बिल्कुल हल्का इशारा कि अब युवा नेताओं को आगे आने देने का वक्त आ गया है।

### आरएसएस ने बताया बयान का मतलब

इधर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सर संघचालक के बयान को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह टिप्पणी केवल वरिष्ठ संघ प्रचारक मोरोपंत पिंगले के संदर्भ में दी गयी थी। इसके अलावा इसका किसी और से कोई लेना-देना नहीं था।

Medha Milk
NATIONAL DAIRY DEVELOPMENT BOARD
श्रावणी मेला की हार्दिक शुभकामनाएं
झारखण्ड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

# झारखंड भाजपा को मिला अमित शाह का 'बूस्टर डोज'

## ■ प्रदेश के पार्टी नेताओं को दिया संगठन की मजबूती का गुरु मंत्र
## ■ आपसी समन्वय बनाकर बड़ा टास्क पूरा करने का दिया निर्देश
## ■ अगले चुनाव के लिए अभी से जमीन पर काम में जुट जाने को कहा

आजाद सिपाही विशेष

राजधानी रांची में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक में शामिल होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण और गोपनीय बैठक की। दिल्ली रवाना होने से पहले हुई इस बैठक में संगठनात्मक रणनीति, आगामी चुनावी तैयारियों और राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की गयी। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व सीएम चंपाई सोरेन मौजूद थे। बैठक पूरी तरह से गोपनीय रखी गयी, लेकिन जो जानकारी सामने आयी है, उसके अनुसार इसमें झारखंड और बिहार की राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की गयी। साथ ही बिहार विधानसभा चुनाव में झारखंड भाजपा के नेताओं की संभावित भूमिका पर भी मंथन हुआ। गृह मंत्री शाह ने नेताओं को प्रदेश में संगठन को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिये। उन्होंने नीतिगत मुद्दों पर एकजुटता बनाये रखने, केंद्र की योजनाओं की निगरानी करने और जनता से संवाद बढ़ाने पर जोर दिया। अमित शाह ने कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर पार्टी के कार्यक्रमों को सक्रिय करने और जनता की समस्याएं जानकर उनके समाधान की दिशा में काम करने को कहा। इतना ही नहीं, अमित शाह ने प्रदेश भाजपा के नेताओं से आपसी प्रतिद्वंद्विता को भुला कर संगठन के लिए काम करने और अगले चुनाव के लिए अभी से ही काम में जुट जाने को कहा। अमित शाह के इस बूस्टर डोज के बाद झारखंड भाजपा में नये उत्साह का संचार होता दिख रहा है और पार्टी का हर नेता एक्टिव हो गया है। क्या हुआ अमित शाह के दौरे में और झारखंड भाजपा के लिए यह दौरा कितना अहम रहा, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के दूसरे सबसे बड़े नेता अमित शाह के झारखंड दौरे से यहां का राजनीतिक पारा चढ़ गया है। झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रघुवर दास और चंपाई सोरेन ने होटल रेडिशन ब्लू में उनसे मुलाकात की। इस दौरान संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री वैसे तो पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता करने रांची आये थे, लेकिन करीब 22 घंटे की उनकी यात्रा के दौरान झारखंड भाजपा को नयी ऊर्जा मिली। दूसरे शब्दों में कहा जाये, तो अमित शाह ने अपने दौरे के दौरान झारखंड भाजपा को बूस्टर डोज दे दिया।

### अर्जुन मुंडा ने हवाई अड्डे पर किया स्वागत

नौ जुलाई की रात अमित शाह रांची पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम रघुवर दास और अर्जुन मुंडा ने किया। 10 जुलाई को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के बाद अमित शाह ने प्रदेश भाजपा के नेताओं को मिलने के लिए बुलाया। अमित शाह से मुलाकात करने के लिए सबसे पहले बाबूलाल मरांडी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एक ही कार से पहुंचे थे। इसके बाद रघुवर दास आये। अंत में चंपाई सोरेन पहुंचे। मुलाकात के बाद सबसे पहले बाबूलाल मरांडी और कर्मवीर सिंह बाहर निकले। उसी तरह रघुवर दास और फिर चंपाई सोरेन अपनी कार में बैठकर रवाना हो गये। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा हवाई अड्डे पर मौजूद थे।

### क्या हुआ इस मुलाकात में

अमित शाह से मुलाकात के बाद प्रदेश भाजपा के नेताओं, चाहे वह बाबूलाल मरांडी हों या रघुवर दास या फिर चंपाई सोरेन, के चेहरे पर उत्साह नजर आया। सभी की बॉडी लैंग्वेज से साफ नजर आ रहा था कि अमित शाह ने उन्हें कुछ गुरु मंत्र दिया है और विधानसभा चुनाव की करारी हार को भूल कर नये सिरे से काम करने को कहा है। अमित शाह से मुलाकात के बारे में किसी नेता ने कुछ नहीं बताया, लेकिन जानकारी है कि इन नेताओं को मिल कर काम करने का निर्देश दिया गया।

### मुलाकात के वास्तविक निहितार्थ का आकलन मुश्किल

यह बात सही है कि अमित शाह और प्रदेश भाजपा के बड़े नेताओं की मुलाकात के वास्तविक निहितार्थ का आकलन इतनी आसानी से नहीं किया जा सकता है, लेकिन टुकड़ों-टुकड़ों में जो संकेत मिले हैं, वे काफी महत्वपूर्ण हैं। आमतौर पर ऐसे मुलाकात के बाद अनुमान लगाया जाना स्वाभाविक है, लेकिन इसमें हकीकत की मात्रा बहुत अधिक नहीं होती है। अमित शाह ने जिस अंदाज में प्रदेश भाजपा के नेताओं से मुलाकात की और बातचीत की, उससे पहली नजर में तो ऐसा ही लगता है कि झारखंड को लेकर भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व बेहद गंभीर है।



### संगठन की मजबूती के लिए काम करने को कहा गया

अमित शाह ने प्रदेश भाजपा के नेताओं को संगठन की मजबूती के लिए काम करने को कहा।

प्रदेश भाजपा के नेताओं से कहा गया कि अगला चुनाव हालांकि अभी दूर है, लेकिन अभी से ही जमीन पर उतर कर काम करने की जरूरत है। अमित शाह ने झारखंड की राजनीतिक स्थिति की जानकारी ली और पार्टी की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बात की।

### मोदी सरकार के काम को घर-घर तक पहुंचाने का मिला टास्क

अमित शाह ने प्रदेश भाजपा के नेताओं से साफ कहा कि एक सोची-समझी रणनीति के तहत काम किये जाने की जरूरत है। झारखंड के आदिवासी जिस तरह भाजपा से छिटके हैं, उस पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है। ऐसे में मोदी सरकार के कामकाज को घर-घर तक पहुंचाने के लिए अभियान शुरू किया जा सकता है।

झारखंड के ग्रामीण इलाकों में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में भी काम करने का टास्क प्रदेश भाजपा के बड़े नेताओं को मिला।

### प्रदेश अध्यक्ष के मुद्दे पर भी चर्चा हुई

अमित शाह ने प्रदेश भाजपा के नेताओं से मुलाकात के दौरान प्रदेश अध्यक्ष के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की। झारखंड में अभी नेता प्रतिपक्ष के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी बाबूलाल मरांडी संभाल रहे हैं। पार्टी नये प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव करनेवाली है। इसलिए इस मुलाकात को बेहद अहम माना जा रहा है। बताया जाता है कि अमित शाह ने इस मुद्दे पर नेताओं के विचार जाने और संगठन के भीतर जल्दी ही इस पर चर्चा करने का भरोसा दिया। अमित शाह ने चंपाई सोरेन को और अधिक सक्रिय होने के लिए कहा, ताकि आदिवासी इलाकों में पार्टी को दोबारा से मजबूत किया जा सके।

### बिहार चुनाव को गंभीरता से लेने को कहा

अमित शाह ने प्रदेश भाजपा के नेताओं को झारखंड के साथ बिहार पर भी ध्यान देने को कहा। बिहार में आसन्न विधानसभा चुनाव के दौरान झारखंड के भाजपा नेताओं की क्या भूमिका हो सकती है, इस पर भी चर्चा हुई। झारखंड से सटे बिहार के इलाकों में अभी से ही काम में जुट जाने की रणनीति बनाने को कहा गया।

झारखंड भाजपा के नेताओं के अनुसार अमित शाह ने मुलाकात के दौरान पार्टी के भीतर नये उत्साह का संचार किया। यह बात उस समय सच भी लगी, जब अमित शाह के दिल्ली लौटने के अगले ही दिन से भाजपा नेताओं के तेवर बदले हुए नजर आये।

# सावन के पहले दिन बाबा धाम में भक्तों का रेला

## दूर-दूर से भक्त पहुंच रहे देवघर, प्रशासन ने व्यवस्था की चाक-चौबंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** शुक्रवार से सावन शुरू हो गया है। सावन के पहले दिन देवघर के बाबा धाम मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ पर जल अर्पण करने के लिए कतार में लगे रहे। सावन के पहले दिन दिल्ली, मुंबई, नासिक, गोवा, उत्तर प्रदेश और बिहार से भी कई श्रद्धालु देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर पहुंचे हैं।

पुजारियों के अनुसार, सबसे पहले पुजारी और पंडाओं द्वारा भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा की गयी और जलाभिषेक किया गया। इसके बाद सुबह 4:00 बजे मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये। तब से ही श्रद्धालु बैद्यनाथ धाम स्थित मनोकामना लिंग पर जलाभिषेक करने पहुंच रहे हैं। रात 8:00 बजे तक आम श्रद्धालु जलाभिषेक कर सकेंगे और उसके बाद भगवान भोलेनाथ के ज्योतिर्लिंग का श्रृंगार पूजन किया जायेगा।

बाबा मंदिर आये श्रद्धालुओं ने बताया कि पहले दिन को देखते हुए व्यवस्था अच्छी है। भीड़ के कारण थोड़ी परेशानी हो रही है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा मंदिर के आसपास की गयी पुख्ता व्यवस्था लोगों की परेशानी कम कर रही है।





### सावन में देवघर आयें और शिव-पार्वती का आशीर्वाद लें : सीएम



**देवघर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सावन के पवित्र महीना में श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह देवघर आयें और भगवान शिव का दर्शन करें। साथ ही शिव पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त करें। सीएम ने कहा है कि देवभूमि देवघर की पावन धरती पर सभी भक्तों का स्वागत है। पवित्र श्रावण माह प्रारंभ हो चुका है 11 जुलाई से 9 अगस्त तक यह महीना रहेगा। झारखंड सरकार द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। आपकी यात्रा, सुरक्षा और श्रद्धा के हर पहलू का ध्यान रखा गया है।**

श्रावणी मेला शुरू होते ही मंदिर में अर्घा प्रणाली के माध्यम से जलाभिषेक किया जा रहा है। यह व्यवस्था पहले दिन से ही शुरू कर दी गयी है। चूंकि श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए स्पर्श दर्शन संभव नहीं है, इसलिए अर्घा प्रणाली के माध्यम से जलाभिषेक किया जा रहा है।

मंदिर में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। देवघर के श्रीराम झा चौक से लेकर मंदिर परिसर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है।

मंदिर के पुजारियों और छोटे व्यापारियों ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस साल श्रद्धालुओं की भीड़ काफी ज्यादा रहने की उम्मीद है। पहले दिन शाम तक लगभग एक लाख श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुक थे।

# बाबा बासुकीनाथ धाम में उमड़ी कांवरियों की भीड़

**कतार में लगकर शिवभक्त कर रहे अपनी बारी का इंतजार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू हो गया है। शुक्रवार सुबह से ही बासुकीनाथ शिवगंगा तट पर जल चढ़ाने के लिए कांवरियों की कतार लगी रही। कांवरियों को क्यू कॉम्प्लेक्स से मंदिर में प्रवेश कराया जा रहा है। सावन का पूरा महीना बिना किसी बाधा के संपन्न हो, इसके लिए पंडा समाज ने बाबा भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। सावन माह के पहले दिन बाबा बासुकीनाथ का फौजदारी दरबार भगवाधारी कांवरिया शिवभक्तों से गुलजार हो गया है। ब्रह्म मुहूर्त में बाबा बासुकीनाथ मंदिर के पट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये। शिवगंगा तट से क्यू कॉम्प्लेक्स होते हुए पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी हुई है। शिवभक्त अपनी बारी का इंतजार करते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं। भक्तों की कतार में भक्ति का जोश जयकारों के रूप में फूट रहा है। बोल बम के महामंत्र और महादेव के जयकारे से बाबा फौजदारी की नगरी सावन माह के पहले दिन लगातार गूंज रहा था। शिवगंगा तट से लेकर संस्कार मंडप और बासुकीनाथ मंदिर परिसर के बीच श्रद्धालुओं में भगवान शिव की भक्ति का चरम देखने को मिल रहा है। इधर, आर्थिक रूप से सक्षम श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रबंधन ने 300 रुपये प्रति व्यक्ति का कूपन काटकर विशेष द्वार से सीधे गर्भगृह में पूजा-अर्चना की व्यवस्था की है। सक्षम श्रद्धालु इसका लाभ भी उठा रहे हैं। वहीं बासुकीनाथ मेला क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है। नंदी चौक बेलगुमा, दर्शनिया टिकर के पास वाहनों को रोका जा रहा है, ताकि मंदिर पथ और मेला क्षेत्र में जाम न लगे और श्रद्धालुओं को आने-जाने में सुविधा हो।



# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई को आयेंगी झारखंड

**एक अगस्त को बाबा मंदिर में करेंगी पूजा-अर्चना**

**देवघर एम्स के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई को झारखंड दौरे पर आयेंगी। राष्ट्रपति भवन से राज्य सरकार को भेजी गयी सूचना के अनुसार, वह एक अगस्त को बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी और उसके बाद देवघर एम्स के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। समारोह में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान कर जायेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर देवघर में सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। राष्ट्रपति के देवघर दौरे के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का झारखंड से विशेष जुड़ाव रहा है। वह पहले झारखंड की राज्यपाल रह चुकी हैं और उनके झारखंड दौरे को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.4 °c | 23.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.10 बजे |



# नम आंखों से वरिष्ठ नेता ददई दुबे को दी गयी श्रद्धांजलि

### कांग्रेस कोटे के मंत्रियों ने ददई दुबे के निधन को बताया अपूरणीय क्षति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मजदूर नेता और पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का निधन बीते दिन दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। शुक्रवार को ददई दुबे के पार्थिव शरीर को रांची एयरपोर्ट से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लाया गया। जहां पर पार्टी के नेता, विधायक, मंत्री और पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी। ददई दुबे के निधन पर झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक अनूप सिंह, पूर्व मंत्री और विधायक रामेश्वर उरांव ने दुःख व्यक्त किया। उन्होंने इसे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

**झारखंडवासियों ने खोया आवाज उठाने वाला नेता :** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कांग्रेस पार्टी ने समर्पित कार्यकर्ता, झारखंड ने एक सच्चा नेता और मजदूरों ने अपनी मुखर आवाज को खो दिया है। उन्होंने अपना नुकसान कर भी मजदूरों की आवाज हमेशा बुलंद की। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि ददई दुबे का निधन उनकी व्यक्तिगत क्षति भी है, उनका व्यवहार हमेशा पिता तुल्य रहा है।



### वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दी श्रद्धांजलि



वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर शुक्रवार को ददई दुबे के पार्थिव शरीर को उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। जहां उन्होंने पुष्प चक्र अर्पित किया और परिजनों से भी मुलाकात कर शोक संवेदनाएं प्रकट की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ददई दुबे ने मजदूर संगठन इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मजदूरों, वंचितों और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की लड़ाई पूरे दमखम से लड़ी थी। वे एक जुझारू, संवेदनशील और कर्मठ नेता थे, जिन्होंने हमेशा जन सरोकारों को प्राथमिकता दी।

### आज गढ़वा में राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

रांची के कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा के बाद पार्थिव शरीर उनके रांची स्थित आवास पर ले जाया गया है। कांग्रेस नेता और आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान के अनुसार यहां से शव वाहन उन्हें उनके पैतृक जिले गढ़वा के लिए रवाना हुआ। जहां शनिवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

## सीएम हेमंत सोरेन ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ददई दुबे को दी श्रद्धांजलि



रांची(आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता दिवंगत चंद्रशेखर दुबे (ददई दुबे) के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में ईश्वर से संबल प्रदान करने की कामना की।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **वृष** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **मकर** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

### झामुमो ने हिस्सेदारी को लेकर केंद्र को चार महीने का समय दिया

# परिणाम नहीं मिला तो याचना नहीं अब रण होगा : सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने राज्य के लंबित अधिकार और हिस्सेदारी को लेकर केंद्र सरकार को चार महीने का समय दिया है। पार्टी ने साफ कर दिया कि अगर इस अवधि में मांगें पूरी नहीं होती हैं तो झारखंड की जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन छेड़ा जायेगा। यह चेतावनी पार्टी के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोयला कंपनियों पर राज्य का बकाया और अन्य लंबित मुद्दों को उठाया था। केंद्र सरकार को इन पर गंभीरता से निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बार-बार इन मुद्दों को उठाया है। इस बार भी हमने जोर दिया है कि यह झारखंड के हक और अधिकार से जुड़ा मामला है। अगर अगले चार महीनों में ठोस परिणाम नहीं मिला तो याचना नहीं, अब रण होगा और संग्राम भीषण होगा।

देश को बताना चाहिए कि 17 सितंबर के बाद किसे शॉल ओढ़ाकर विदा किया जायेगा।

**भागवत और मोदी पर निशाना :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर भी तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत का 75वां जन्मदिन 11 सितंबर को और पीएम मोदी का 17 सितंबर को है। भागवत ने स्वयं 75 वर्ष की उम्र में शॉल ओढ़ाकर विदाई की परंपरा की बात कही थी। अब देश को बताना चाहिए कि 17 सितंबर के बाद किसे शॉल ओढ़ाकर विदा किया जायेगा। क्या पीएम मोदी इस परंपरा का पालन करेंगे? क्या देश सितंबर के तीसरे महीने में कुछ बड़ा बदलाव देखने जा रहा है? उन्होंने भाजपा पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाते हुए कहा कि उम्र का हवाला देकर लालकृष्ण आडवाणी जैसे वरिष्ठ नेताओं को मार्गदर्शक मंडल में भेजा गया, लेकिन 80 वर्षीय जीतन राम मांझी को केंद्रीय मंत्री बना दिया गया।



### रघुवर दास पर तंज

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के पेसा कानून को लेकर गांवों में किये जा रहे चौपाल कार्यक्रमों पर भी झामुमो प्रवक्ता ने तंज कसा। सुप्रियो ने कहा कि सवाल यह है कि कितने लोग उनकी बातें सुनने आ रहे हैं और वे कौन लोग हैं। उन्हें आदिवासी मुद्दों पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

# महिला समूहों के आर्थिक विकास के लिए बेहतर योजना तैयार करना जरूरी : शिल्पी नेहा तिर्की

### महिला समूहों के बीच ट्रैक्टर, बीज और बत्तख का चूजा वितरित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** चान्हो स्थित रघुनाथपुर आजीविका महिला संयुक्त संकुल प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की 5वीं आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं। आम सभा में बीते वर्ष की कार्य योजना का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर महिला समूहों के बीच ट्रैक्टर, बीज और बत्तख का चूजा वितरित किया गया।

आम सभा को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा, रघुनाथपुर क्लस्टर की महिलाओं पर मुझे नाज है। यहां की महिलाओं ने बहुत कुछ किया है और अभी बहुत कुछ करना बाकी है। लेकिन ये तभी संभव हो पायेगा जब जेएसएलपीएस के अधिकारी बेहतर योजना तैयार करने में सफल होंगे। बदलाव और विकास का रास्ता राज्य के ग्रामीण इलाकों से होकर ही गुजरे, इसे सुनिश्चित करना होगा।

मंत्री ने आगे कहा कि महिला समूहों को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के साथ-साथ जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जागरूकता जरूरी है। आज विभाग के द्वारा अनुदान पर महिला समूहों को ट्रैक्टर, बीज, बत्तख का चूजा दिया जा रहा है। सरकार की इन योजनाओं से भविष्य को संवारा जा सकता है। एफपीओ का गठन कर मैचिंग इंसेंटिव का लाभ महिलाएं ले सकती हैं। आज गुमला जिले की दीदियों की मेहनत से उपजाया गया मड़ुआ विदेश तक पहुंच रहा है। यह रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं की सफलता को दर्शाता है। सरकार महिला समूहों को प्रसंस्करण से संबंधित हर तरह का सहयोग करने को तैयार है, सिर्फ महिलाओं को आगे बढ़कर पहल करने की जरूरत है। महिलाएं खुद अपने रोजगार का चयन करें, वे उनके प्रतिनिधि होने के नाते हर संभव मदद करेंगी।

इस मौके पर यास्मीन खातून, मालती देवी, शिव उरांव, शाहिदा खातून, बसंती देवी, प्रमिला उरांव, खुर्शीद खातून, जया कुमारी, इस्तियाक अंसारी, अब्दुल्ला अंसारी, शाहिदा परवीन, मजीबुल्ला, आलोक मिंज, चरवा उरांव सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी मौजूद रहे।



## रामगढ़ का सोनाली आत्महत्या कांड : सीआइडी ने थाना प्रभारी और आइओ को 16 को बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रामगढ़ के सोनाली आत्महत्या कांड की सीआइडी जांच शुरू हो गयी है। डीजीपी के आदेश के बाद अपराध अनुसंधान विभाग के अपर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने 11 जुलाई को एक पत्र (213) रामगढ़ के थाना प्रभारी को भेजा है। इसमें लिखा गया है कि महानिदेशक के आदेश के आलोक में उक्त मामले में अब तक हुए अनुसंधान में प्रगति का अवलोकन किया जाना जरूरी है। इसलिए थाना प्रभारी और कांड के अनुसंधानकर्ता 16 जुलाई को पूर्वाह्न 11.30 बजे उक्त कांड से संबंधित कांड दैनिकी और अब तक हुए अनुसंधान से संबंधित संक्षेपणी के साथ अपराध अनुसंधान विभाग के अपर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में उपस्थित हों। पत्र की प्रति रामगढ़ एसपी को भी भेजी गयी है।

### क्या है पूरा मामला

बता दें कि पुलिस महानिदेशक को रामगढ़ के मरार निवासी विमल कुमार सिंह ने एक आवेदन सौंपा था, जिसमें उनकी बेटी सोनाली की आत्महत्या के मामले की सीआइडी जांच का आग्रह किया गया था। डीजीपी के आदेश पर सीआइडी के अपर पुलिस अधीक्षक को आवेदन में कही गयी बातों की जांच कर इसका प्रतिवेदन महानिदेशक को भेजने को कहा गया था।

## पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को बड़ा झटका हाइकोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर फैसला सुना दिया है। टेंडर घोटाले के जरिए करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में वह पिछले 14 महीनों से जेल में बंद हैं। हाइकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है और उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया। हाइकोर्ट के इस आदेश से पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, इडी और बचाव पक्ष की ओर से 26 जून को बहस पूरी होने के बाद हाइकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई थी। रांची पीएमएलए कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद पूर्व मंत्री ने हाइकोर्ट में जमानत की गुहार लगायी थी, लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया।

# एसीबी ने राजस्व कर्मचारी को 20 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** धनबाद एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरिडीह जिले के गावां के राजस्व कर्मचारी आलोक रंजन को 20 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया। घटना को लेकर बताया जा रहा कि आलोक रंजन गावां बाजार स्थित बेलू राम के मकान में किराये पर रह रहे थे। कर्मचारी ने सांख निवासी राजू प्रसाद यादव से जमीन के म्यूटेशन के लिए 50,000 रुपये की मांग की थी। जिसके बाद राजू ने इसकी शिकायत धनबाद एसीबी टीम से की। शिकायत मिलते ही एसीबी ने जाल बिछाया और एसीबी की टीम ने शुक्रवार को राजस्व कर्मचारी को पहली किस्त के रूप में 20,000 रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी टीम ने आरोपी से रिश्वत की रकम बरामद कर उसे अपनी हिरासत में ले लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसे आगे की कार्रवाई के लिए धनबाद भेज दिया गया है।



# भारतीय तटरक्षक बल का कॅरियर जागरूकता अभियान शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को रांची में आयोजित एक प्रेस वार्ता के माध्यम से भारतीय तटरक्षक बल (इंडियन कोस्ट गार्ड) में करियर संबंधी एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर डीआइजी केएल अरुण (प्रिंसिपल डायरेक्टर, रिक्रूटमेंट), कमांडर जेजे मैथ्यू सहित कई वरिष्ठ तटरक्षक अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवा राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें के संदेश और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में शुरू किया गया है।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की घोषणा



**रांची से होगी अभियान की शुरुआत :** यह जागरूकता अभियान 20 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस दौरान तटरक्षक बल की टीमें रांची के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों का दौरा करेंगी। वे कक्षा 9 और उससे ऊपर के छात्रों, साथ ही कॉलेज के सभी इच्छुक विद्यार्थियों से सीधा संवाद करेंगी। अभियान के अंतर्गत लगभग 30 मिनट की संवादात्मक प्रस्तुति दी जायेगी, जिसमें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भारतीय तटरक्षक बल की भूमिका, सेवाएं और भर्ती प्रक्रिया की जानकारी साझा की जायेगी। प्रेस वार्ता में बताया गया कि भारतीय तटरक्षक बल की स्थापना 1 फरवरी 1977 को हुई थी। इसे कोस्ट गार्ड एक्ट, 1978 के तहत एक सशस्त्र बल के रूप में अधिनियमित किया गया है और यह रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है।

### बल की प्रमुख जिम्मेदारियों में

- समुद्री सुरक्षा,
- तटीय निगरानी,
- समुद्री कानूनों का पालन,
- पर्यावरण संरक्षण
- खोज और बचाव कार्य शामिल हैं।


# चाइबासा में नक्सली बंकर से विस्फोटक और हथियार बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना अंतर्गत जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा चलाये जा रहे संयुक्त सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों के बंकरों से भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामग्री बरामद की गयी है। यह अभियान प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के खिलाफ चलाया जा रहा है। **सर्च अभियान के दौरान बरामद सामग्री :** इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, वॉकी-टॉकी सेट, सेफ्टी फ्यूज, एरो बम असेंबली, इलेक्ट्रिक वायर, सिरिंज मैकेनिज्म, काला और हरा यूनिफॉर्म, ऐम्युनिशन पाउच, अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री।गंभीर सुरक्षा खतरे को देखते हुए बरामद की गयी दो आइइडी को बम निरोधक दस्ते की मदद से मौके पर ही सुरक्षित रूप से निष्प्रभावी किया गया।



## बासुकीनाथ धाम के लिए रवाना हुए श्रद्धालु



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय से दर्जनों के संख्या में कांवरिया का जत्था जयनगर दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर, देवी मंदिर, हनुमान मंदिर और रथाही माता के मंदिर में पूजा अर्चना कर बोल-बम का नारा है बाबा एक सहारा है, जय माता दी, हर हर महादेव, बाबा नगरीया दूर है जाना जरूर है आदि नारों के साथ सुल्तानगंज, देवघर, बासुकीनाथ धाम के लिए रवाना हो गये। यात्रा पर जाने वालों में बसंत साव, मंजू साव, विजय सोनी, चंदन सोनी, बबीता देवी, मिक्की देवी, कांति देवी, मनीष सोनी, अभिषेक कुमार, पवन सोनी, ममता सिंह, गीता देवी, मुन्नी देवी और दर्जनों लोग शामिल थे।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक आयोजित



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के एक्सलेंट पब्लिक स्कूल पावरहाउस डंडाडीह में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड की बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महादेव शर्मा और संचालन सतीश पांडेय ने किया। मुख्य रूप से विहिप जिला मंत्री पंकज दुबे ने बताया कि दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग 12-13 जुलाई को एक्सलेंट पब्लिक स्कूल पावरहाउस जयनगर में किया जायेगा। दो दिवसीय विहिप अभ्यास वर्ग को लेकर कार्यक्रम का समीक्षा किया गया। कार्यक्रम को लेकर जिला मंत्री ने प्रखंड के पदाधिकारियों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का आग्रह किया। जिसमें जिला और मुख्य रूप से जयनगर प्रखंड और पंचायत के कार्यकर्ता प्रशिक्षण में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण सात सत्रों में आयोजित की जायेगी। प्रशिक्षण के निमित्त प्रांत, विभाग एवं पूर्णकालिक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। अंतिम सत्र में संगठन से सम्बधित बौधिक होगा। मौके पर विहिप जिला कार्यसमिति सदस्य महेश पांडेय, सुरेन्द्र प्रसाद मोदी, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख विनोद कुमार बर्णवाल, उपाध्यक्ष सदानंद सिंह, बजरंग दल प्रखंड संयोजक अजय यादव, सत्संग प्रमुख दिगंबर पांडेय, जिला कार्यवाह मुकेश राणा, खंड कार्यवाह सुनील कुमार यादव, डंडाडीह पंचायत अध्यक्ष डॉ शंकर दयाल पांडेय, सकलदेव राम, कैलाश लाल बर्णवाल, महेंद्र यादव, सुनील सिंह, अर्जुन चौधरी, रंजीत सिंह, राजु प्रसाद, हिरामन मिस्त्री, सुरेन्द्र शर्मा, प्रकाश ठाकुर, मनीष कुमार पांडेय, पप्पू पांडेय, अनिता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## विशेष राजस्व कैंप का आयोजन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के सभी अंचल मुख्यालयों में तीन दिवसीय विशेष राजस्व कैंप का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर यह कैंप 19, 21 और 22 जुलाई को लगेगा। इसका उद्देश्य दाखिल खारिज, राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार विभाग से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करना है। कैंप में विशेष रूप से 30 दिनों से अधिक समय से लंबित आपत्तिपूर्ण और आपत्तिरहित दाखिल खारिज के मामलों का निपटारा किया जायेगा। सभी अंचल अधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया गया है। राजस्व कैंप के अंतिम दिन जनप्रतिनिधियों के माध्यम से रैयतों को शुद्धिपत्र वितरित किये जायेंगे। कैंप के सफल संचालन के लिए प्रत्येक प्रखंड में वरीय पदाधिकारियों को पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी दी गयी है। प्रखंड वार पर्यवेक्षण पदाधिकारी इस प्रकार रहेंगे- कोडरमा- अपर समाहर्ता, डोमचांच- एसडीओ, मरकच्चो- जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सतगावां- उप निर्वाचन पदाधिकारी, चंदवारा- एलआरडीसी, जयनगर- डीटीओ।

## परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रेणु देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से उपप्रमुख सुरजी देवी, चिकित्सा पदाधिकारी रत्ना रानी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी, स्वास्थ्य मंत्री सह पंसस युसुफ अंसारी मौजूद थे। मौके पर प्रमुख रेणु देवी ने उपस्थित सहिया और सेविकाओं को डोर टू डोर जाकर जनसंख्या दिवस पर चलाये जा रहे कार्यक्रम के विषय में जागरूक करने का दिशा निर्देश दिया। साथ ही बढ़ रही जनसंख्या के कारण होने वाले समस्याओं से लोगों को अवगत कराया। साथ ही हम दो हमारे दो के नारों को अपनाने की अपील की। चिकित्सा प्रभारी रत्ना रानी ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा कई तरह के कार्यक्रम और सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम में प्रधान लिपिक सोनी दास, बीपीएम रंजीत कुमार, भावेश सिंह पंकज कुमार, सुधीर कुमार, ज्ञानी प्रसाद समेत आदि स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में चमक बिखेरने हजारीबाग से 14 तैराक रवाना



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। 15वीं राज्य स्तरीय जूनियर-सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हजारीबाग जिले के 14 चयनित तैराकों की टीम आज जमशेदपुर रवाना हुई। यह प्रतियोगिता 12-13 जुलाई को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जमशेदपुर में आयोजित होगी। टीम में 12 बालक और 2 बालिकाएं शामिल हैं, जो विभिन्न आयु वर्गों में प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। टीम का नेतृत्व टीम मैनेजर गौरव कुमार और महिला कोच आरुणि राणा कर रही हैं। हजारीबाग तैराकी संघ के संरक्षक सांसद मनीष जायसवाल, अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, सचिव प्रहलाद सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों व खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की। संघ के सचिव प्रहलाद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अवसर हजारीबाग के उभरते तैराकों के लिए एक बड़ी उपलब्धि साबित हो सकता है। खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# विद्यालय परिसर में भरा बारिश का पानी, बच्चों को हो रही परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

इचाक। प्रखंड मुख्यालय से लगभग 6 किमी दूर इचाक बरकट्ठा पथ पर स्थित प्राथमिक विद्यालय मोकतमा का हाल इन दिनों खस्ता है। विद्यालय में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बारिश का पानी जमा हो गया है। जिससे विद्यालय परिसर पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। इससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों और शिक्षकों को काफी परेशानी हो रही है। विद्यालय आने जाने वाले बच्चों को पानी से होकर गुजरना पड़ता है तो बच्चे मध्याह्न भोजन भी पानी में खड़े होकर किसी प्रकार खा पाते हैं। परिसर में पानी जमा रहने से बच्चे खेल नहीं पाते और न ही बच्चे किड्स



एक्सरसाइज टूल्स का उपयोग कर पाते हैं। विद्यालय परिसर अपेक्षाकृत अधिक ढाल में होने के कारण सड़क पर बहने वाला बारिश का पानी सीधे विद्यालय परिसर में घुस जाता है और पानी का निकास नहीं होने के कारण पानी कई दिनों तक विद्यालय परिसर में ही जमा रहता है। पानी के एक जगह पर जमा रहने से प्रदूषण, मच्छड़ और बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। हैरानी की बात है कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे हर साल बारिश में विद्यालय में हुए जलजमाव का सामना करते हैं लेकिन विद्यालय प्रबंधन द्वारा आजतक परिसर को ऊंचा करने अथवा जमा पानी के निकास की कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ऐनुल अंसारी से जानकारी लेने पर बताया कि स्कूल प्रांगण नीचा होने के कारण रोड और आसपास का पानी विद्यालय प्रांगण में घुस जाता है। पानी निकासी का व्यवस्था नहीं है। अगल बगल में दीवाल है जिस कारण भी पानी नहीं निकल पा रहा। विद्यालय विकास का पैसा आने पर इसे ऊंचा करवाया जायेगा ताकि पानी नहीं घुसे।

# नौकरी और मुआवजे की मांग को लेकर दो घंटे तक सड़क जाम

**सीओ, बीडीओ और थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद जाम को हटाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

दारू/ हजारीबाग। 10 जुलाई को झुमरा- मेढकुरी रोड में सड़क हादसा हो गया था। हादसा में एक बोलेरो ने तीन लोगों को अपने चपेट में लिया था। जिसमें दो की मौत घटना स्थल और एक की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गयी थी। मृतकों में बासुदेव यादव (अमली), रामसेवक मेहता (घाघरा) और बंशी महतो (घाघरा) के शामिल थे। तीनों दारू प्रखंड के मेढकुरी पंचायत के रहने थे। गुस्साए लोगों ने शुक्रवार को दो शवों को सड़क में रखकर करीब शाम चार बजे एनएच 522



झुमरा डिपो चौक के पास सड़क जाम कर दिया। जाम कर रहे लोगों ने मृतकों के परिजन के लिए नौकरी, बोलेरो चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग कर रहे थे। जाम लगभग दो घंटा रहा। सड़क जाम से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोनों ओर गाड़ियों की लम्बी कतार लग गयी। जाम की सूचना मिलते ही सीओ रामबालक कुमार, बीडीओ हारून रसीद थाना प्रभारी सफीक खान जाम स्थल पर पहुंचे। लोगों से जाम हटाने की अपील करते रहे परंतु जाम कर लोगों ने उनकी एक बात नहीं सुनी। थोड़े देर के बाद सीओ, बीडीओ और थाना प्रभारी के लिखित आश्वासन के बाद जाम हटाया गया। आश्वासन में चार घंटा के अंदर बोलेरो मालिक और चालक की गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को चार लाख का मुआवजा और बोलेरो मालिक के साथ थाना में बैठक कर समझौता करने का आश्वासन दिया गया। समझौता में 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, कैलाश पति देव, मुखिया भोला तुरी सहित कई लोग शामिल थे।

# एनटीपीसी केरेडारी ने मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

केरेडारी (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना सतत विकास की दिशा में अग्रसर है, वहीं एक और परिवर्तनकारी पहल आकार ले रही है। यह पहल परियोजना प्रमुख के. चंद्रशेखर की दूरदृष्टि, करुणा और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतिफल है जिसकी शुरुआत 10 जुलाई 2025 को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर की गयी। उज्ज्वल भविष्य केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि यह बच्चों के उज्ज्वल कल का संकल्प है जो न केवल शैक्षणिक प्रगति बल्कि उनके बौद्धिक, भावनात्मक, शारीरिक और सामाजिक विकास को भी समर्पित है। इस पहल के अंतर्गत करियर काउंसलिंग, नैतिक



शिक्षा, मेंटरशिप, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के साथ-साथ डिजिटल लर्निंग और विज्ञान प्रयोग जैसे सत्रों का आयोजन जायेगा। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में जिज्ञासा, आत्मविश्वास और एक सकारात्मक सोच का विकास होता है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बसरिया में कक्षा दसवीं के उन विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया जिन्होंने सत्र 2024-25 में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः पांच हजार, चार हजार और तीन हजार रुपये की राशि प्रदान की गयी, जबकि शेष 37 विद्यार्थियों को दो हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। कुल मिलाकर 40 विद्यार्थियों को 86 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी जो न केवल उनके परिश्रम का सम्मान है, बल्कि अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा है।

## 10 से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान होगा संचालित

हजारीबाग(आजाद सिपाही)। जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए आगामी 10 अगस्त से 25 अगस्त तक एमडीए आईडीए अभियान संचालित किया जायेगा। इस अभियान के माध्यम से जन-जन को फाइलेरिया की रोकथाम के लिए दवा सेवन कराना अनिवार्य है। यह जानकारी सिविल सर्जन-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग द्वारा दी गयी। अभियान के सफल संचालन के लिए राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है। जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर सघन प्रचार-प्रसार, जनजागरूकता और सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। इस अभियान के तहत दवाएं अभियान के पहले दिन निर्धारित बूथों यथा आंगनबाड़ी केंद्रों, वार्ड कार्यालयों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय, महाविद्यालय तथा तकनीकी संस्थानों में दवा खिलाई जायेगी। छूटे हुए लोगों को शेष दिनों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मुफ्त उपलब्ध कराई जायेगी।

## मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए भटक रहे हैं अभिषेक के परिजन

# बीडीओ पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप



आजाद सिपाही संवाददाता

टाटीझरिया। 30 मई को टाटीझरिया थानांतर्गत रोल पत्थर के समीप (एन एच 522 पर) अभिषेक मुर्मू, पिता धनकु मांझी की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गयी थी। उस दिन सड़क जाम कर रहे लोगों को सीओ नीलू टुडू ने उन्हें सरकारी प्रावधान अंतर्गत लाभ दिलवाने की आश्वासन देकर जाम हटवाया था। आज 42 दिन बीत गये पर अब तक इसके परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिल सका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए इन्हें दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही है। इनके परिजनों को बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज द्वारा अपने कार्यालय से दुत्कार कर भगा दिया जा रहा है। इन्हें कभी डूमर तो कभी विष्णुगढ़ जाने को कहकर टाल दिया जा रहा है। जबकि दुर्घटना स्थल टाटीझरिया थाना और प्रखंड कार्यालय क्षेत्र में पड़ता है।

**क्या कहती है बीडीओ**

पूछे जाने पर बीडीओ ने कहा कि मैंने किसी को नहीं भगाया है। किसी भगाया है, उसे साथ में लेकर आइये तो। उन्होंने कहा कि इसके प्रमाण पत्र कहां से और कैसे बनेगा वो मैं आपको क्यों बताऊं?

**दुर्व्यवहार करना बीडीओ की आदत में है सुमार:** बीडीओ द्वारा किया गया दुर्व्यवहार, यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि इसके पूर्व भी उन्होंने खंभवा - बांडी निवासी श्रीकांत कुमार और उसकी पत्नी के साथ भी कुछ दिन पूर्व ऐसा ही दुर्व्यवहार किया गया था। इसके मंईयां सम्मान योजना के फार्म को लेकर उस पर हरा स्याही से क्रॉस लगा दिया गया था। इसका प्रमुख कारण लड़के द्वारा सूचना अधिकार का प्रयोग किया जाना था।

### क्या कहते हैं मृतक के स्वजन

अनुसूचित जन जातीय वर्ग के लोग ऐसे भी सरल और सौम्य स्वभाव के होते हैं। मृतक के पिता धनकु मांझी मृतक का भाई अविनाश मुर्मू, सचिन मुर्मू, सुजीत मुर्मू, दिलीप मुर्मू, फूलमती देवी, कुंती देवी, महेंद्र मुर्मू ने बताया कि हमलोग पिछले एक माह से मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए दौड़ लगा रहें हैं। वे आंगनबाड़ी सेविका बनहें, डूमर मुखिया ममता देवी और प्रप्त्र में मांगे गये विभिन्न बिंदुओं के आधार पर फार्म भरकर पंचायत सेवक मोइनुद्दीन चिश्ती के पास गया। उन्होंने कहा कि आपलोग बीडीओ मैम से जाकर मिल लीजिए। वहां जाने के बाद बीडीओ ने हमलोगों को कहा कि विष्णुगढ़ प्रखंड और थाना क्षेत्र आपलोगों का घर है, वहां चले जाओ, वहीं से बनेगा। मृतक का भाई अविनाश मुर्मू ने कहा कि बीडीओ कभी स्वास्थ्य सहिया से हस्ताक्षर करवाने कहती हैं तो कभी विष्णुगढ़ जाने को कहती है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ज्यादा बोलोगे तब भागो यहां से। विवश होकर मृतक के परिजन पत्रकारों को अपनी समस्या के बारे में बताया। इन्होंने बताया कि वे फिर से सड़क जाम करेंगे और जब तक डीसी नहीं आयेंगे तब तक वे सड़क पर बैठे रहेंगे।

## चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के निधन पर शोक



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के आकस्मिक निधन पर विष्णुगढ़ कांग्रेस कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने किया। इस अवसर पर उनके निधन पर एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने कहा कि ददई दुबे के निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई जो निकट भविष्य में पूरा नहीं किया जा सकता है। 6 बार विधायक रहे एक बार सांसद रहे और पूर्व मंत्री रहकर गरीबों, मजदूरों की सेवा करते हुए उन्होंने इंटक यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। इस अवसर पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्र, बिशेश्वर स्वर्णकार, जगदीश वर्मन, रामजन्म राय, बटेश्वर मिश्र, गणपति स्वर्णकार, कमल राम, शिव प्रसाद लहकार, अब्दुल गफ्फार अंसारी आदि उपस्थित थे।

## घुघुलिया कब्रिस्तान के पास मिला महिला का शव

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत घुघुलिया कब्रिस्तान के पास से एक महिला का शव मिलने की सूचना टाटीझरिया थाना को दिया गया। सूचना पाकर एसआइ पवन कुमार दल बल के साथ पहुंचे उसकी पहचान अमना खातून (50 वर्ष) पति मो. कुसुद अंसारी घुघुलिया निवासी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला बुधवार को घर से निकली थी। महिला के पति ने गुरूवार को टाटीझरिया थाने में महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया था। इसके बाद टाटीझरिया थाना के एसआई पवन कुमार जांच में जुट गये थे। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के महज एक घंटे में पुलिस को महिला का शव घुघुलिया कब्रिस्तान के पास होने की सूचना मिली। टाटीझरिया पुलिस स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है।

## 50 वर्षीय मजदूर ने किया विषपान, रेफर



बरही (आजाद सिपाही)। बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोत स्थित एक कृषि फार्म में कार्यरत एक मजदूर ने कथित रूप से विषपान कर लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गयी। 50 वर्षीय मजदूर मदन साव (पिता - समर्स साव) जो इचाक प्रखंड के देवकली गांव निवासी है। पिछले कई माह से बरसोत में स्थित कृषि फार्म में कार्य कर रहे हैं। बताया गया कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गयी, जिसके बाद साथ काम कर रहे एक कर्मी ने ग्रामीणों की मदद से उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। विषपान के कारणों की पुष्टि नहीं हो पायी है, हालांकि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मजदूर पारिवारिक विवाद व मानसिक तनाव से परेशान चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जमीन विवाद में बुजुर्ग से मारपीट, महिला को जेसीबी से उठाने की कोशिश

बरही (आजाद सिपाही)। बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत रालो गांव में शुक्रवार को जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में 80 वर्षीय बुजुर्ग भातु महतो (पिता झरी महतो) गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल भातु महतो ने बरही थाना में आवेदन देकर अपने ही गोतिया परिवार के तीन लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। दिये गये आवेदन के अनुसार, खतियानी जमीन पर जबरन कब्जा करने की नीयत से आरोपी पक्ष जेसीबी मशीन से खुदाई करवा रहा था। विरोध करने पर बुजुर्ग के साथ मारपीट की गई। घटना के दौरान शोर सुनकर उनका पुत्र विजय कुमार यादव और पत्नी मौके पर पहुंचे, तो उनके साथ भी गाली गलौज और मारपीट की गयी। दिये गये आवेदन में बुजुर्ग ने यह भी आरोप लगाया है कि जेसीबी चालक द्वारा उनकी पत्नी को मशीन के बकेट में डालकर गांव से बाहर ले जाने की भी कोशिश की गयी। वहीं, आरोपी पक्ष ने लगाये गये सभी आरोपों को निराधार बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अचार संहिता उल्लंघन और पारा शिक्षक आंदोलन मामले में गौतम कुमार बरी



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष सह युवा नेता गौतम कुमार सदर थाना में दर्ज दो मामले में बरी हो गये। 2018 में पारा शिक्षकों के मुद्दों पर स्थायी करने को लेकर हजारीबाग समाहरनालय के समक्ष आत्मदाह के प्रयास में उन्हें गिरफ्तार किया गया था। वहीं लोकसभा चुनाव 2019 में सदर थाना में ही कांड संख्या 126/ 19 आईपीसी धारा 188,143 व रेप्रजेन्टेशन ऑफ पीपल एक्ट 126(2) में एसिजिएम कुमारी निकिता ने बरी किया। अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने बताया की दोनों केस में गौतम कुमार को साक्ष्य के आभाव में बरी किया गया। वही युवा नेता गौतम कुमार ने कहा की क्षेत्र की मुद्दों पर मेरा आंदोलन जारी रहेगा। दर्जनों केस होने के बावजूद भी मेरा आंदोलन की धार में कमी नहीं आयी। बरी होने के दौरान अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद, सुप्रिया राणा, संगठन के जिला अध्यक्ष रुपेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष कमल कुमार दास मौजूद थे।

## शिक्षक फूलचंद गिरी को दी गयी विदाई



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। सीकरी निवासी रिसोर्स शिक्षक फूलचंद गिरी को सेवानिवृत होने के बाद हजारीबाग में आयोजित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण के पश्चात विदाई दिया गया। इसकी अध्यक्षता समावेशी शिक्षा के अध्यक्ष अरुण कुमार और संचालन मास्टर ट्रेनर थॉमस पासवान ने की। मुख्य अतिथि राज्य स्तरीय समावेशी शिक्षा के रिसोर्स शिक्षक संघ के अध्यक्ष गिरधारी महतो शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए समावेशी शिक्षा के अध्यक्ष अरुण कुमार द्वारा बताया गया कि श्री गिरी केरेडारी प्रखंड में अप्रैल 2014 से फरवरी 2025 तक रिसोर्स शिक्षक के रूप में अपना सराहनीय योगदान दिया। सुदूरवर्ती क्षेत्र के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को स्कूल से जोड़ने का काम किया। इनके कार्यकाल को भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर रिसोर्स शिक्षक मदन महतो, राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, दीपक भारती, मनीष मिश्रा, चंचल कुमार, दशरथ राणा, निशा कुमारी, मनीषा कुमारी, कविता कुमारी, रेणु रागनी, रानी सुमन, बीआरपी महावीर महतो, सत्यजीत सिंह और सभी रिसोर्स शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## पेज 01 का शेष

## कैबिनेट के अन्य फैसले

- शिव कुमार प्रसाद, स्वैच्छिक सेवानिवृत्त पुलिस अवर निरीक्षक के चिकित्सा में हुए व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु कुल राशि 10.20 लाख के भुगतान की स्वीकृति पर घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों के आलोक में वर्त्तमान आवश्यकतानुसार पदों का प्रत्यर्पण एवं स्वीकृति दी गयी।
- भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलछाजन विकास अवयव परियोजनाओं में रीढ़विहीन कैक्टस रोपण अंतर्गत तकनीकी सहयोग प्रदान करने हेतु चार संस्था के मध्य गैर-वित्तीय एमओयू करने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा उमेश पासवान बनाम झारखंड राज्य और अन्य एवं राम बिनय शर्मा बनाम झारखंड राज्य और अन्य में पारित न्यायादेश के अनुपालन में याचिकाकर्ताओं की सेवा की 16.01.1994 से नियमितीकरण की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड उत्पाद (झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली, 2022 के तहत राजस्वहित में अल्पकालीन वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत नयी खुदरा उत्पाद नीति के तहत खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन प्रारंभ होने तक श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा निर्धारित दर के आलोक में दैनिक पारिश्रमिक पर मानव बल की सेवा प्राप्त कर झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों के संचालन हेतु निर्गत संकल्प संख्या 1138 दिनांक 05.07.2025 पर घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड राज्य के जिला न्यायालयों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और दृश्य-श्रव्य इलेक्ट्रॉनिक उपाय के लिए नियम 2025 के गठन के निमित्त इस पर राज्यपाल का अनुमोदन प्राप्त करने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड उच्च न्यायालय में दायर वाद (विश्वनाथ उरांव और अन्य बनाम झारखंड राज्य और अन्य) में न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में वादीगणों/ वर्ष 2017 में नियुक्त/ कार्यरत खान निरीक्षकों को देय तिथि से सेवा संपुष्टि एवं वेतनवृद्धि अनुमान्य किये जाने हेतु एकबारीय व्यवस्था के तहत सेवा नियमावली में प्रावधानित विभागीय परीक्षा में उत्तीर्णता के आवश्यक शर्त/ अर्हता में छूट प्रदान करने के निमित्त अधिसूचित झारखण्ड अवर खनन अभियंत्रण सेवा नियमावली के संबंधित प्रावधान को, पूर्वोद्धारण नहीं समझे जाने की शर्त के साथ, क्षांत/शिथिल करने की स्वीकृति दी गयी।
- दिनेश कुमार मिश्र, तत्कालीन जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, हजारीबाग संप्रति- जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, लातेहार की चिकित्सा हेतु एयर एंबुलेंस से रांची से दिल्ली ले जाने में हुए व्यय (5.75 लाख रुपये) के प्रतिपूर्ति की स्वीकृति दी गयी।
- संस्था निबंधन अधिनियम, 1860 की धारा 24 के अंतर्गत संस्था निबंधन नियमावली के गठन की स्वीकृति दी गयी।
- माधुरी खलखो को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति अंतर्गत वर्णित छात्रवृत्ति की अवधि व पाठ्यक्रम संबंधी पात्रता को विशेष परिस्थिति में क्षांत/शिथिल करने की स्वीकृति दी गयी।
- स्व जगरनाथ महतो, तत्कालीन मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड सरकार के फेफड़ा प्रत्यारोपण के उपरांत एमजीएम अस्पताल चेन्नई में करायी गयी अनुगामी चिकित्सा में वास्तविक व्यय राशि 44.83 लाख की प्रतिपूर्ति/भुगतान की स्वीकृति दी गयी।
- साहेबगंज अंतर्गत करमाटांड़ (मोहनपुर-करमाटांड़ पथ पर) से जुराल (राउप-18 पर) पथ (कुल लं-12.706 किमी) को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य (भू-अर्जन, युटिलिटी शिफ्टिंग एवं पौधरोपण सहित) हेतु 121.74 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।

## मजदूर नेता मिथिलेश सिंह के निधन पर राजपूताना परिवार ने किया शोक व्यक्त

**गिद्दी (आजाद सिपाही)।** राजपूताना परिवार गिद्दी जोन ने लोकप्रिय चर्चित मजदूर नेता मिथिलेश सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। उनके निधन पर एक मिनट का मौन रखा गया। राजपूताना परिवार के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कहा कि उनके निधन से समाज को अपूणीय क्षति पहुंचा है।

### फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन टीमों ने किया जोरदार प्रदर्शन

# खेल को खेल भावना से खेलते हुए बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करें: डॉ आशा

> खेल जीवन में आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का निर्माण करता है: बीएन शाह




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसइ क्लस्टर-3 फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन राधा गोविंद विश्वविद्यालय और छावनी परिषद फुटबॉल ग्राउंड में खेला गया। जिसमें लगातार दूसरे दिन भारी बारिश के बावजूद भी सभी टीमों का जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। कुल 13 टीमों द्वारा मैच खेला गया। अंडर -19 में 5 मैच, अंडर-17 में 6 मैच और अंडर -14 में 2 मैच खेला गया। इस मैच में अंडर -19 से विद्या भारती चिन्मया स्कूल, सेंट जॉन स्कूल रांची, डीबीएमएस हाई स्कूल कदमा, ट्रिनिटी ग्लोबल स्कूल पटना, अंडर- 17 में विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल, काशीडीह हाई स्कूल, द त्रिभुवन स्कूल, रॉयल प्रोग्रेसिव स्कूल विजेता रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों का जोरदार स्वागत

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार की वर्तमान सदस्य डॉ आशा लकड़ा, बृजकिशोर पासवान, पीके दास, कुशेश्वर, सिद्धार्थ शंकर चौधरी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत कुलाधिपति बीएन साह ने पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर किया।

**खेल को खेल भावना से खेलने की जरूरत :** डॉ आशा लकड़ा ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते कहा कि खेल को खेल भावना से खेलते हुए बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करें, यही हमारी शुभकामना है। विजेता टीम के छात्र दिलीप कुमार ने मैच जीतने पर काफी गर्व महसूस किया और उन्होंने कहा कि राधा गोविंद विश्वविद्यालय की विधिव्यस्था बहुत ही अच्छी है और इतने भारी बारिश के बावजूद भी मैच जीतकर हमें बहुत खुशी हुई।

**खेल जीवन में आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का निर्माण करता है:** कुलाधिपति बीएन साह ने अपने संबोधन में कहा खेल हमारे जीवन में सहभागिता, आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का निर्माण करता है। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न और आवश्यक हिस्सा है। मौके पर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, डॉ संजय सिंह,सभी विभागों के व्याख्यातगण, शिक्षक और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### इनरह्वील क्लब का 38वां पदस्थापना समारोह संपन्न

# नमिता अध्यक्ष और जेनेशा बनी सचिव





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** इनरह्वील क्लब के 38 वें पदस्थापना समारोह को लेकर शुक्रवार की देर शाम शहर के थाना चौक स्थित होटल स्पाइस गार्डेन के सभागार में समारोह का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन चाईल्ड वर्ल्ड स्कूल की संस्थापक गीतांजलि जाजू और क्लब के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत क्लब के पदाधिकारियों ने बुके देकर किया। समारोह को संबोधित करते हुए गीतांजलि जाजू ने कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में इनरह्वील क्लब के सदस्यों ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने क्लब के प्रेरणादायक कार्यों का उल्लेख करते हुए इनरह्वील के सदस्यों से बढ़-चढ़ कर समाजसेवा का कार्य करने व सहभागिता निभाने को कहा।

**सत्र 2024-25 के अध्यक्ष ने उपलब्धियों को रखा:** समारोह के दौरान सत्र 2024-25 के अध्यक्ष पिंकी पोद्दार ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को रखा। साथ ही क्लब के प्रति बेहतर कार्य करने वाले कई सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया।

**नमिता श्राफ अध्यक्ष व जेनेशा वडेरा बनी सचिव:** सत्र 2025-26 के अध्यक्ष नमिता श्राफ और सचिव जेनेशा वडेरा को विधिवत प्रभार सौंपा। प्रभार ग्रहण करने के बाद नये अध्यक्ष नमिता श्राफ ने क्लब के सदस्यों के प्रति अभार जताया। साथ ही समाजसेवा के कार्यों व क्लब द्वारा किये जा रहे कार्यों में सहभागिता निभाने की अपील की। समारोह का संचालन जसविंदर होरा और धन्यवाद ज्ञापन रेणु मेवाड़ ने किया।

मौके पर क्लब के उपाध्यक्ष रेणु मेवाड़, कोषाध्यक्ष मेघा बगड़िया, निधि चौधरी, नीरू साहनी, श्रमिष्ठा दत्ता, अनुराधा श्राफ, मधु बरेलिया, जसमीत सोनी, दीपा वडेरा, मधु अग्रवाल, रंजु आरोड़ा, प्रियंका जैन, नीतू अग्रवाल, ममता बसंत, विनीता अग्रवाल, पिंकी बंसल, नम्रता जैन, पिंकी गांधी, विजयलक्ष्मी अयंगर सहित इनरह्वील के कई सदस्य उपस्थित थे।

## भारतमाला परियोजना की ब्लास्टिंग से घर क्षतिग्रस्त



**गोला (आजाद सिपाही)।** भारत माला परियोजना के तहत बनने वाले सड़क निर्माण में काफी नुकसान हो रहा है। कर्मियों ने लापरवाही करते हुए सड़क निर्माण के लिए बड़ा ब्लास्टिंग किया। इस बड़ा ब्लास्टिंग से सोसो खुर्द गांव निवासी नेवालाल महतो पिता चकरू महतो का पक्का घर क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया कि लगभग पांच सौ मीटर की दूसरी पर भारतमाला परियोजना के अंतर्गत सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमें कई दिनों से सड़क निर्माण के कर्मचारियों द्वारा पत्थर को हटाने के लिए ब्लास्टिंग किया गया। जिसके कारण दिवारों और छत पर दरार पड़ गया है। यह घर कभी भी गिर सकता है। बताया गया कि भारतमाला परियोजना कर्मियों ने सुरक्षा मानको का अनदेखी कर पत्थर तोड़ने के लिए बड़ा ब्लास्टिंग कर दिया। इतना ही नहीं घर क्षतिग्रस्त होने के बाद भी ब्लास्टिंग का कार्य जारी रहा। बताया गया कि सोसो खुर्द के खाता नंबर 13, प्लॉट 109 की भूमि पर पक्का मकान है। जिसपर नेवालाल महतो पक्का मकान बना कर रह रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर मुआवजा की मांग की है।

## डीसी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण



**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान अंचल कार्यालय के माध्यम से आम जनों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रखंड सह अंचल कार्यालय अंतर्गत विभिन्न विभागों के कार्यालयों का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों और कर्मियों को दिये। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विभिन्न कारणों से अपनी समस्याओं को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे आम जनों की समस्याओं को भी सुना और उनके निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुधा वर्मा, अंचल अधिकारी समरेश कुमार भंडारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## भारी बारिश से घर गिरा, परिजन हुए बेघर



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रहे बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त है। वारिश के कारण धमना टांड गांव निवासी बिलखी देवी पति मनोज करमाली का घर गिर गया। घर गिरने से परिजन बेघर हो गये है। अन्य किसी के घर में रहने को विवश है। बताया गया कि बिलखी देवी किसी तरह से मजदूरी कर अपना भरण पोषण करती है। घर गिरने से उसके समक्ष घोर समस्या उत्पन्न हो गयी है। इस संबंध में उन्होंने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर क्षतिपूर्ति की मांग की है।

## उपायुक्त ने सुनी लोगों समस्याएं



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आमजनों ने व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किये, जिन्हें उपायुक्त ने गंभीरता पूर्वक सुना और आवश्यक निर्देश दिये। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद और अतिक्रमण से जुड़े आवेदन, राशन और राशन कार्ड से संबंधित समस्याएं, दिव्यांगजनों के लिए ट्राई-साइकिल की मांग, स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता और शिकायतें, शिक्षा विभाग से जुड़ी समस्याएं, प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित मामले, वृद्धा पेंशन से संबंधित अनुरोध, आपूर्ति विभाग से संबंधित शिकायतें समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने सभी आवेदनों का विस्तृत अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं का नियम संगत, पारदर्शी और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो मामले ऑन द स्पॉट निपटाया नहीं गया हैं, उनकी विभागवार सूची बनाकर समयबद्ध कार्रवाई की जाये, ताकि आमजनों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। जनता दरबार के माध्यम से हमारा प्रयास है कि आमजन की समस्याएं सीधे जिला प्रशासन के समक्ष आएं और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित हो। सभी विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और हर समस्या का समाधान समयबद्ध ढंग से करें। ज्ञात हो कि हर मंगलवार एवं शुक्रवार, पूर्वाह्न 11:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक समाहरणालय परिसर में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याएं सुनी जाती हैं और उनका समाधान किया जाता है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**सं. पूमरे-मुप्रअ-नि-उ-ईपीसी-09-25-26**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र० सं० 1, विवरण , कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के सीतामढ़ी-शिवहर नए बीजी रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत, सीतामढ़ी (excluding) से रेवासी (including) तक (अर्थात ch. 0.700 से 12.400) (कुल लंबाई =11.70 किमी) 25 टन भारतीय रेलवे मानक लोडिंग के अनुरूप मिट्टी कार्य, ब्लैंकटिंग कार्य, छोटे पुल, बड़े पुल, रेलवे अंडरपास (RUBs), लेवल क्रॉसिंग (LC) कार्य, ट्रैक कार्य, स्टेशन और अन्य भवन, प्लेटफार्म कार्य एवं अन्य विविध कार्य।, **2. कार्य का लगभग मूल्य :** रू. 188,50,91,816.17, **3. निविदा हेतु अग्रधन राशि जमा:** रू. 94,25,500.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 08.10.2025, चौदह तीस बजे।, **5. वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि:** उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण/ उत्तर/ पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेंद्रूघाट, पटना**
पीआर/0576/सीएन/एन/एमएचएक्स/सीओएनएसटी/टी/25-26/52


## टीबी मरीजों को दिया गया अनाज



**प्रतापपुर/ चतरा(आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को सीसीएल द्वारा शिविर आयोजित कर लगभग दर्जनों टीबी मरीजों के बीच पोषणयुक्त अनाज का वितरण किया गया। इस संबध में डा पवन कुमार ने बताया की पोषणयुक्त अनाज वितरण का मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों को स्वस्थ और पौष्टिक आहार प्रदान करना है, जिससे वे अपने स्वास्थ्य में सुधार कर सकें। टीबी के मरीजों को अक्सर पोषण संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, और इस तरह के कार्यक्रम उनके लिए बहुत ही लाभदायक हो सकते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से सीसीएल ने टीबी मरीजों के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का प्रदर्शन किया है। हमें उम्मीद है कि इस तरह के कार्यक्रमों से टीबी मरीजों को बहुत ही लाभ होगा और वे अपने स्वास्थ्य में सुधार कर पाएंगे।इस कार्यक्रम में डॉ पवन कुमार, बिंदु कुमार, सुमित कुमार, संजय कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### करमा कोलियरी में अवैध खनन के क्रम में हुई चार की मौत का मामला

# आशा लकड़ा ने करमा खदान का लिया जायजा

> सीसीएल वैकल्पिक रोजगार और प्रशासन उपलब्ध कराएगी पीएम आवास : आशा लकड़ा
>
> पीड़ित परिवारों से मिल सहयोग का दिलाया भरोसा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू।** राष्ट्रीय एसटी आयोग सदस्य डॉ आशा लकड़ा शुक्रवार को जिला के वरीय पुलिस प्रशासन के अधिकारियों संग करमा कोलियरी पहुंचे। जहां अवैध खनन के दौरान चार लोगों की हुई मामले मे घटनास्थल का जायजा लिया। साथ ही, सीसीएल अधिकारियों से घटना के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान सीसीएल अधिकारियों ने महुआटुंगरी पैच को निष्क्रिय खनन क्षेत्र बताया। वहीं, घटना के वक्त सुरक्षा प्रहरियों की उपस्थिति के बारे में जाना। मौके पर एसपी अजय कुमार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद,अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, बीडीओ रितिक कुमार, सीओ विमल कुमार सिंह, विधिक सलाहकार सुभाशीष सोरेन, रिसर्च ऑफिसर प्रदीप कुमार दास, पीएस कुशेश्वर साहू, निज सचिव विवेक कुमार, बृजकिशोर पासवान, संजय पासवान, सीसीएल डीटी (पीएंडपी) शंकर नागाचारी, जीएम (आइआर) नवनीत कुमार, विनोद कुमार, मेजर मनीष राज, कुजू जीएम राजीव कुमार सिन्हा, करमा पीओ रामेश्वर मुंडा, मैनेजर संजय सिंह, वित प्रबंधक प्रशांत प्रियदर्शी, प्रताप रंजन, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, भाजपा नेता प्रवीण मेहता, राजीव जयसवाल, अनमोल सिंह, विजय जायसवाल, नरेश मुंडा, मिहिरचन्द मुंडा, रामावतार महतो, करमा दक्षिणी पंचायत मुखिया खगेश्वर महतो, राजकुमार महतो, मोहरलाल महतो, जगदीश महतो, तुलेश्वर प्रसाद समेत पुलिस, प्रशासन और सीसीएल अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एसटी आयोग सदस्य आशा लकड़ा ने सीसीएल कुजू जीएम सभागार में पुलिस प्रशासन और सीसीएल अधिकारियों की मौजूदगी में चाल धंसने से हुए मौत मामले में चारों पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही, पीड़ित परिवारों को हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। वहीं, सीसीएल के अधिकारियों को पीड़ित परिवारों के लिए वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराने और जिला प्रशासन से पीएम आवास योजना देने की बात कहीं। साथ ही, बिजली उपलब्धता नहीं होने पर गांव में 15 केवी का सोलर प्लेट लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस और सीसीएल से खदानों में ग्रामीणों के बेवजह प्रवेश पर रोक लगाने के लिए उचित व्यवस्था करने एवं जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दी। इधर,करमा दक्षिणी पंचायत मुखिया खगेश्वर महतो ने प्राथमिकता के तौर पर सीएसआर के तहत पंचायत में विकास कराने की मांग की।


**जलावन का कोयला लाने गये थे पति निर्मल मुंडा : सीता देवी :** आयोग सदस्य आशा लकड़ा ने पीड़ित परिवार निर्मल मुंडा की पत्नी सीता देवी और पुत्री खुशबू कुमारी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सीता देवी ने आशा लकड़ा को स्पष्ट रूप से बताया कि हमारे पति निर्मल मुंडा घर का जलावन हेतु खदान से कोयला लाने गए थे। इसी बीच चाल धंसने से पति की घटनास्थल पर हीं दर्दनाक घटना में मौत हो गई। हमारे घर पर गैस सिलिंडर चूल्हा की उपलब्धता नहीं है। सीसीएल ने सहयोग के तौर पर एक लाख 70 हजार रुपया दिया है। जबकि प्रशासन द्वारा अब तक पारिवारिक लाभ नहीं मिल सका है। जिस पर मौके पर मौजूद एसी कुमारी गीतांजलि को अविलंब उपलब्ध कराने की बात कही।

### चाल धंसने से हुई मौत घटना काफी दर्दनाक : आशा

इधर, पत्रकारों से बातचीत के दौरान आशा लकड़ा ने बताया कि चाल धंसने से हुई मौत घटना काफी दर्दनाक था। हालांकि सीसीएल प्रबंधन द्वारा पीड़ित परिवार को सहयोग के रूप से एक लाख 70 हजार रुपए का राशि दिया गया है। जबकि जिला प्रशासन द्वारा बीस हजार रुपया एक सप्ताह में पारिवारिक लाभ दिया जायेगा। वहीं, घायलों को बेहतर इलाज कराया जा रहा है। साथ ही, बताया कि पीड़ित परिवार के आश्रित को सीसीएल प्रबंधन द्वारा रोजाना मजदूरी के तहत मनरेगा योजना के बेसिस हाजिरी के तीन गुना अधिक परियोजना में चलने वाले आउटसोर्सिंग कार्य में रखने पर निर्णय लिया गया है।


## कोर्ट नोटीस

**COUNCIL OF C.J.M., LATEHAAR**
**Schedule XLIII High Court (M)31C,[Old Criminal Process No.4]**
**PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED**
**[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]**
**(Section 82 of the code of Criminal Procedure.)**
**एक मत्तम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।**
**(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)**


Council of C.J.M, Latehar
Schedule XLIII High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मत्तम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)
U/S 384, 385, 386 I.P.C., 4/5 Exp. Sub. Act
within 20 days

लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ (वर्तमान थाना बारियातु) थाना काण्ड संख्या 160/2019, दिनांक 24.07.2019, धारा 384/385/386 भा०द०वि०, 25 (1-A)/26(2)/35 आर्म्स एक्ट, 4/5 वि०पदा०अधि० एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त एवं गैरजमानती वारंटी विनोद गंझू पि0 स्व० जगदेव गंझू उर्फ शनिचर गंझू सा० जोरदाग, टोला पिपराटॉड़, थाना लावालौंग, जिला चतरा के विरूध विधिवत इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार-प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

# ‘सुप्रीम’ सुझाव पर अमल हो

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में वोटर लिस्ट की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है। इससे प्रक्रिया आसान होगी और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी। बेशक, फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए, लेकिन ऐसे अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाये।

**कंफ्यूजन की स्थिति :** आधार और राशन कार्ड को मान्य दस्तावेजों की लिस्ट से बाहर रखने के कारण बड़ी आबादी के सामने संकट खड़ा हो गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, केवल किशनगंज जिले में एक हफ्ते के भीतर निवास प्रमाण पत्र के लिए दो लाख से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। कई जगह घर-घर जाकर Enumeration Forms बांट रहे कर्मियों ने लोगों से कहा है कि वे आधारकार्ड की कॉपी ही जमा करा दें। इस तरह के कंफ्यूजन से बेहतर है, आयोग बीच का रास्ता निकाले।

**यह मामला केवल बिहार तक सीमित रहने वाला नहीं है। दूसरे राज्यों में वोटर लिस्ट की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। ऐसे में स्वाभाविक ही नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है।**

**टाइमिंग पर सवाल :** शीर्ष अदालत ने Special Intensive Revision रोक तो नहीं लगायी, लेकिन टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह बिल्कुल वाजिब है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाये, जितना मिलना चाहिए। बिहार में Special Intensive Revision को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह टाइमिंग भी है। जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे। हालांकि आयोग ने भरोसा दिलाया है कि किसी को भी अपनी बात रखने का मौका दिये बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जायेगा।

**नागरिकता पर फैसला नहीं :** जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है और लोकतंत्र में सबसे अहम है लोक यानी जनता। लेकिन, चुनाव आयोग की मौजूदा प्रक्रिया में जनता को ही सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। यह रिवीजन जुड़ा है वोटर लिस्ट से, लेकिन मेसेज जा रहा है कि इससे नागरिकता तय होगी। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी से राहत मिलेगी कि निर्वाचन आयोग का किसी व्यक्ति की नागरिकता से कोई लेना-देना नहीं।

**पूरे देश पर असर :** यह मामला केवल बिहार तक सीमित रहने वाला नहीं है। दूसरे राज्यों में वोटर लिस्ट की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। ऐसे में स्वाभाविक ही नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**ये कहानी है एक औरत की, जो विभिन्न किरदारों मेंविकट परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालती रही। मेरे बेटे के जनम के बाद पार्वती, जिसे हम सभी आशा मां या आशवा मईया कह के बुलाते थे, क्योंकि आज की तरह उस समय गृह सहायिका या हाउस हेल्फर बोलने का चलन छोटे शहरों में नहीं था। सांवला रंग छरहरा बदन उमर पचपन साल लगभग या उससे ज्यादा ही। शुद्ध पंजाबी मिश्रित हिंदी में बात करती। साफ सुथरा साड़ी माथे पर छोटी सी मरून कलर की छोटी सी बिंदी। शहर से सटे हुए बस्ती मे घर था।**

# क्या ‘प्रेम’ का कोई अस्तित्व नहीं होता



वीना सिंह



क्या प्रेम का कोई अस्तित्व नहीं होता, जब तक इसे रिश्ते का जामा नहीं पहनाया जाये। ये प्रश्न मुझे कई हफ्तों तक परेशान करता रहा। ये कहानी है एक औरत की, जो विभिन्न किरदारों मेंविकट परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालती रही। मेरे बेटे के जनम के बाद पार्वती, जिसे हम सभी आशा मां या आशवा मईया कह के बुलाते थे, क्योंकि आज की तरह उस समय गृह सहायिका या हाउस हेल्फर बोलने का चलन छोटे शहरों में नहीं था। सांवला रंग छरहरा बदन उमर पचपन साल लगभग या उससे ज्यादा ही। शुद्ध पंजाबी मिश्रित हिंदी में बात करती। साफ सुथरा साड़ी माथे पर छोटी सी मरून कलर की छोटी सी बिंदी। शहर से सटे हुए बस्ती मे घर था। दो बेटी, एक बेटा, बहु-दामाद, नाती-पोते पोतियों से भरा परिवार था। हमारे यहां झाड़ू पोंछा बर्तन के लिए रखा गया था, पर मेरे बेटे के जनम के बाद उन्होंने सहर्ष उसको नहलाना मालिश करना और उसके कपड़े धोने का काम करने के लिए राजी हो गयी।

सुबह सात बजे आ जाती और रात में आठ बजे के बाद हीं अपने घर जाती। सब्जी काटती तो लगता की टीवी के किसी खाने बनाने की प्रतियोगिता में भेजे जाने वाला। हर काम में सलीका। खाना बनाने में मुझे कुछ कुछ टिप्स भी देती। उम्र में मै आधे से भी कम थी पर मुझे भाभी जी कहती, जैसे जैसे बेटा बढ़ रहा था उनका। लगाव भी उसके साथ बढ़ता जा रहा था। कोई उसे डांट देता, उस दिन आशा मां नाश्ता नहीं करती। ना हं अपना सबसे प्रिय पेय चाय पीती। वक्त के साथ मेरे साथ उनका अपनापन बहुत बढ़ गया था। ऐसी ही एक दोपहर को बोली भाभीजी चलिए आज आपके पैरों की मालिश कर दूं। दिन भर चलते रहती हैं। उसी दोपहर के एकांत में उन्होंने अपनी कहानी का थोड़ा सा अंश मुझे सुनाया। 12 साल की उम्र में 24 साल के लड़के से शादी हो गयी। बहुत दुःख तकलीफ करके तीन बच्चों को पाला।

**ये कहानी है एक औरत की, जो विभिन्न किरदारों मेंविकट परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालती रही।**

बड़ा बेटा 17 साल का हुआ, तो उसकी शादी कर दी, क्योंकि पति को लकवा मार दिया था। अब पूरे घर की जिम्मेवारी आशा मां के कंधे पर थी। एक-दो जगह काम की, पर लोगों की गंदी निगाहें और बेशर्मी भरी मांग के कारण काम छोड़ दिया। पति के इलाज का खर्च दो बेटी 12 और 10 साल की थी, बहु-बेटा, बूढ़ी सास इतने लोगों का पेट चलाना। रात में सोचते सोचते सुबह हो जाती। कल खाने का इंतजाम कैसे होगा। किसी ने बताया कि एक मारवाड़ी सेठ है, उसकी पत्नी अपने बेटे के पास अमेरिका जा रही है। बड़ा सा हवेली जैसा घर है। खाना बनाने के अलावा मालिक के कमरे कपड़ों का ध्यान भी देना है और भी स्टाफ है काम करने वाले। और वहीं काम करने लगी। रात को नौ बजे कभी दस बजे ड्राइवर घर छोड़ जाता। घरवाले इंतजार में रहते आयेगी तो रात का खाना लायेगी, तो सभी खायेंगे। दिन में काम पर जाने से पहले मोटा चावल का भात और कभी आलू का चोखा, कभी कोहड़ा के पत्ते की चटनी बना कर रख देती। रात का खाना सभी अच्छे से खाते। चावल, रोटी दो तरह की सब्जी दाल, कभी खीर कभी मिठाई। तीन-चार महीने बीतते बीतते आशा मां हवेली में अपनी जगह बना ली। मालकिन छह महीने बाद आने वाली थी। पति का इलाज भी शुरू करवा दिया आशा मां ने। पुआल का घर जो बारिश में पानी से भर जाता था, उसको करकट डाल कर रहने लायक बना दिया। भात चोखा से अब रोटी-सब्जी बनने लगा घर में। बेटी-बेटा-बहु को होली में पहली बार नये कपड़े खरीदे गये। अभी तक इधर उधर से मांग कर शरीर ढका जा रहा था। सास के लिए भी सूती साड़ी खरीद कर लायी आशा मां। मालिक अक्सर रात में थोड़ा ड्रिंक करता फिर खाना खाता। आशा मां की उम्र उस समय मुश्किल से 35-36 से एकाध साल कम ज्यादा होगी। सांवले रंग में एक अजीब सी मादक कशिश थी। मालिक कभी कभी आशा मां से अपना दुःख बांटता। दिन भर माथा खपा कर आता हूं, पर घर में पत्नी के बिना कितना अकेलापन लगता है मैं हीं जानता हूं। धीरे-धीरे दोनों अपने दुःख बांटने लगे। जवान औरत, पति लकवाग्रस्त, जवान मर्द पत्नी विदेश में। कभी-कभी मालिक दुःखी होता तो ज्यादा पी लेता, तब आशा मां बच्चे जैसा समझाती हाथ पकड़ कर बिछावन पर बैठा कर खाना खिलाती। जब नींद में बेसुध हो जाते, तो घर आती। रात भर ध्यान लगा रहता। साब कैसे होंगे। ऐसे हीं एक रात कमजोर क्षणों में दोनों दुखियारे अपनी सीमाएं तोड़ एकाकार हो गये। मालिक आशा मां को ज्यादा अधिकार दिये थे, इसलिए बाकी स्टाफ मालकिन का फोन आने पर चुगली करते। मालकिन आशा मां को खरी खोटी सुनाती। रोकर रह जाती मालिक से भी नहीं कहती।

इसी बीच मालकिन की तबीयत बहुत खराब हो गयी। चक्कर खा कर गिर गयी। कमर में चोट लगी और पैर टूट गया। आशा मां तीन महीने बिछावन पर उनका सुसु पॉटी सब साफ की। स्पंज करती। खाना खिलाती, पर मालकिन बहुत कठोर दिल की थी या अपने पति को बांटने वाली के प्रति कड़वाहट ने उन्हें ऐसा बना दिया था। ठीक होते हीं फिर विदेश चली गयी। उनका पूरा मायका बेटा-बेटी सभी विदेश में ही सेटल्ड थे। इसलिए उनका मन यहां नहीं लगता था। अमेरिका से आते हीं मालकिन ने आशा मां को काम से निकाल दिया। आशा मां दुःखी होकर वापस आ गयी। एक महीने बाद मालकिन की फिर बेटी के पास कनाडा जाना था, उसे बच्चा होने वाला था। मजबूरी में आशा मां को बुलाने के लिए ड्राइवर भेजी। ड्राइवर खाली लौट आया। मालिक खुद बस्ती गये और आशा मां को लेकर आये। आशा मां के पति की तबीयत बहुत बिगड़ गयी। आशा मां जी जान लगा कर पति की सेवा की और समय निकाल कर मालिक का खाना बनाने चली जाती। मालिक एक सप्ताह के लिए सूरत गये थे, तभी आशा मां के पति का निधन हो गया। आशा मां की मांग भले हीं उसके पति ने भरा था, पर सिंदूर और बिंदी की चमक मालिक से हीं थी। 13वीं तक घर से नहीं निकलना था, पर ड्राइवर आठवें दिन दरवाजे पर खड़ा हो गया। मालिक की तबीयत बहुत खराब है, बार तुम्हारा नाम ले रहे हैं।

आशा मां शाम के धुंधलके में निकल गयी अपना कर्तव्य निर्वहन के लिये। पति की 13वीं के बाद मालिक ने आशा मां को कहा तुम्हारी सुनी कलाई और सुना माथा मुझसे नहीं देखा जाता। तुम्हे मेरी कसम है बिंदी लगाओ और चूड़ियां पहनो, पूरा बस्ती रिश्तेदार थू-थू कर रहे थे, पर भले हीं दुनिया इसे अनैतिक रिश्ता कहे, पर दो दुखी अधूरे इंसान के भावनात्मक लगाव की पराकाष्ठा थी। समय आने पर दोनों बेटियों की शादी अच्छे घरों में कर आशा मां अपना कर्तव्य पूरा की। बेटा भी कमाने लगा था। पूरा परिवार मालिक और आशा मां के रिश्ते को जनता था, पर कभी किसी ने कुछ नहीं कहा, पर बहु जिसे आशा मां कहती रोज रात में काम पर से आती तो उसके लिए राबड़ी लाकर अपने हाथ से खिलाती। बेटियों को एक फ्रॉक खरीदती तो उसे दो। कम उम्र की लड़की थी, फिर पता चला मालकिन मालिक का भी वीजा पासपोर्ट बनवा ली हैं रहेंगी साथ में। जायेंगी तो साथ लेकर। आशा मां को हमेशा के लिए काम से छुट्टी। मालकिन के विदेश से आने के एक दिन पहले मालिक बोले सुनो अगर मैं पहले मर गया तो तुम मेरे नाम से एक कफन खरीद कर नदी में बहा देना। तुम मर गयी तो मैं। आशा मां तड़प कर अपना हाथ मालिक के मुंह पर रख दिया। आपको मेरी उमर भी लग जाये। मालिक दो कट्ठा जमीन आशा मां के नाम से लिखने की जिद की, पर उसने कसम दे कर मना कर दिया कि बवाल हो जायेगा आप समझ नहीं रहे हैं साब। एक साल तक कहीं काम नहीं की आशा मां, फिर उसे लगा पागल हो जाऊंगी, तब हमारे घर किसी जान पहचान वाले ने लगवाया। लगभग 16 साल तक हमारे यहां काम की। बेटा सैनिक स्कूल से छुट्टियों में आता, तो आशा मां कभी लच्छे पराठे-राजमा छोला कितना कुछ उसके लिए बनाती। कितना दुबले हो गये हैं बाबू। बेटा जब पैर छूता तो आशीर्वाद से उसे भर देती। जाने लगता तो उनकी आंखें सूज जाती।

दो महीने के लिए मैं आउट ऑफ स्टेशन थी, उसी समय किसी वाहन ने आशा मां को धक्का मार दिया। 15 दिन बिछावन पर थी। बहु झांकने भी नहीं गयी। बेटियों ने हाथ पर रखा, खूब सेवा की। 15 दिन बाद वो दुनिया से चली गयी। पता नहीं उनका मालिक अपना वादा पूरा किया या नहीं, ये यक्ष प्रश्न अपने साथ लेकर हीं चली गयी। किसी ने मुझे बताया नहीं। वापस आने पर ये दुखद खबर पता चला। इस रिश्ते को इस प्रेम को क्या नाम दिया जाये! इस प्रेम का रिश्ते का कोई अस्तित्व कोई वजूद नहीं।

**(लेखिका : शिक्षाविद् सह समाजसेवी, रांची झारखंड हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### बंगाल क्लब में महारक्तदान शिविर 13 को



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति द्वारा 13 जुलाई (रविवार) को साकची स्थित बंगाल क्लब परिसर में एकदिवसीय महारक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि शिविर में शहर की सभी दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे और आम नागरिकों से भी अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की गयी। महासचिव आशुतोष सिंह ने बताया शिविर में बंगाल क्लब, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन और जमशेदपुर ब्लड सेंटर सहयोग करेंगे। सभी रक्तदाताओं को समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया जायेगा।

### युवाओं को मधुमेह से बचाव के लिए किया गया जागरूक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लोयोला स्कूल टेल्को में कक्षा 9 और 10 के छात्रों के लिए टाइप 2 मधुमेह और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम पर स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के सीनियर रेजिडेंट डॉ. राशिद इकबाल ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों को मधुमेह के बढ़ते खतरे और उसके कारणों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्या चरनजीत ओहसन द्वारा डॉ. इकबाल को पौधा भेंट कर की गयी। डॉ. इकबाल ने बताया आज के युवा पहले की तुलना में औसतन पांच किलोग्राम अधिक वजन के हैं, जिसका मुख्य कारण शारीरिक गतिविधियों की कमी और प्रोसेस्ड फूड का अत्यधिक सेवन है। डॉ. इकबाल ने नियमित व्यायाम, संतुलित भोजन, तनाव प्रबंधन और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की सलाह दी। उन्होंने छात्रों से योग और पौष्टिक आहार अपनाने का आह्वान किया। मौके पर छात्रों के लिए जीवनशैली में बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

### चांडिल के तुलिन गांव में डायरिया का कहर

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड अंतर्गत चिलगु पंचायत के तुलिन गांव में डायरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बीते एक सप्ताह में गांव के 13 परिवारों के 18 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। गुरुवार को सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की पांच सदस्यीय टीम गांव पहुंची और मेडिकल जांच कर प्राथमिक उपचार किया। टीम के कोऑर्डिनेटर संतोष सिंह ने बताया कि तीन मरीजों की हालत चिंताजनक है, जिन्हें ड्रिप दी जा रही है, जबकि बाकी मरीजों को दवाइयां देकर आराम करने की सलाह दी गयी। स्थानीय स्वास्थ्य सहिया सोमवारी हांसदा ने बताया बीमारी की जानकारी शुरुआती दिनों में थी, लेकिन समय पर सूचना न मिलने से इलाज में देरी हुई। चांडिल सीएचसी के चिकित्सक वनबिहारी ने बताया कि गंभीर मरीजों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। वहीं गांव के मांझी बाबा सुखदेव मरांडी ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा गांव में दो स्वास्थ्य कर्मी होने के बावजूद मेडिकल कैंप पहले क्यों नहीं लगाया गया। जानकारी के बावजूद विभाग ने समय रहते कदम नहीं उठाये, जिससे कुछ मरीज इलाज के लिए बंगाल के बलरामपुर जाने को मजबूर हुए। ग्रामीणों ने मांग की भविष्य में ऐसे हालात से बचने के लिए तुरंत मेडिकल कैंप और दवाओं की व्यवस्था की जाये।

# मूसलाधार बारिश से सब्जियां बर्बाद, महंगाई ने बढ़ायी मुश्किलें

आजाद सिपाही संवाददाता





**सरायकेला।** जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। नदी किनारे के तटीय इलाकों में खीरा, परवल, कुंदरी, बैगन, कद्दू, टमाटर समेत कई हरी सब्जियों की फसल बर्बादी के कगार पर पहुंच गयी है। खेतों में दो फीट से ज्यादा पानी जमा हो चुका है, जिससे ग्रामीणों को आय और भोजन दोनों का संकट झेलना पड़ रहा है। गांवों में अत्यधिक कीचड़ और गंदगी के कारण डायरिया समेत अन्य बीमारियां फैलने लगी हैं, लेकिन पर्याप्त डॉक्टर नहीं होने से लोग भगवान भरोसे इलाज कर रहे हैं। वहीं जिला उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने कहा समय पर बारिश होने से अच्छी फसल की उम्मीद है, लेकिन जमीनी हालात इससे उलट दिख रहे हैं। सब्जियों की कमी से बाजार में कीमतें आसमान छू रही हैं। टमाटर, भिंडी और पटेल 80 रुपये किलो तक बिक रहे हैं, ओल 100 रुपये किलो, लौकी 40 रुपये किलो और बरबटी भी 80 रुपये किलो तक पहुंच गयी है। अगर जिला प्रशासन ने जल्द राहत और वैकल्पिक उपाय नहीं किये तो ग्रामीणों के साथ-साथ आम जनता को भी महंगाई की दोहरी मार झेलनी पड़ेगी।

## टाटा मेन हॉस्पिटल के कैथ लैब ने पूरे किये 10 साल

# हजारों मरीजों को मिला नया जीवन

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** शहर के टाटा मेन अस्पताल में कार्डियक कैथ लैब ने अपनी स्थापना के 10 साल पूरे कर लिए। बीते 3 मार्च 2015 को शुरू हुए इस कैथ लैब ने बीते एक दशक में हजारों मरीजों को नयी जिंदगी दी है। अस्पताल के मुख्य सलाहकार और कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. मंदार महावीर शाह ने बताया पहले ही साल में 1,000 से अधिक केस सफलतापूर्वक किये गये थे। जबकि अब हर साल करीब 2,600 प्रक्रियाएं हो रही हैं। इनमें 1,400 एंजियोग्राफी, 750 एंजियोप्लास्टी और 300 पेसमेकर इम्प्लांट शामिल हैं। झारखंड में टीएमएच पहला अस्पताल है जहा इन्ट्रावस्कुलर लिथोट्रिप्सी, इंट्रावस्कुलर अल्ट्रासाउंड और ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी जैसी अत्याधुनिक तकनीकें अपनाईं। यही नहीं यह राज्य का एकमात्र सेंटर है जहां इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी की सुविधा उपलब्ध है। अब यहां पर पेरिफेरल वैस्कुलर इंटरवेंशन भी शुरू हो चुके हैं जिससे हार्ट के अलावा पैरों और किडनी की नसों का इलाज भी यहीं संभव हो गया है। डॉ. शाह ने बताया कोविड-19 महामारी और लैब में आग लगने जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद टीम ने कभी हार नहीं मानी। मरीजों को सिर्फ इलाज ही नहीं, बल्कि परामर्श, जागरूकता और फॉलोअप की पूरी सुविधा दी जाती है। हॉस्पिटल ने हाल ही में डॉ एनबी कार्डियोलॉजी सुपर स्पेशलिटी कोर्स भी शुरू किया है। भविष्य में सिटीभीएस सेंटर, टीएभीआर और मित्राक्लिप प्रोग्राम, इंटरवेंशनल पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी और एडवांस इपी सेवाओं की योजना है। टीएमएच का सपना है एक ऐसा हार्ट सेंटर बनाने का जहां इलाज के साथ मरीजों को नई जिंदगी दी जा सके। डॉ. शाह ने कहा टाटा समूह के मूल्यों के अनुरूप मरीजों के हित को हमेशा सर्वोपरि रखा जाता है और यही वजह है कि आने वाले वर्षों में अस्पताल अपनी सेवाओं को और विस्तार देगा।

### युवा कांग्रेस की बैठक में सदस्यता अभियान और मतदान प्रक्रिया पर चर्चा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव राकेश साहू की अध्यक्षता में साकची कांग्रेस कार्यालय में संगठनात्मक चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सदस्यता अभियान और मतदान प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आशुतोष राय भी मौजूद रहे। बैठक में जिले, विधानसभा और प्रखंड स्तर के सभी नामांकित प्रत्याशी शामिल हुए। राकेश साहू ने बताया कि नामांकन की स्क्रूटनी जारी है और जल्द ही क्रमांक संख्या जारी की जायेगी। 20 जुलाई से 20 अगस्त तक सदस्यता और मतदान अभियान चलेगा। मतदान पोर्टल के माध्यम से छह पदों के लिए वोटिंग होगी। मौके पर कई युवा नेता और प्रत्याशी उपस्थित रहे।

### इंस्पायर अवार्ड की राशि हड़पने के आरोप की जांच शुरू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कदमा स्थित एडीएल सोसाइटी हाई स्कूल के कक्षा 9 के छात्र आसिफ खान ने आरोप लगाया है उसके अकाउंट में केंद्र सरकार से इंस्पायर अवार्ड के तहत आये 10 हजार रुपिया उसकी साइंस टीचर ने बैंक से निकालकर ले लिए। छात्र ने इस संबंध में उपायुक्त से शिकायत की थी। शुक्रवार को झारखंड शिक्षा विभाग की जांच टीम ने बिष्टुपुर स्थित कार्यालय में आसिफ से पूछताछ की। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### विधायक सरयू राय के आवास पर रुद्राभिषेक संपन्न



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के आवास पर शुक्रवार को पारंपरिक रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ। रुद्राभिषेक का कार्यक्रम शुक्रवार सुबह भगवान गणेश और माता अंबिका के पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। इसके बाद वरुण देवता, मात्रिका, सूर्यादि नवग्रह, रक्षा विधान और पार्थिवेश्वर महादेव का षोडषोपचार पूजन संपन्न हुआ। नमक-चमक रुद्राभिषेक के साथ आरती व पुष्पांजलि के बाद भजन संध्या हुई। मौके पर मुख्य यजमान विधायक सरयू राय के साथ आकांक्षा नायर, युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण, पारुल सिंह, रोहेल रंजन समेत कई परिवारों ने यजमान के रूप में भाग लिया। बेगूसराय से आये गौरीशंकर ठाकुर की देखरेख में विनोद पांडेय, धनजी पांडेय, धीरज पांडेय, कुंज जी, घनश्याम जी, रौशन जी और कन्हैया पांडेय ने पूजा को विधिपूर्वक संपन्न कराया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद, समाजसेवी धर्मेंद्र तिवारी (रांची), कुमुरी विनीत समेत क्षेत्र के दर्जनों शिवभक्तों ने भगवान शिव का अभिषेक किया।

## महिलाओं ने बीडीओ को लकड़ी का नेमप्लेट दिया



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ताली गांव की महिलाओं ने 50 दिनों तक मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग विभाग के सहयोग से हस्तकला, नेम प्लेट लेखनी और लकड़ी पर नकाशी की विशेष प्रशिक्षण प्राप्त की। प्रशिक्षण के उपरांत महिलाओं ने अपने बनाये गये उत्कृष्ट शिल्प कार्य–लकड़ी पर की गयी सुंदर लेखनी–केतार प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रशांत कुमार को भेंट स्वरूप समर्पित किया। इस अवसर पर बीडीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का आत्मनिर्भर और आत्मसशक्त बनना समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

# मेढ़ना कला और लापो में 5950 सीएफटी बालू जब्त, प्राथमिकी

**एसडीएम के आदेश पर सीओ और माइनिंग इंस्पेक्टर ने की कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार के निर्देश पर गढ़वा अंचल एवं जिला खनन कार्यालय द्वारा संयुक्त कार्रवाई कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को 5950 क्यूबिक फीट यानी 60 ट्रैक्टर ट्रॉली के बराबर बालू को जब्त किया गया, साथ ही अवैध रूप से बालू डंप करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। उक्त कार्रवाई गढ़वा प्रखंड अंतर्गत मेढ़ना कला और लापो गांव में अवैध बालू भंडारण के विरुद्ध की गयी। उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने गढ़वा अंचल अधिकारी सफी आलम को साथ लेकर बेलचंपा, मेढ़ना, लापो आदि इलाकों के नदी तटीय क्षेत्रों में अवैध बालू उत्खनन की शिकायतों के मद्देनजर औचक छापेमारी की थी। बालू उत्खनन की दृष्टि से संवेदनशील इन क्षेत्रों में पिछले चार-पांच दिन संजय कुमार के द्वारा देर रात्रि में भी सघन जांच अभियान चलाया था। संजय कुमार को इन क्षेत्रों का आकस्मिक दौरे के दौरान कई संदिग्ध बालू के ढेर मिले थे। साथ ही उन्हें कोयल एवं दानरो नदी के किनारे अवैध उत्खनन के पुख्ता सबूत मिले थे। उनके द्वारा पांच ट्रैक्टरों को पड़कर पुलिस के हवाले भी किया गया था। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने पर्यावरण सुरक्षा को देखते हुए 10 जून से नदियों से बालू उठाव पर प्रतिबंध लगा दिया है, इसके बावजूद बालू उत्खनन के प्रमाण मिलने पर अनुमंडल पदाधिकारी ने सख्त रुक दिखाते हुए अंचल, थाना एवं खनन विभाग को प्रभावी उपाय करने को निर्देशित किया था। उनके आदेश के आलोक में शुक्रवार को कार्रवाई की गयी। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि सदर अनुमंडल क्षेत्र में एनजीटी के उक्त आदेश का अनुपालन करवाने तथा विधि व्यवस्था को बनाये रखने की दृष्टिकोण से कुछ बालू माफियाओं पर निरोधात्मक कार्रवाई भी जरूरी है। इसके लिए उन्होंने खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे बालू के अवैध कारोबार में जुड़े आदतन उल्लंघन कताओं को चिन्हित कर इनकी सूची एसडीएम कोर्ट में भी उपलब्ध करवाएं ताकि उन लोगों पर निरोधक कार्रवाई की जा सके। एसडीएम संजय कुमार द्वारा अवैध बालू उठाव को लेकर औचक छापेमारी जारी है।

# कांडी ने खोया अपना लाल, ददई दुबे के निधन पर लोग मर्माहत

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड के चौका गांव में जन्मे वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व सांसद और मजदूरों के मसीहा कहे जाने वाले चंद्रशेखर उर्फ ददई दुबे का निधन गुरुवार की शाम 7:30 बजे दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में हो गया। वे पिछले 25 दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर से कांडी प्रखंड सहित गढ़वा जिले में शोक की लहर दौड़ गयी है। ददई दुबे का जन्म 2 जनवरी 1946 को कांडी प्रखंड अंतर्गत चौका गांव में हुआ था। उन्होंने महज 24 वर्ष की उम्र में अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की और वर्ष 1970 से 1977 तक मुखिया रहे। उसके बाद उन्होंने बिहार विधानसभा में तीन बार विधायक के रूप में प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2000 में बिहार सरकार में श्रम एवं रोजगार मंत्री बनाये गये। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद वे 2000 से 2004 तक झारखंड विधानसभा सदस्य रहे। वर्ष 2004 में धनबाद लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हुए और केंद्र की कई संसदीय समितियों में योगदान दिया। वर्ष 2013 में झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में सेवा दी। श्री दुबे न केवल एक राजनेता थे, बल्कि वे एक जननेता और गरीबों की आवाज माने जाते थे। वे क्षेत्र में अपनी बेबाक अंदाज में बात करने के लिए भी मशहूर थे। श्री दुबे इंटक से जुड़े रहे और राष्ट्रीय कोयला मजदूर संघ के महासचिव भी थे। उन्होंने मजदूरों और श्रमिकों के हक के लिए कई आंदोलनों का नेतृत्व किया। उन्हें आम जनमानस मजदूरों का मसीहा कहकर संबोधित करते थे। सूत्रों के अनुसार, 8 जून को केदारनाथ यात्रा के दौरान ठंड लगने से उनकी तबीयत बिगड़ गयी थी। पहले से ही कई बीमारियों से ग्रसित होने के कारण उनकी हालत और गंभीर होती चली गयी, जिसके बाद उन्हें दिल्ली लाया गया, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार शव शुक्रवार को रांची लाया गया। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और श्रमिक संगठनों ने गहरा दुख प्रकट किया है। नेताओं और समाजसेवियों ने उन्हें एक संघर्षशील, जमीनी और निडर नेता बताया, जिनका जीवन मजदूरों, किसानों और गरीबों के अधिकार की लड़ाई में समर्पित रहा। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश सिंह भी रांची स्थित आवास पर जाकर श्रद्धांजलि दिया।

## वर्मा डेंटल केयर क्लीनिक का उद्घाटन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के चिनिय रोड स्थित जीपी प्लाजा मॉल में वर्मा डेंटल केयर नामक क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। डेंटल केयर क्लिनिक का उद्घाटन डॉक्टर तान्या के माता–पिता डॉ अनिल वर्मा एवं डॉ अनीता कुमारी सिन्हा ने संयुक्त रूप से पिता काटकर किया। इस अवसर पर पत्रकार को संबोधित करते हुए डॉक्टर तान्या ने कहा कि यह क्लीनिक वर्मा डेंटल केयर का दूसरा एक्सटेंशन क्लीनिक है। इसका पहला ब्रांच शहर के नवादा मोड़ स्थित सब्जी वाली गली में स्थापित है। जहां पिछले 15 वर्षों से दांत से संबंधित रोगों के इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर तान्या एक कॉस्मेटिक डेंटिस्ट हैं। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया इस डेंटल केयर क्लीनिक में दांत और मुंह से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा सड़े गले दांतों का बेहतर इलाज इस क्लीनिक में किया जाएगा। डॉक्टर तान्या जिले की अकेली इंडोडोंटीस्ट हैं जिन्हें दांत और मुंह से संबंधित गंभीर से गंभीर रोगों को इलाज करने की दक्षता हासिल है। वे फराठिया स्थित डेंटल कॉलेज हॉस्पिटल की एसोसिएट प्रोफेसर भी हैं।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यक्रम आयोजित




**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आस्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, उप प्रमुख श्रद्धा देवी, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंहा, और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस सभा मे आये हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत पारंपरिक स्वागत गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में जनसंख्या नियंत्रण, मातृ–शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई जानकारी प्राप्त और सत्र आयोजित किये गये। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रमाकांत राय, लेखा प्रबंधक जितेन्द्र कुमार चलन्त चिकित्साक अजय सिंह पटेल डॉक्टर दयानंद प्रभाकर डॉ अमित कुमार डॉक्टर पंचानंद पासवान,डॉक्टर सोनी कुमारी, डॉक्टर संध्या किरण डॉ एसआइ खान, बीटीटी संतोष कुमार वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी, आशा कार्यकर्ता, सहिया और ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिजारी अमित कुमार ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। सीमित संसाधनों के बीच गुणवत्तापूर्ण जीवन तभी संभव है, जब जनसंख्या संतुलित हो। वही उपप्रमुख श्रद्धा देवी ने जनसंख्या नियंत्रण को सामाजिक विकास की कुंजी बताया और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## थाना दिवस पर विभिन्न मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन




**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना में शुक्रवार को सीओ यशवंत नायक एवं थाना प्रभारी विष्णुकांत की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए दर्जनों महिला पुरुषों ने आवेदन देकर मामले के निष्पादन की मांग की। थाना प्रभारी ने बताया कि विवादित मामलों में दोनों पक्षों के समक्ष कागजातों का जांच किया गया। दोनों पक्षों का दलील सुनने और कागजात का जांच के पश्चात कुछ मामले में ऑन स्पॉट निपटारा किया गया, कुछ जमीन की पैमाइश हेतु आदेशित किया गया। साथ ही कुछ मामले में सक्षम न्यायालय जाने हेतु आदेशित किया गया। सभी मामले में दोनों पक्षों से लिए गए निर्णय को हस्ताक्षरित करवाया गया जो साक्ष्य के लिए रहेगा। कुछ मामले में दोनों पक्षों को विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु हिदायत भी दी गयी।

## कांडी बाजार की 4.84 एकड़ भूमि होगी अतिक्रमण मुक्त



**कांडी( आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांडी बाजार की 4 एकड़ 84 डिसमिल सरकारी भूमि को जल्द ही प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि बाजार क्षेत्र की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अंचल अमीन और राजस्व कर्मी को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द अवैध कब्जाधारियों को हटाकर भूमि को खाली कराया जाएगा। साथ ही कांडी बाजार से थाना तक मुख्य सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी। अंचलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अतिक्रमणकारियों को 24 घंटे के अंदर अपना जोगी–झोपड़ी और सामान हटा लेने का निर्देश दिया गया है।

# अबुआ और प्रधानमंत्री आवास योजना में रिश्वतखोरी का आरोप, सौंपा आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**क्या कहते हैं प्रखंड विकास पदाधिकारी**

**इस मामले में बीडीओ प्रशांत कुमार ने आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जायेगी और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा।**

**केतार।** प्रखंड अंतर्गत परती कुशवानी के ग्रामीणों ने गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार को आवेदन देकर अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिलाने के नाम पर रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंपा है।इस आवेदन में जिक्र किया है कि कुछ बिचौलियों द्वारा योजनाओं का लाभ दिलाने के एवज में गरीब लाभुकों से पैसों की मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने बीडीओ से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।ग्रामीणों की इस पहल से स्थानीय प्रशासन पर दबाव बना है कि वह सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करें। आवेदन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि जांच उपरांत नियमित रूप से कार्रवाई नहीं हुई तो हम लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। आवेदन देने वाले में शिवशंकर प्रसाद साह, राम अशिष यादव, कृष्णा राम, विमलेश राम, अन्तू प्रजापति,परशु राम, प्रमोद साह, ब्रजेश उरांव,नंदलाल साह, कमलेश यादव सहित अन्य लोगो का नाम है।

# जनसंख्या स्थिरता अभियान का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई 2025 को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (रेफरल) में जनसंख्या स्थिरता अभियान 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ रंका अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप, प्रमुख अनुभा सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पर महिलाओं एवं पुरुषों को जनसंख्या स्थिरता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया जिसमें बच्चे सिर्फ दो से अधिक नहीं होनी चाहिए क्योंकि आर्थिक तंगी से जूझना पड़ता है इसलिए जनसंख्या को नियंत्रण करने हेतु परिवार नियोजन पखवाड़ा के तहत महिला बंध्याकरण और पुरुष नशबंदी कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस जनसंख्या दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को सामग्री उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर एसडीएम रूद्र प्रताप ने कहा कि मेरा देश जनसंख्या के मामले में विश्व में नंबर वन पर है। अधिक जनसंख्या के कारण लोगों को आर्थिक तंगी से जूझना पड़ता है। इसलिए जनसंख्या पर नियंत्रण जरूरी है।आप सभी दो बच्चे से अधिक वाले महिला पुरुष परिवार नियोजन का लाभ उठाकर खुशहाल परिवार बनाये। इस मौके पर डॉ गोरखनाथ पांडेय, दिनेश प्रसाद गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता, अनिल राम, सहिया प्रभा देवी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# पतंजलि योग समिति ने धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पतंजलि योग समिति गढ़वा के तत्वावधान में शहर के आर्य समाज मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पतंजलि के कार्यकताओं तथा नगर वासियों ने भाग लिया। योग महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 5 बजे सामूहिक योगाभ्यास से किया गया। योग शिक्षक उपकार कुमार के द्वारा सभी को आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। इस अवसर पर जिला प्रभारी संतोष कुमार चौबे तथा यज्ञ प्रभारी सुशील केसरी के द्वारा गुरु महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। द्वितीय सत्र गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का शुभारंभ योग गुरु स्वामी रामदेव जी महाराज एवं आचार्य बालकृष्ण देव जी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन, मंत्रोच्चार के साथ किया गया, तत्पश्चात उपस्थित सभी कार्यकताओं ने बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित किया साथ ही अपने समर्थ के अनुसार गुरु दक्षिणा अर्पित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पतंजलि के सह राज्य प्रभारी रास बिहारी तिवारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सौभाग्य से परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज जैसे समर्थ गुरु हम सभी को मिले हैं। जिन्होंने हम जैसे लाखों लोगों के जीवन को नयी दिशा प्रदान की है। योग, आयुर्वेद, स्वदेशी तथा भारतीय संस्कृति को घर-घर तक पहुंचा कर एक स्वस्थ, समृद्ध एवं संस्कारवान भारत का निर्माण करना इनका पवित्र मिशन है। हम सभी को पूर्ण निष्ठा से इस कार्य को करते हुए गुरु के इस मिशन को पूरा करना है। यही गुरु के प्रति हम सभी की सच्ची श्रद्धा एवं सेवा होगी। तृतीय सत्र में हवन यज्ञ आचार्या चंचला केसरी एवं यज्ञ प्रभारी सुशील केसरी के द्वारा संपन्न करवाया गया। प्रसाद वितरण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सोशल मीडिया राज्य प्रभारी संतोष पांडे, सत्यनारायण दुबे, विजय कुमार सोनी, सच्चिदानंद तिवारी, प्रदीप केसरी, दिनेश तिवारी, शिवनारायण यादव, विवेकानंद पांडे, श्रवण कुमार, सूर्य देव दुबे, रामनाथ चौधरी, बलराम शर्मा, जयप्रकाश सिंह, संध्या देवी, अनुज केसरी, शांति साध्वी, रेणु देवी, माधुरी देवी, जयप्रकाश जी, सुरेश सरार्फा, रामदास मद्धेशिया, लालमणि देवी, धनंजय कुमार, पूनम देवी, मधुबाला देवी, प्रीति कुमारी, रीना देवी, मुरारी केसरी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN : U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRICAL SUPERINTENDING ENGINEER**
**ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, DEOGHAR**
**E-mail id: ese_circledeoghar@rediffmail.com**

**TENDER NOTICE**

Sealed tenders in two parts Part-I(Technical & commercial) and Part –II(Price part) subscribed on sealed envelope are invited from the reputed firms/agencies having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.:-

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimate Cost ( In Rs.) | Cost of B.O.Q in Rs. (Non-refundable) | Earnest money To be deposited in Rs. | Time of completion of the work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 97/PR/ JBVNL /2025-26 | R/M of Boundary wall & miscellaneous civil works at Electric Supply Sub-Division office Sarath under ESC, Deoghar | 3,82,850.00 | 885.00/- (GST included) | 7,700.00 | 02(Two) months |

01. Last date for sale of tender documents — **01/08/2025 up to 5:00 PM**
02. Last date & time for submission of Tender — **02/08/2025 up to 03:00 PM**
**03.** Date & time for opening of Tender (Part-1) — **02/08/2025 at 03:30 PM**

Tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in working hours on depositing cost of B.O.Q. with Accounts Officer, Electric Supply Circle, Deoghar in shape of Demand Draft / Cash.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
PR 357068 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)#D ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, DEOGHAR

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–प0नि0वि0/सिमडेगा/04/2025–26, दिनांक 11.07.2025

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– **28.07.2025** को पूर्वाह्न 11.00 से अपराह्न 3.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– **30.07.2025** को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **30.07.2025** को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड,अभियंत्रण छात्रावास, गोल चक्कर, धुर्वा, राँची।
   ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अचंल, राँची।
   ग) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 में उल्लेखित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपया में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपया में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कैरबेड़ा –बानाबीरा–बकरीकोना पथ के कि0मी0 0.00 से 18.9 कि0मी0 मे साधारण मरम्मति एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्य। | 40.00 | 80,000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 2. | जोराम–(एन.एच.–143 पर) सारंगबेरा (उड़ीसा सीमा तक) पथ के कि.मी. 0.00 सो 8.1 कि.मी. में साधारण मरम्मति कार्य | 35.00 | 70,000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 3. | पालकोट (एन.एच. 23 पर) रोकोडेगा–बिलिंगबेरा–तमड़ा(SH-23 पर) पथ के कि.मी 37वें में अवस्थित पुल का मरम्मति कार्य। | 40.00 | 80,000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 4. | पालकोट (एन.एच. 23 पर) रोकोडेगा–बिलिंगबेरा– तमड़ा (SH- 23 पर) पथ के कि.मी. 20वें में 160 मी0 गार्डवाल का निर्माण कार्य। (2.00 मी0 ऊँचाई) | 35.00 | 70,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 5. | ठेठईटांगर–बोलवा–केरसई–किनकेल (SHAJ) पथ के कि.मी. 34.00 में 150 मी0 गार्डवाल का निर्माण कार्य। (2.00 मी0 ऊँचाई ) | 40.00 | 80,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 6. | सिमडेगा–सेवई–किनकेल–कुरडेग –कुटमाकच्छार छत्तीसगढ़ सीमा पथ के कि.मी. 15 में 2mx2m आकार का RCC Slab पुलिया निर्माण कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 7. | कैरबेड़ा–बानाबीरा–बकरीकोना पथ के कि.मी. 9.00 में 2mx2m आकार का RCC Slab पुलिया निर्माण कार्य। | 18.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 8. | कैरबेड़ा–बानाबीरा–बकरीकोना पथ के कि.मी. 11.00 में 2mx2m आकार का RCC Slab पुलिया निर्माण कार्य। | 18.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 9. | कैरबेड़ा–बानाबीरा–बकरीकोना पथ के कि.मी. 12.00 में 2mx2m आकार का RCC Slab पुलिया निर्माण कार्य। | 18.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 10. | कैरबेड़ा–बानाबीरा–बकरीकोना पथ के कि.मी. 13.00 में 2mx2m आकार का RCC Slab पुलिया निर्माण कार्य। | 18.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 11. | सिमडेगा–सेवई–किनकेल–कुरडेग –कुटमाकच्छार छत्तीसगढ़ सीमा पथ के कि.मी. 18 में 95मी. गार्डवाल का निर्माण कार्य। (1.5मीटर ऊँचाई) | 21.00 | 42,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 12. | सिमडेगा–रेंगारी–केरसई–बोलबा–उड़ीसा सीमा पथ के कि.मी. 7वें, 10वें एवं 19 वें कि.मी. पर अवस्थित पुलिया का स्लैब, विंग वाल एवं फर्श मरम्मति कार्य। | 15.00 | 30,000.00 | 2500.00 | 60 दिन |
| 13. | जोराम (एन.एच.–143 पर) सारंगबेडा (उड़ीसा सीमा तक) पथ के कि.मी. 7.00 में अवस्थित पुल का मरम्मति एवं रंगाई पुताई कार्य। | 05.00 | 10,000.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 14. | पालकोट (एन.एच. 23 पर) रोकोडेगा–बिलिंगबेरा– तमड़ा (SH- 23 पर) पथ (कुल लंबाई 38.500 कि.मी.) के कि.मी 23.00 से कि.मी. 39.00 में सड़क सुरक्षा (Road Marking, Road Studs,Signages) से संबंधित कार्य। | 10.00 | 20,000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 15. | जोराम (एन.एच.–143 पर) सारंगबेडा (उड़ीसा सीमा तक) पथ के चैनेज 8.10 कि.मी. (उड़ीसा सीमा) पर फुल गैन्ट्री का अधिष्ठापन कार्य। | 15.00 | 30,000.00 | 2500.00 | 30 दिन |
| 16. | जोराम (एन.एच.–143 पर) सारंगबेडा (उड़ीसा सीमा तक) पथ के चैनेज 2,3,4,5,7 एवं 8 में 750मी0 लंबाई में W-metal Beam Crash Barrier का अधिष्ठान कार्य। | 15.00 | 30,000.00 | 2500.00 | 30 दिन |
| 17. | ठेठईटांगर–बोलवा–केरसई–किनकेल (SHAJ) पथ के कि.मी. 0.00 (बोल्वा मोड़) पर फुल गैन्ट्री का अधिष्ठापन कार्य। | 15.00 | 30,000.00 | 2500.00 | 30 दिन |
| 18. | ठेठईटांगर–बोलवा–केरसई–किनकेल (SHAJ) पथ के चैनेज 5,14,18,33,35,39,49 में 450 मी0 लंबाई में W-metal Beam Crash Barrier का अधिष्ठान कार्य। | 10.00 | 20,000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 19. | सिमडेगा–रेंगारी–केरसई–बोलबा उड़ीसा सीमा पथ के कि.मी. 21.00 से 48.21 कि.मी. में सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्य। | 10.00 | 20,000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 20. | सिमडेगा–रेंगारी–केरसई–बोलबा उड़ीसा सीमा पथ के भाग–02 के कि.मी. 0.00 (बोलबा) एवं कि.मी. 14.00 (उड़ीसा सीमा) पर दो अदद हॉफ गैन्ट्री का अधिष्ठापन कार्य। | 15.00 | 30,000.00 | 2500.00 | 30 दिन |
| 21. | सिमडेगा–जलडेगा–हुरदा–गिरदा–मनोहरपुर पथ में 580मी0 लंबाई में W-metal Beam Crash Barrier का अधिष्ठान कार्य। | 15.00 | 30,000.00 | 2500.00 | 30 दिन |

1. निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है, जिसका अनुपालन अनिवार्य होगा।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य **भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट** के रूप में ही स्वीकार्य होगा, जो निविदा आमंत्रण तिथि के बाद जारी की गई हो तथा किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगी एवं बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से हो।
4. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन निबंधन आव यक है।
5. PWD कोड में सं ोधन के फलस्वरूप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
6. पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत पूर्व के किसी भी वित्तीय वर्ष में गैर–योगना मद अंतर्गत अपूर्ण कार्य करने वाले संवेदकों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सिमडेगा।

PR.NO.357090 Simdega(25-26):D

# राहुल सिंह गिरोह के छह अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के छह गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उनके पास से हथियार भी बरामद किया है। इस आशय की जानकारी पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी राहुल सिंह के इशारे पर कुछ अपराधी हथियारों से लैश होकर चंदवा के चिरो मोड़ स्थित यात्री शेड के पास जमे हुए हैं। इसी सूचना पर कार्रवाई करते हुए उन्हें दबोच लिया गया।

**पिछले दिनों रंगदारी के लिए चलायी थी गोली :** लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने 10 जून 2025 को चंदवा के टोरी साइडिंग पर रंगदारी के लिए गोली चलायी थी। इसमें एक गोली एक कंटेनर में लगी थी। बावजूद इसके उन्हें किसी प्रकार की रंगदारी नहीं मिली। इसके बाद सभी अपराधी फिर वहां रंगदारी के लिए शराब पी कर गोलीबारी एवं लूटपाट की योजना बना रहे थे। वहां पर कुछ मोटरसाइकिल एवं स्कूटी भी खड़ी थी। खबर सत्यापन के बाद एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने चिन्हित स्थल पर छापामारी की।

**अपराधियों की निशानदेही पर मनोज तुरी भी गिरफ्तार :** राहुल सिंह गिरोह के जिन छह गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनमें मो शाहिद अंसारी (19 वर्ष) अलीनगर लोहरदगा, नितेश उरांव (24 वर्ष) हेठजोरी गुमला, तरुण यादव (23 वर्ष) चंदवा, शमशाद अंसारी (18 वर्ष) अलीनगर लोहरदगा, मो मोजम्मिल अंसारी (21 वर्ष) लोहरदगा शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर फिर छापामारी की गयी। यहां से 10 जून के कांड के अभियुक्त मनोज तुरी (26 वर्ष) चंदवा को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इसके पास से दो देसी पिस्टल, छह जिंदा गोली, चार मोबाइल फोन, एक पल्सर आर-200 मोटरसाइकिल ( जेएच 07एम-3104), एक टीवीएस एनटीओआरक्यू 125 स्कूटी (जेएच 01ईएफ- 6246) व 15 हजार रुपया कैश बरामद किया गया है।

छापामारी दल में अरविन्द कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लातेहार, पुनि रणधीर कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी चंदवा, पुअनि अजीत कुमार चन्दवा थाना, सअनि सरोज कुमार सिंह, सअनि उपेन्द्र कुमार चंदवा थाना, बाबु ओम शिव कुमार, राहुल कुमार दूबे तकनीकी शाखा लातेहार, सैट-44 चंदवा एवं सैट 206, माल्हन पिकेट के सशस्त्र बल जवान शामिल है।

# सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत ग्रामीणों ने सड़क जाम की



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र के नामुदाग मे शुक्रवार के सुबह लगभग 10 बजे माधव नामक बस ने मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया जिससे मोटरसाइकिल पर सवार 11 वर्षीय अंकित यादव पिता कमलेश यादव ग्राम चेचेंधा की घटना स्थल पर मौत हो गयी वहीं मोटरसाइकिल चला रहे हैं राहुल यादव पिता अखिलेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मेदिनीनगर रांची मुख्य मार्ग को लगभग एक घंटा जाम कर दिया। जाम के बाद दोनों और से गाड़ियों की लंबी कतार लगी हुई थी। घटना सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर। परिजनों से वार्ता कर शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। वहीं प्रशासन में माधव नामक बस को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

# कुडू मे परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू में शुक्रवार को परिवार स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुलामी होरो द्वारा फीता काटकर किया गया। यह मेला आगामी 26 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर पर डॉ श्रीमती होरो ने कहा कि परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य लोगों को जनसंख्या नियंत्रण और सुरक्षित परिवार नियोजन के तरीकों के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी, आइयूडी, पीपीआइयूसीडी, अंतरा, छाया सहित परिवार नियोजन से संबंधित अन्य साधनों का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। इसके साथ ही परिवार नियोजन के महत्व, उपायों और लाभ की जानकारी लोगों को दी जायेगी। उन्होंने आम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आकर इसका लाभ लेने की अपील की। मौके पर बीपीएम सरोजिनी केरकेट्टा, बीएएम लाल निरोज नाथ शाहदेव, एलटी सुदिन कुमार, क्लर्क गॉडविन तिग्गा, सहित अन्य स्वास्थ्कर्मी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# वाहन की चपेट में आने से दो लोग घायल

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में मिस्त्री और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को स्थानीय लोग और राहगीरों द्वारा निजी वाहन से इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। वही घटना की सूचना मिलने पर घटना स्थल पहुंच सेन्हा पुलिस ने घटना का जायजा लिया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मोटरसाइकिल जे एच 05 एक्स 1889 पर सवार युवक एवं वाहन मिस्त्री गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को निजी वाहन टोटो से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के निगरानी में दोनों का इलाज किया जा रहा है। वही एक घायल युवक की पहचान मुर्की निवासी बिशु उराँव का पुत्र सिकेन्द्र उरांव तथा दूसरा युवक का पहचान वाहन मिस्त्री के रूप में किया गया। एएसआइ अलबिना लकड़ा ने बताया कि अज्ञात वाहन दोनों युवकों को टक्कर मारने के पश्चात चालक घटना स्थल से गाड़ी ले कर फरार हो गया है। जिसका छानबीन पुलिस के द्वारा आरम्भ कर दिया गया है।

# जनता का काम नहीं करने वाले पदाधिकारी नपेंगे : प्रकाश राम



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार आंचल सह ब्लॉक कार्यालय में लातेहार के विधायक प्रकाश राम के द्वारा जनता दरबार का आयोजन हुआ। जिसमें पिछले आवेदन का समीक्षा किया गया। जिसमें 75 प्रतिशत काम हो रहा है। जनता दरबार में 133 आवेदन पढ़ा। अफसर ने घोषणा की है कि हम एक सप्ताह के अंदर समाधान करेंगे। वही विधायक ने संबोधित करते हुए बताया कि जनता दरबार में सभी समस्या का समाधान होनी चाहिए। हम लोग ऐसा प्रयास करें कि जनता दरबार का आवेदन का समाधान पदाधिकारी करते रहे। जिससे दरबार में समस्या ना रहे। सरकारी कर्मी में एक मात्र रोजगार सेवक थे। सत्रह के सत्रह फरार थे। इसमें भी एक्शन लेने की बात हुई। इस बैठक में मनरेगा जमीन का मुद्दा ज्यादा रहा। जनता दरबार में आए आवेदन पर काम नहीं करने वाले कुछ अधिकारी को नपेंगे। वही विधानसभा में ऐसे पदाधिकारी के कार्य को उठाने का काम करेंगे। मौके पर सीओ देवाशीष अरविंद टोप्पो, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी, प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा समेत पंचायत समिति के मुखिया शामिल रहे।

# बालू ढुलाई करते दो ट्रैक्टर जब्त

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के विभिन्न नदी एवं बालू घाटों से अवैध बालू का उठाव लगातार जारी है। बालू के लगातार अवैध खनन से नदियों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। वही शहर के मुख्य सड़क, गली एवं चौराहे पर रहने वाले लोगों की रात का नींद गायब हो गया है। जिसकी शिकायत जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद को मिली। जिसके बाद जिला खनन पदाधिकारी द्वारा तत्काल एक टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया गया। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि टीम द्वारा अवैध बालू ढुलाई करते लोहरदगा निवासी अख्तर अंसारी एवं भक्सों निवासी उदय साहू का टैक्टर को जब्त कर लिया। जब्त करने के बाद स्वराज एवं सोनालिका कंपनी के दोनों ट्रेक्टर को लोहरदगा थाना को सपुर्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया खनन एक्ट के तहत ट्रेक्टर, ड्राइवर एवं मालिक के उपर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# पोक्सो एक्ट और ह्यूमन ट्रैफिकिंग में दोषी इमरान को 20 साल कारावास

आजाद सिपाही संवाददाता



लोक अभियोजक मिनी लकड़ा।

**लोहरदगा।** लोहरदगा मानव अपसारण ह्यूमन (ट्रैफिकिंग) एवं पोक्सो एक्ट के तहत सुनवाई करते हुए जिला एवं प्रधान सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी इमरान अंसारी को दोषी ठहराते हुए 20 साल कारावास और 25 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाने का सजा सुनाया है। ह्यूमन ट्रैफिकिंग के तहत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष अतिरिक्त सजा का भी फैसला सुनाया गया है। मामला 2019 का है।जबकि, नाबालिक पीड़िता के पिता ने अहतू (एसटीएससी) थाना में कांड संख्या 28/ 2022 दर्ज कराया था। मामले में नाबालिग युवती का अपहरण का मामला दर्ज किया गया। इसमें मांडर मुड़मा निवासी रफीक अंसारी के पुत्र इमरान अंसारी (28 वर्ष) को नामजद आरोपी बनाया गया। बताया गया कि, नाबालिक लोहरदगा स्थित अपने बड़ी बहन के घर मेहमान के रूप में आयी थी। इस दौरान सलवार सूट सिलवाने के लिए जब बाजार जा रही थी। तब ईद बाजार के गहमा गहमी के बीच रास्ते से आरोपी इमरान अंसारी बलपूर्वक नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद इमरान अंसारी लगातार नाबालिक का यौन शोषण करता रहा। इसके बाद आरोपी इमरान नाबालिक को दिल्ली में ले जाकर कथित तौर पर बेच दिया। दिल्ली में किसी तरह नाबालिक युवती भाग कर एनजीओ की मदद लिया। एनजीओ की पहल पर लोहरदगा पुलिस से संपर्क कर युवती को लोहरदगा लाया गया। मामले की सुनवाई के पश्चात अदालत ने इमरान अंसारी को दोषी ठहराते हुए 20 साल कारावास और अर्थ दंड की सजा सुनाया है। न्यायालय में आरोपी को सजा दिलाने में लोक अभियोजक मिनी लकड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस संदर्भ में लोग अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि, न्यायालय से ह्यूमन ट्रैफिकिंग व पोक्सो एक्ट के आरोपियों को सजा मिलने से उनके हौसले पस्त होंगे। न्यायालय के फैसले से समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा।

# वित्तीय साक्षरता और जन सुरक्षा कैंप लगा



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के तत्वावधान में शुक्रवार को पंचायत भवन सुंदरू में वित्तीय साक्षरता सह जागरूकता कार्यक्रम एवं जन सुरक्षा कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान बैंकिंग सेवाओं के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गयी, जिसमें ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग, बचत की आदतें, बीमा एवं पेंशन योजनाओं के लाभ के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अग्रणी प्रबंधक नितिन किशोर, जेपीएसएल डिओ एफआई बीटू सर, शाखा प्रबंधक माम्पी प्रिया सेन, दीपक कुमार, संदीप कुमार, श्री बसंत कुमार, ग्रामीण बैंक के एफएलसी काउंसलर अनिल कुमार तथा बैंक सखी प्रीति कुमारी विशेष रूप से उपस्थित थे। मौके पर अधिकारियों ने लोगों को योजनाओं के लाभ एवं नामांकन प्रक्रिया को सरलता से समझाया और अधिक से अधिक लोगों को इनसे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की उपस्थिति उत्साहजनक रही।

# बरवाडीह में अनुदानित बीज नहीं मिला नाराज किसानों ने जताया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय में शत प्रतिशत अनुदान में मिलने वाली बीज के लिए आसपास के कई पंचायत के किसान महिलाएं तीन दिनों से प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे। लेकिन बीज नहीं मिलने से परेशान किसान महिलाएं शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी के नेतृत्व में पूरे दिन बीज की मांग करते रहे लेकिन बिना बीज लिए महिलाओं को वापस लौटना पड़ा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खेती कार्य को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा शत प्रतिशत अनुदान में रहर और बादाम समेत अन्य बीज सभी किसानों के बीच वितरण करना है। इसके लिए किसानों ने अपना आधार कार्ड और जमीन का रशीद जमा कर अनाज लेने के लिए अपना निबंधन भी करा लिया। शुक्रवार को बीज लेने प्रखंड मुख्यालय पहुंचे किसान महिलाएं पार्वती देवी, शोभा देवी, लक्ष्मी देवी समेत मंगरा, केचकी, छिपादोहर, कुचिला समेत अन्य पंचायतों के 100 से अधिक लाभुकों ने बताया कि वे सभी अपना काम धंधा छोड़कर 8 तारीख से ही बीज लेने के लिए सारा कागजात कृषि पदाधिकारी को जमा कर दिया है, लेकिन तीन दिनों से लगातार कुछ न कुछ बहाना बना कर हम लोगों को वापस कर दिया जा रहा। निराशा महिलाएं अपनी शिकायत लेकर प्रमुख सुशीला देवी के कार्यालय चेंबर में पहुंची। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने बताया कि जिला कृषि पदाधिकारी से इस संबंध में पूछे जाने पर किसी तरह की सार्थक जवाब नहीं दिया गया। जबकि कृषि पदाधिकारी भी बीज देने के नाम पर किसानों को आजकल कर दौड़ाया जा रहा है। इससे किसान काफी परेशान है। इस बीच प्रखंड कार्यालय में किसानों का विरोध और हंगामा को देखते हुए थाना प्रभारी राधे श्याम कुमार द्वारा पुलिस बल भेज कर मामला को शांत कराया गया और बीज लेने पहुंचे सभी किसान महिलाएं को सूचीबद्ध किया गया। इस संबंध में प्रभारी कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव ने बताया कि सूचीबद्ध किसानों को शनिवार को अनुदानित बीज वितरण किया जायेगा। जबकि सभी पंचायत में चयनित क्लस्टर में किसानों के बीच बीज वितरण किया जा रहा।

# नक्सली के घर चिपकाया इश्तेहार




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले की पुलिस ने लातेहार पुलिस के सहयोग से विशेष अभियान चलाकर शुक्रवार को प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कमांडर के घर न्यायालय से प्राप्त इश्तहार को चिपकाया। इस संबंध में छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने बताया कि छिपादोहर थाना अंतर्गत चुंगरू पंचायत अंतर्गत नावाडीह निवासी नक्सली कमांडर मृत्युंजय जी उर्फ अवधेश भुइयां उर्फ मृत्युंजय भुइयां पिता बाबूलाल भुइयां पर गुमला जिले के चैनपुर थाना में कांड संख्या 10 / 2015 दर्ज था। जिसपर गुमला न्यायालय ने नक्सली के खिलाफ इस्तेहार चिपकाने का आदेश पुलिस को दिया था। शुक्रवार को चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने छिपादोहर पुलिस के सहयोग से नावाडीह उसके घर पहुंच इस्तिहार चिपकाने की कारवाई की।

# लोहरदगा के प्रांजल ने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लहराया परचम

गणित और पत्र लेखन में शानदार प्रदर्शन, देश का नाम किया रोशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदग्गा के महावीर चौक निवासी पंकज कुमार अग्रवाल के 11 वर्षीय प्रतिभाशाली छात्र प्रांजल अग्रवाल ने हाल ही में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं में शानदार सफलता प्राप्त कर न सिर्फ गुजरात बल्कि पूरे देश का नाम गौरवान्वित किया है। प्रांजल ने भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा आयोजित गुजरात पोस्टल सर्कल की पत्र लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 'सागर संरक्षण' विषय पर लिखे गये उनके पत्र को बेहद रचनात्मक और संवेदनशील माना गया। उन्होंने महासागर की ओर से चंद्रमा को एक काल्पनिक पत्र लिखकर जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण और वैश्विक सहयोग जैसे जटिल मुद्दों को सरल और मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया।


उनकी एक पंक्ति 'हे सुंदर चंद्रमा, क्या मनुष्य अब भी तुम्हारी रोशनी से मोहित होते हैं? क्या वे जानते हैं कि मेरा भविष्य उनके हाथों में है?' विशेष रूप से निर्णायकों को प्रभावित कर गयी। इसके अलावा, प्रांजल ने यूसी बर्कले द्वारा आयोजित बर्कले मिनी मैथ टूर्नामेंट में व्यक्तिगत स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता विश्व की सबसे प्रतिष्ठित छात्र संचालित गणित प्रतियोगिताओं में से एक मानी जाती है, जिसमें इस वर्ष 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसी क्रम में, प्रांजल ने भारतीय सांख्यिकी संस्थान, बेंगलुरु द्वारा आयोजित लिमिट मैथमेटिक्स कंपिटीशन में सोलहवां स्थान हासिल कर अपनी गणितीय प्रतिभा का लोहा मनवाया।

# सावन माह के पहले दिन शिवालयों में उमड़ी भीड़



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ऐतिहासिक अखिलेश्वर धाम सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में शुक्रवार को पवित्र सावन माह के पहले दिन भक्तों का भीड़ देखा गया। अखिलेश्वर धाम में शिव भक्ति अहले सुबह से ही भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की पूजा-अर्चना करने को लेकर पहुंच गए थे। भक्तों के बोल बम व हर हर महादेव के उद्घोष से पूरा अखिलेश्वर धाम परिसर भगवान के जयकारे से गूंजमय रहा। शिव भक्त पूरे विधिवत तरीके से दूध, बेलपत्र व जलाभिषेक कर सुख समृद्धि को लेकर प्रार्थना किया। मंदिर के पुजारी भजन पांडा ने कहा कि पवित्र सावन माह के पहले दिन सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त कतार में रहकर विधिवत पूजा अर्चना किया। भीड़ को देखते हुए भक्त कतार बद्ध होकर पूजा करते नजर आएं। उन्होंने कहा कि अखिलेश्वर धाम शिव मंदिर में सच्चे श्रद्धाभाव से मांगी गयी हर मनोकामना भगवान भोलेनाथ पूर्ण करते है। यहां झारखंड राज्य सहित छत्तीसगढ़ से भी भक्त पहुंचते है। भक्तों की मुराद पूरी होने पर घंटा लगाने की भी प्रथा है।

# आवास योजना को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभागार कक्ष में अबुआ आवास योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर पंचायत सचिव, पंचायत सहायक व रोजगार सेवक की बैठक बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की कार्यवाही प्रारंभ होते ही बीडीओ ने क्षेत्र के 9 पंचायतों में वर्ष 2023-24 के अबुआ आवास योजना की समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित सभी पंचायत सचिव से बारी-बारी से योजना के कार्य की जानकारी ली। कहा कि किसी भी सूरत में राज्य सरकार की ओर से गरीबों को दिया जाने वाले आशियाना के खिलाफ एक भी नहीं सुनी जायेगी। जिस तरह से लाभुकों के बैंक खाते में प्रथम, द्वितीय किस्त की राशि भेजी जा रही है, ठीक उसी के अनुरूप कार्य किया जाना है। राशि का अगर उठाव कर चुपचाप बैठे हैं, तो उसे कदापि बर्दास्त नहीं किया जायेगा। सभी की लापरवाही के कारण निर्माण कार्यों में तेजी नहीं लायी जा रही है। प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कहा कि आज भी क्षेत्र में कई ऐसे लाभुक हैं, जो आवास निर्माण का कार्य आधार में छोड़ चुके हैं। लाभुकों की मनमानी किसी भी सूरत में नहीं चलेगी, आखिर किस कारण से राशि का उठाव कर सोए हुए हैं। उन्हें पूर्ण कराने की दिशा में पहल करें। इसमें सभी अपने-अपने पंचायतों में बने रहेंगे, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस मौके पर प्रखंड समन्वयक नितलेन्द्र कुमार,पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार, जनसेवक धर्मदास भगत, राजेश भगत,सत्यकाम कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# नाली निर्माण में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद के संज्ञान में आते ही उन्होंने त्वरित कारवाई करते हुए लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड के मदरसा चौक से एड़ादोन तक पथ सुदृढ़ीकरण योजना के तहत नाली निर्माण का कार्य रोकते हुए उसे पुनः उसे मानक के अनुरुप कराने का आदेश दिया है। विदित हो कि उपायुक्त को उक्त स्थान पर नाली निर्माण में निर्धारित मानक का अनुपालन नहीं किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसके उपरांत उपायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और नाली का निर्माण कार्य पुनः निर्धारित मापदंड के अनुसार किये जाने का आदेश दिया है। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा है कि भविष्य में जिला अंतर्गत अन्य सरकारी निर्माण कार्यों में अनियमितता या मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किये जाने की शिकायत आती है तो उस पर कड़ी से कड़ी कारवाई की जायेगी।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के द्वारा शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष प्रो शिवदयाल साहू ने की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भारत ने स्वतंत्रता प्राप्ति के 78 वर्षों में हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है, लेकिन अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि इसके समक्ष सबसे बड़ी चुनौती बन गये है। 1952 में विश्व में सबसे पहले परिवार नियोजन कार्यक्रम की शुरूआत करने वाला भारत आज 146 करोड़ से अधिक आबादी के साथ एक गंभीर संकट का सामना कर रहा है। देश केवल 2.4 फीसदी भू-भाग पर विश्व की 17.8 फीसदी जनसंख्या का बोझ वहन कर रहा है, जिससे सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय समस्याएं विकराल होती जा रही हैं। ज्ञापन में चेताया गया कि यदि समय रहते जनसंख्या नियंत्रण के लिए ठोस कानून नहीं लाया गया, तो देश में गृहयुद्ध जैसे हालात उत्पन्न हो सकते हैं। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट पिछले 12 वर्षों से इस मुद्दे को लेकर देश भर में सभाएं, रैलियां, ज्ञापन, पदयात्राएं और रथयात्राएं आयोजित कर जनजागरण का कार्य कर रहा है। भारत सरकार शीघ्र ही जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करे और इस दिशा में राष्ट्रीय स्तर पर जनचेतना बढ़ाने का अभियान चलाये। ज्ञापन सौंपने के दौरान चंदन गोयल, पवन तिग्गा, आकाश वर्मा, विजय चंद्रशेखर, प्रमोद प्रजापति और सचिन कुमार साहू समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची की तैयारी को लेकर सीओ की बैठक

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर अंचल कार्यालय सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ राकेश तिवारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन की प्रक्रिया में सुधार करने पर चर्चा हुई। राकेश तिवारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची की तैयारी एवं संशोधन की प्रक्रिया में सुधार के लिये राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट टैग करने सहित जिओ फेसिंग, मतदान केंद्रों का रेसलाइज्जेशन, मतदान केंद्र का नजरी नक्शा की मैप आदि के बारे में जानकारी दी गयी। राजनीतिक दलों से अपेक्षा है कि मतदाता सूची तैयार करने में सहयोग करें। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी विजय चौबे, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला गुड्डू, राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष एमामुल हक गुड्डू आदि मौजूद थे।

### हुसैनाबाद के जपला में हुई हत्या की गुत्थी सुलझी को पुलिस ने सुलझाया

# नशीला इंजेक्शन लगाकर अचेत करने के बाद की हत्या, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद पुलिस ने जपला धरहारा स्थित नहर से बरामद शव की पहचान ताबिश अंसारी के रूप में की है। इसके साथ ही प्राथमिकी दर्ज कर पलामू एसपी के निर्देश पर हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मो याकुब के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की। एसपी रीष्मा रमेशन ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक ताबिश अंसारी मुहर्रम के दिन अपने मित्र अजहरूद्दीन से विनय जनरल स्टोर जाने की बात कहकर



पकड़े गये आरोपी की जानकाती देतीं एसपी रीष्मा रमेश एवं अन्य अधिकारी।

आरोपित तबरेज आलम के साथ निकला था। पर वापस नहीं लौटा। बाद में तबरेज ने ताबिश का मोबाइल उसके घर पहुंचा दिया। जिससे संदेह और गहरा गया। तकनीकी साक्ष्य, घटनाक्रम की बारीकी से विवेचना, गुप्त सूचना और अन्य साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि मृतक और अभियुक्त साथ में कार्यरत थे। ताबिश के कारण तबरेज की नौकरी छूट गई थी। ताबिश के पास अभियुक्त की कुछ राशि बकाया थी। इसी पुरानी रंजिश को लेकर तबरेज ने ताबिश की हत्या की योजना बनाई। इसके बाद छह जुलाई को तबरेज आलम ने मृतक को नशे का इंजेक्शन देकर बेसुध कर दिया। इसके बाद पट्टी से गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को नहर में फेंक दिया। वहीं, जांच के दौरान पुलिस को आरोपित के पास से केटामाइन का खाली वायल, दो निडल कैप, फटा हुआ रैपर और दो मोबाइल फोन जब्त किया गया। वहीं, छापामारी दल में हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मो याकुब, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, पुअनि सौरभ चौबे, पुअनि मुकेश सिंह, पुअनि कमल किशोर पाण्डेय, पुइनि रमन यादव आदि शामिल रहे। दूसरी ओर, पुलिस ने पकड़े गये आरोपित को अदालत में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है।

# मतदाताओं का होगा गहन सत्यापन, 2003 के बाद के वोटरों को दिखाना होगा पहचान पत्र

### प्रशिक्षण के बाद बोले प्रशिक्षक-सख्त होगा मतदाता सत्यापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को चतुर्थ बैच के 101 बीएलओ (बूथ स्तर अधिकारी) को विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण दिया गया। जिसका उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव 2025 से पूर्व मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित और प्रमाणिक बनाना है। प्रशिक्षक के रूप में करों प्रखंड के आपूर्ति पदाधिकारी अफसर सदाब और मधुपुर प्रखंड के जेएसएस अशोक कुमार यादव उपस्थित रहे। दोनों ने बीएलओ को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया, नियम और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी विस्तार से दी। प्रशिक्षकों ने बताया कि इस बार मतदाता सत्यापन का कार्य बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे। प्रत्येक मतदाता से गणना प्रपत्र भरवाया जाएगा, जिस पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा। जिन मतदाताओं का नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज है, उन्हें गणना प्रपत्र के साथ उस समय की मतदाता सूची की छाया प्रति संलग्न करनी होगी। वहीं, जिनका नाम 2003 के बाद की सूची में है, उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त सरकारी पहचान पत्र में से कोई एक संलग्न करना अनिवार्य होगा। गणना प्रपत्रों के आधार पर ही मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा। अगर कोई मतदाता निर्धारित अवधि में फॉर्म और आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं करता है, तो उसका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में मतदाता प्रथम अपीलीय पदाधिकारी या झारखंड निर्वाचन आयोग के समक्ष दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। प्रशिक्षण में बीएलओ को यह भी बताया गया कि उन्हें प्रत्येक मतदाता को आयोग की ओर से प्रदत्त फॉर्म की एक प्रति देनी होगी, जिसे भरकर मतदाता उन्हें दस्तावेजों के साथ लौटाएंगे। इसके बाद बीएलओ यह सभी प्रपत्र अपने संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारी (एआरओ) को जमा करेंगे। इस मौके पर प्रखंड समन्वयक विशाल कुमार शरण, अभियंता विनोद कुमार महतो, कंप्यूटर ऑपरेटर गोपाल कुमार, जितेंद्र भगत, रॉबिन मुर्मू सहित चतुर्थ बैच के सभी बीएलओ उपस्थित थे।

## रांची से आज आयेगा ददई दुबे का पार्थिव शरीर, वाराणसी में होगा दाह संस्कार



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का पार्थिव शरीर सड़क मार्ग से शनिवार को रांची से आयेगा। अहले सुबह तीन बजे पार्थिव शरीर लेकर परिजन रांची से चलेंगे और सात बजे मेदिनीनगर स्थित कांग्रेस के जिला कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिये पार्थिव शरीर को रखा जायेगा। उसके बाद पड़वा मोड़, भंडार, बीमोड़, रेहला होते हुए भाया गढ़वा पैतृक गांव चोका ले जाया जायेगा। जहां अंतिम दर्शन के बाद पार्थिव शरीर को वाराणसी ले जाया जायेगा। वहीं गंगा किनारे राजा हरिश्चंद्र घाट पर उनका दाह संस्कार होगा।

## कॉलेज के विकास में ददई दुबे का रहा महत्वपूर्ण योगदान : अर्चना कुमारी



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला बीमोड़ स्थित संत तुलसीदास इंटर कॉलेज में शुक्रवार को शोक सभा आयोजित कर पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे को श्रद्धांजलि दी गयी। प्रभारी प्राचार्य अर्चना कुमारी ने कहा कि कॉलेज के उत्तरोत्तर विकास में ददई दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कॉलेज के ऊपरी मंजिल का भवन उन्होंने ही बनवाया था। इसके अलावा कई शैक्षणिक संसाधन भी कॉलेज को उपलब्ध कराया था। मौके पर इरफान अहमद, राजीव चौबे, रेणु कुमारी, रूपा कुमारी, सोनालिका कुमारी, सुशील यादव, इबारत खलीफा, संतोष ठाकुर, सोनी कुमारी, सुभाष पांडेय, लक्ष्मीकांत शुक्ला, अमित चौबे, पंकज चौबे, प्रभाकर सिंह, विशाल चंद्रवंशी, अनिल शुक्ला, रामा तिवारी, सुजीत चौबे, पानपति कुंवर और अनिमेष तिवारी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, ददई दुबे के निधन पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह, पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, सामाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, जिला पार्षद विजय रविदास, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुदिन अंसारी, ऋतुराज मिश्रा, पूर्व नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह, मजदूर नेता मनोज शुक्ला, अशोक सिंह, अरविंद पांडेय, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू, कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष एनामुल हक गुड्डू, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, पूर्व नप उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह और डॉ इलियास अंसारी आदि ने शोक प्रकट किया।

## ददई दुबे ने की थी आमजन-कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की रक्षा : ज्योतिरीश्वर

**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड जब अविभाजीत बिहार की राजनीति लालू यादव एवं अन्य नेता जातीय समीकरणों को हवा दे रहे थे, उस दौर में कांग्रेस के दिग्गज नेता सांसद ददई दुबे ने इंसानियत, सामाजिक समरसता, जनसेवा और विचारधारा की राजनीति की मिशाल पेश की थी। दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में इलाज के दौरान उनके निधन की सूचना मिलने के बाद पूर्व भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने कहा कि इस बात का गर्व है कि एक समय दिवंगत ददई दुबे ने अपने जीवन काल में उन्हें राजनीति से अनभिज्ञ, विदेश-शिक्षित युवा को न सिर्फ राजनीति में प्रवेश दिलाया, बल्कि मुझे इंटक का युवा राष्ट्रीय महासचिव जैसे अहम दायित्वों के लिए चुनने का कार्य किया। उन्होंने राजनीति का हर पाठ पढ़ाया। उनके दुनिया से चले जाने से अपना राजनीतिक गुरु खोया है। जो उन्हें हर रणनीतिक चर्चा में शामिल रखते हुए अपने परिवार का एक अभिन्न अंग मानते थे। मौजूदा दौर में जब जननेताओं की जगह व्यवस्थागत मुखौटे लेते जा रहे हैं, तब ददई दुबे जैसा जुझारू, निडर और जन संवेदनशील नेता मिलना असंभव नहीं तो कठिन तो अवश्य है। ददई दुबे उनके विचारों, आदर्शों और हर उस जनसेवक के दिल में हमेशा जीवित रहेंगे।

## श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मंझिगावां पंचायत के लोकेया में 8 से 13 जुलाई तक आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरूआत गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीश्री 1008 श्री गंगा पुत्र त्रीडंडी स्वामी के सानिध्य में गुरुवार को धार्मिक रिति-रिवाज से पूजा पाठ कर महाबिरी ध्वजारोपण किया गया। बाबा के आगमन पर सभी ग्रामीण पलक बिछाए शाम तीन बजे से ताली चौक पर काफी संख्या में लोगों खड़ा थे। रात आठ बजे बाबा के आगमन की खुशी में ग्रामीण गांधीपुर जाकर स्वागत किया और अपने गांव लेकर आये।

# राजस्व शिविर में 74 में से 36 मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन

- सुदूरवर्ती क्षेत्र में शिविर लगना सराहनीय पहल
- शिविर के लिए ग्रामीणों ने जताया सीओ का आभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर/पलामू।** छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के चराई पंचायत भवन में शुक्रवार को एक दिवसीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। सीओ उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित शिविर में कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 36 मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया। शेष आवेदनों का निष्पादन कल तक कर दिया जाएगा। शिविर में राजस्व अभिलेखों में सुधार, लगान रसीद निर्गत करना, जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र जारी करना जैसे कार्य किए गए। इसके अलावा एक गैरमजरुआ प्लॉट के अतिक्रमण वाद और चराई प्लस 2 विद्यालय के सीमांकन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का भी निष्पादन सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। शिविर में अंचल कर्मियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे। लोगों ने सुदूरवर्ती इलाके में इस प्रकार के शिविर आयोजन को सराहनीय बताते हुए सीओ के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयरन टैबलेट जरूरी : निदेशक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत अंतर्गत अमन चैन मुहल्ला एवं जपला छतरपुर रोड के नहर मोड़ के समीप धरहरा जपला स्थित समता स्कूल परिसर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को आयरन एंड फोलिक एसिड टेबलेट आईपी दवाओं का छात्राओं के बीच वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान ने बताया कि आयरन टैबलेट से बच्चों में लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है और उनके शारिरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का विकास होता है। इसलिए इस टैबलेट को विद्यार्थियों को सेवन करना चाहिए। कहा कि यह गोलियां खाने से शरीर में खून की कमी को दूर करने के साथ ही स्वच्छ रक्त का निर्माण होता है। इस मौके पर शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, संतोष मिश्रा, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल चौहान, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी आदि मौजूद थे।

# खुली शराब की दुकानें, पर नहीं थम रही कालाबाजारी

**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में शुक्रवार से एक पखवाड़े से बंद पड़ी देशी-विदेशी शराब दुकानों को खोलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उत्पाद विभाग के निर्देश पर खोली जा रही इन दुकानों पर कालाबाजारी की प्रथा थमती नजर नहीं आ रही है। हैदरनगर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने कहा कि इससे पूर्व भी प्रिंट रेट से अधिक पैसे लेने का आरोप लगातार लगता रहा है। अंग्रेजी शराब के ग्राहकों से क्वार्टर साइज के पैक पर 10 से 20 रुपया, हाफ पर 30 से 40 और फुल साइज के पैक पर 50 से 70 रुपया अधिक मूल्य लिये जाने की शिकायत पर प्रतिष्ठान पर ही विक्रेताओं द्वारा ग्राहकों के साथ मारपीट और खून खराबा की कई घटना हो चुकी है। वहीं, केन बियर में अंकित मूल्य से 50 रुपये तक की अधिक वसूली ग्राहकों से की गयी। इसकी शिकायत कई बार किए जाने के बावजूद संबंधित अधिकारी चुप्पी साधे रहे। उन्होंने कहा कि आज तक समुचित



कार्रवाई नहीं होने से स्पष्ट होता है कि इस कालाबाजारी की मोटी रकम उन तक भी जाती है। विक्रेताओं के मनोबल इतना परवान चढ़ा है कि अवैध वसूली का विरोध करने पर दुकानदार का सीधा जवाब मिलता है कि जहां जाना है जाओ, इसी रेट से मिलेगी शराब। इस अवैध वसूली की आवाज फिर शुक्रवार को हुसैनाबाद शहर के जेपी चौक और आकाशदीप होटल के समीप अंग्रेजी शराब दुकान में ग्राहकों ने उठाया है। कहा कि जब सरकारी महकमा ही इस भ्रष्टाचार को रोक नहीं पा रहे तो कौन ग्राहकों को निर्धारित और अंकित मूल्य पर शराब उपलब्ध करायेगा। गरीब तबके से लेकर बड़े शौकीन लोगों को भी दैनिक शराब क्रय करना पड़ता है। उन्होंने इस भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग पलामू के उपायुक्त से की है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित

# बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण जरूरी : एसडीओ

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ विनेश कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर एसडीओ ने कहा कि बढ़ती जनंसख्या हमसभी के लिये चिंता का विषय होना चाहिए। कहा कि जनंसख्या पर नियंत्रण अति आवश्यक है। इसे लेकर हमसभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। लोगों को जागरूक करना होगा। वहीं,



सांसद प्रतिनिधि ने जनंसख्या को स्थिर करने पर जोर दिया। कहा कि सरकार के स्तर से जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने को लेकर सभी लोगों को अपने-अपने स्तर से जागरूक करने पर बल दिया। वहीं, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ विनेश ने जनसंख्या दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी लोगों से इस मुहिम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने एवं परिवार नियोजन पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत निर्धारित सभी लक्ष्य की प्राप्ति में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, डॉ राजकुमार गुप्ता, डॉ नीलम लकड़ा, लेखा प्रबंधक प्रेममणी सुधांशु, बीडीएम रंजीत मेहता आदि उपस्थित थे।

## राजद का सेवा शिविर शुरू



**देवघर (आजाद सिपाही)।** श्रावणी मेले के अवसर पर टावर चौक में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की ओर से कांवरियों के लिए सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन देवघर विधायक सुरेश पासवान ने किया। उन्होंने कहा कि यह शिविर केवल जल, शरबत या आराम की व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि कोई कांवरिया यदि रास्ते में परेशान होता है तो हम उसे घर तक लौटने के लिए किराया भी उपलब्ध कराते हैं। शिविर में ठहराव, प्राथमिक उपचार, पेयजल, शरबत, नींबू पानी और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गई है। राजद कार्यकर्ताओं की ओर से पिछले 30 सालों से सेवा भाव से लगातार दिन-रात कांवरियों की सेवा की जा रही है। विधायक ने बताया कि यह सेवा भविष्य में भी इसी भाव से जारी रहेगी।

## व्यापक स्तर पर पेड़ लगाने की जरूरत : शशि

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** श्री मां बाल विकास विद्यालय जपला की ऊपरी कला शाखा में पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार के सौजन्य से पौधरोपण किया गया। इस दौरान शशि कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद अजय प्रसाद गुप्ता, विद्यालय के निदेशक डॉ जीतेंद्र प्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से आम, अमरुद, पपीता, अनार सहित कई फलदार एवं छायादार पौधे लगाए। अपने संबोधन में शशि कुमार ने कहा कि पौधरोपण कार्यक्रम में जनसहभागिता की जरूरत है। भावी पीढ़ी के लिए पर्यावरण संतुलन के लिए हम सभी को सजग रहना होगा। वहीं, निदेशक डॉ जीतेन्द्र प्रसाद ने आयोजन की सराहना करते हुए पौधरोपण अभियान में जन भागीदारी की बात कही।

# देवघर शहरी क्षेत्र में मांस मछली की बिक्री पर रोक

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने शुक्रवार को बताया कि श्रावणी मेला के अवसर पर देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु एवं कांवरिया बाबा बैद्यनाथधाम पहुंचते हैं। ये सभी श्रद्धालु सात्विक भोजन को पवित्र मानते हुए उसका ही सेवन करते हैं। श्रावणी मेला की सांस्कृतिक गरिमा, धार्मिक परंपराओं और श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रशासन ने सख्त निर्णय लिया है। देवघर शहर एवं कांवरिया पथ में मांस, मछली, मुर्गा, अंडा आदि की बिक्री पर रोक लगा दी गयी है, ताकि श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस ना पहुंचे और इसे लेकर विधि व्यवस्था भंग ना हो। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी-सह अनुमंडल दंडाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163(0) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शुक्रवार को आगामी नौ अगस्त तक देवघर शहरी क्षेत्र सहित कांवरिया मार्ग में मांस, मछली, मुर्गा, अंडा आदि की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की जानकारी दी। प्रशासन ने शहरवासियों और व्यवसायियों से इस निर्णय में सहयोग की अपील की है। कहा कि यह प्रतिबंध श्रद्धालुओं की आस्था, शांति और श्रावणी मेले की गरिमा को बनाए रखने के उद्देश्य से लगाया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## कांवरियों के लिए एसबीआइ ने शुरू किया सेवा शिविर



**देवघर (आजाद सिपाही)।** श्रावणी मेले के अवसर पर एसबीआइ की देवघर शाखा की ओर से मानसरोवर हाइट्स के सामने कांवरिया सेवा शिवि का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन शुक्रवार को उपमहाप्रबंधक एस सत्यनारायण राव ने किया। यह शिविर आगामी 30 दिनों तक 24 घंटे कांवरियों को निःशुल्क जल, शरबत, नींबू पानी एवं फल उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर एस सत्यनारायण राव ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। कांवरियों की सेवा करना शिव की सेवा जैसा पुण्य है। क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत कुमार झा ने इसे बैंक की सीएसआर भावना का उदाहरण बताया।

**Jharkhand UrjaUtpadan Nigam Limited.**
(CIN: U40108JH2013SGC001703)
Regd. Office:- Engineering Building H.E.C, Dhurwa, Ranchi- 834004
Email- cegenjuunl@gmail.com

**Tender cancellation Notice**

Due to unavoidable reason tender with NIT No.:- 14/PR/JUUNL/2025-26 is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें।
कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Tech.)
JUUNL

PR No. 355979
PR 357054 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(25-26)D

झारखण्ड सरकार
**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा

**-: गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची से सूचीबद्ध इच्छुक दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ताओं हेतु आम सूचना :-**

उपायुक्त, कोडरमा से प्राप्त निदेश के आलोक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के अधीन गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची से सूचीबद्ध इच्छुक दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू गाय/भैंस वितरण कार्यक्रम के तहत परिसम्पत्ति वितरण हेतु दुधारू पशु मेला कोडरमा में आयोजित है। उक्त पशु मेला में विभागीय नियमों के अनुसार विभागीय मापदण्ड के अनुरूप दुधारू गाय/भैंस आपूर्ति के इच्छुक सूचीबद्ध दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ता (जो सभी अर्हत्ता पूरी करते हों) जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कोडरमा/कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर आपूर्त्ति संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कोडरमा

PR 357091 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (25-26)_D

## जनसंख्या नियंत्रण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : बीडीओ



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ दिनेश कुमार व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुशल एक्का ने संयुक्त रूप से फीता काटकर वह दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण परिवार नियोजन और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक फैलाना था। इस क्रम में परिवार नियोजन अस्थायी साधन हेतु निरोध, माला एम, छाया, कॉपर टी, अंतरा इंजेक्शन, निश्चय किट का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ दिनेश कुमार ने जनसंख्या नियंत्रण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनसंख्या नियंत्रण सिर्फ सरकार की जिम्मेवारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक को इसमें भागीदारी निभानी चाहिए। बीडीओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सहिया और कर्मी द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और आम जनता से परिवार नियोजन के उपाय अपनाने की अपील भी किया। वही चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुशल एक्का ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या को सभी के सहयोग से जागरूकता से ही मिलजुल कर रोका जा सकता है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ स्वास्थ्य सहिया, आम नागरिक ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में बीडीओ और चिकित्सा पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ रवाना किया। जो 15 दिनों तक पूरे 18 पंचायत में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। मौके पर डॉक्टर फरजाना, बीपीएम ज्ञान रंजन, अमित कुमार, विनय कुमार, बीटीटी सीमा देवी, पारस साहू, लक्ष्मण गोप, स्वास्थ्य सहीया हेमंती देवी, कविता देवी, पूनम देवी सहित कई स्वास्थ्य सहिया अस्पताल कर्मी उपस्थित थे।

## महात्मा गांधी पुस्तकालय प्रबंधन समिति की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिषर स्थित महात्मा गांधी पुस्तकालय प्रबंधन समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष अगस्तीन महेश कुजूर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार एवं अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने बताया कि पुस्तकालय में नामांकित छात्रों में उपस्थिति में बढ़ोतरी करने, शिक्षा दान में बढ़ोतरी कर कोष में इजाफा करने एवं शिक्षा दान में शामिल ब्यवसाइयों को बैठक में आमंत्रित करने का निर्देश प्रबंधन समिति को दिया। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि समूह बनाकर दुकानों में भ्रमण कर शिक्षा दान में सहयोग लेने की बात कही गयी। सदस्य संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रबंधन समिति के सभी सदस्य प्रत्येक वर्ष पांच सौ रुपये शिक्षा दान देकर सहयोग करें। शिक्षक भवानी प्रसाद राय ने निजी विद्यालयों से शिक्षा दान लिए जाने की बात कही। समिति के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि पुस्तकालय में पढ़ने वाले बच्चों को खाने के लिए मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र में भोजन की व्यवस्था सशुल्क किया जाय। उपफोक्त सभी बातों पर सभी ने उसका अनुमोदन किया। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष कुमार मंडल, अनिरुद्ध चौबे, बिपिन बिहारी सिंह, शिला कुजूर,भवानी प्रसाद राय, कार्तिक टाना भगत, आशीष सोनी, राजेश पंडित, राजकुमार सहित पुस्तकालय कर्मी शामिल थे।

## कॉलेज में शिक्षकों का प्रोन्नति नहीं, की आक्रोश सभा




**सिसई (आजाद सिपाही)।** विगत 17 वर्षों से महाविद्यालय शिक्षकों का प्रोन्नति नहीं होने पर शुक्रवार को बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई के शिक्षकों ने किया आक्रोश सभा का आयोजन। शिक्षकों को संबोधित करते हुए जुटान के संयोजक डां कंजीव लोचन ने कहा यह क्षोभ और आश्चर्य का विषय है कि शिक्षकों का प्रोन्नति नहीं हो रहा है न विश्वविद्यालय इस पर कोई पहल कर रही है। जेपीएससी भी मौन धारण किया हुआ है। प्रोन्नति नहीं होने से शिक्षकों का मनोबल गिरता जा रहा है। अब हम मिलकर संघर्ष करेंगे। महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो अरुण कुमार दास ने कहा विपरित परिस्थितियों में काम करने वाले शिक्षक बिना प्रोन्नति हतोत्साह हो रहे हैं। सचिव विनीता गुड़िया ने कहा अब हम भी रांची जा कर आन्दोलन मे शामिल होंगे। आज के समय में महाविद्यालय में शिक्षक की कमी है। तीन शिक्षक ही काम संभाल रहे हैं। और बच्चों को पढ़ा रहे हैं। मौके पर डॉ रंजीत कुल्लू,प्रो जेन सिसिलिया बारला, डॉ पारंगत खलखो,प्रो सुदीप्ति खुशबू लकड़ा, डॉ निसार अहमद,प्रो करम सिंह ओडेया, डॉ कीर्ति मिंज शामिल रहे।

## परिवार कल्याण पखवारा का शुभारंभ

**बसिया (आजाद सिपाही)।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बसिया रेफरल अस्पताल बसिया में परिवार कल्याण पखवारा का शुभारंभ प्रखण्ड प्रमुख जगरानी तिग्गा, बीडीओ सुप्रिया भगत,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय लकड़ा के द्वारा संयुक्त रूप से परिवार नियोजन संबंधी स्टाल का उद्घाटन कर किया गया। साथ ही परिवार नियोजन संबंधी रैली एवम एनएसवी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। परिवार कल्याण पखवारा 1 से 31 जुलाई तक चलेगा।

# एसडीओ ने सदर अस्पताल में साफ-सफाई और व्यवस्था दुरुस्त करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में एसडीओ सदर राजीव नीरज के द्वारा आज सदर अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, स्वच्छता और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण अनियमितताएं पाई गईं, जिनपर तत्काल सुधार के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि नालियों एवं प्रमुख स्थानों पर ब्लीचिंग पाउडर अथवा अन्य कीटाणुनाशक का छिड़काव नहीं किया गया है। अस्पताल परिसर में प्रत्येक दिन दो बार सफाई किए जाने का निर्देश है, किंतु मौके पर सफाई की कोई उपस्थिति नहीं दिखी। इसके अतिरिक्त, रसोईघर के बाहर का क्षेत्र भी गंदगी से युक्त पाया गया, जिसे अब तक साफ नहीं किया गया था। इन सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल परिसर और उसके आस-पास की सफाई एवं स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिये गये। साथ ही, डॉक्टरों की ड्यूटी का रोस्टरवार चार्ट प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिससे मरीजों और परिजनों को उचित जानकारी समय पर प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि अस्पताल परिसर में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग स्क्रीन कार्यशील नहीं है, जिसपर 24*7 सुचारू रूप से कार्यशील बनाये रखने का निर्देश दिया गया।

एसडीओ सदर ने कहा कि अस्पताल जैसी सार्वजनिक सेवा संस्था में स्वच्छता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है, और संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## उपायुक्त के नाम पर फर्जी व्हाट्सएप आइडी सक्रिय

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित के नाम एवं फोटो का उपयोग करते हुए फर्जी वाट्सएप आइडी बनायी गयी है, जिसके माध्यम से भ्रामक मैसेज भेजे जा रहे हैं और नागरिकों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस प्रकार की किसी भी फेक आइडी या संदेश पर विश्वास न करें और कोई भी प्रतिक्रिया देने या जानकारी साझा करने से पूर्व उसकी सत्यता की पुष्टि अवश्य कर लें। यदि किसी को इस प्रकार की फर्जी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो, तो कृपया तुरंत नजदीकी थाने या जिला नियंत्रण कक्ष अथवा संबंधित पदाधिकारी को सूचित करें, ताकि आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा इस मामले को गंभीरता से लिया गया है एवं साइबर सेल को आवश्यक कार्रवाई हेतु सूचित किया जा चुका है।

## शिविर में तीन यूनिट रक्त संग्रह



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय नागरिकों और सरकारी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना तथा स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना था। शिविर की शुरूआत पंचायत सेवक विनोद उरांव के रक्तदान से हुई, जिन्होंने पहला यूनिट रक्त दान कर अन्य लोगों को प्रेरित किया। कुल तीन यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे निकटतम ब्लड बैंक को सौंपा जायेगा। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा और अंचल अधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और जीवन बचाने का सशक्त माध्यम भी है। दोनों अधिकारियों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को हरसंभव समर्थन देने की बात कही।

## जन शिकायत निवारण शिविर में 26 मामलों का तुरंत निष्पादन



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड कार्यालय परिसर में जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा एवं अंचल अधिकारीदिनेश प्रसाद गुप्ता ने सक्रिय भागीदारी निभायी और आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिये। शिविर में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 26 मामलों का समाधान मौके पर ही त्वरित रूप से कर दिया गया, जो प्रशासन की तत्परता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आने वाले आवेदनों में पेंशन से संबंधित 2, राशन कार्ड से संबंधित 4, आय प्रमाण पत्र 5, आवासीय प्रमाण पत्र 5, जाति प्रमाण पत्र 5, जन्म प्रमाण पत्र 6, मनरेगा से संबंधित 1 रहे। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि लोगों को समयबद्ध और पारदर्शी सेवाएं मिलें। वहीं अंचल अधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए प्रशासन के प्रति आभार जताया और विश्वास जताया कि ऐसे शिविरों से जन समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है।

# दलमादी लीज मामला पर अल्पसंख्यक आयोग ने लिया संज्ञान, जिप सदस्य ने कार्रवाई की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बसिया प्रखंड के दलमादी पत्थर लीज का मामला पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग रांची के द्वारा भी संज्ञान लिया गया है। बसिया जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग ने आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू को ज्ञापन देकर बसिया प्रखंड के मौजा दलमादी में अवैध तरीके से किये गये लीज को रद्द करते हुए संलिप्त पदाधिकारियों के खिलाफ कारवाई की मांग की है। जिप सदस्य ने अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष को दिए ज्ञापन में कहा कि तिजराज बिल्डकॉन के द्वारा मौजा दलमादी अंचल बसिया जिला गुमला से गलत वंशावली बनवाकर 27 जनवरी 2023 को जमीन का लीज एकरारनामा के तहत 31 जनवरी 2024 को लीज पट्टा स्वीकृत करा लिया गया है। उन्होंने कहा कि गुमला जिला पांचवी अनुसूची क्षेत्र से संबंधित जिला है जिसमे पांचवी अनुसूची के प्रावधानों के अनुसार कोई भी गैर आदिवासी व्यक्ति आदिवासी की जमीन को न तो खरीद सकता है और न खनन पट्टा के लिए लीज ले सकता है। थाना क्षेत्र की बाध्यता का भी उलंघन किया गया है। खनन लीज पट्टा लेने में हर मानक का घोर उलंघन किया गया है। सीएनटी एक्ट 1908 में स्पष्ट उल्लेख है कि आदिवासी की जमीन को लीज या खरीदगी गैर आदिवासी के द्वारा नही किया जा सकता है फिर भी जिला उपायुक्त गुमला, खनन कार्यालय गुमला अंचल अधिकारी बसिया द्वारा संवैधानिक नियमो को दरकिनार करते हुए उक्त खनन पट्टा को स्वीकृत किया गया है। मेरे और खतियानी रैयतों द्वारा उक्त लीज को रद्द करने हेतु गुमला को लिखित आवेदन दिया गया था जिसमें खनन पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को जांच का जिम्मेदारी सौपा गया था। लेकिन उक्त पदाधिकारियों के द्वारा मेसर्स तिजराज बिल्डकॉन के विकास कुमार और दीपक प्रसाद से मिलीभगत कर जांच को प्रभावित करते हुए जांच में लीपा पोती कर खनन कम्पनी के पक्ष में जांच रिपोर्ट बना दिया गया है।

जिप सदस्य ने कहा कि स्थानीय स्तर पर तमाम जिम्मेदार पदाधिकारियों के द्वारा इस मामले में पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रखे है साथ ही क्षेत्र के एक बडे जनप्रतिनिधि का नाम भी लीजधारक के संरक्षक के रूप में आ रहा है जिसका खुलासा भी वे करेंगे।

इस संबंध में अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने कहा कि गुमला जिला अंतर्गत बसिया अंचल के दलमादी गांव का लीज का मामला अल्पसंख्यक आयोग के समक्ष लाया गया है। यह मामला कही न कही पांचवी अनुसूची और सीएनटी एक्ट का उलंघन प्रतीत होता है। आयोग जल्द से जल्द स्थल निरीक्षण कर उस एरिया की जांच करेगी और दोषी पाये जाने पर दोषी पदाधिकारियों और अन्य लोगो पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## जनसंख्या नियंत्रण के लिए जागरूकता रथ रवाना



**गुमला (आजाद सिपाही)।** विश्व जनसंख्या दिवस पर शुक्रवार दिन के 2 बजे सदर अस्पताल गुमला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ उपविकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, सिविल सर्जन डॉक्टर शंभूनाथ चौधरी, उपाधीक्षक डॉक्टर अनुपम किशोर के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर सिविल सर्जन ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या नियंत्रण को लेकर विशेष कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। लोग जागरूक बने और अन्य लोगों को भी जागरूक करें। पति पत्नी दो बच्चों के बीच कम से कम 3 साल का अंतर जरूर रखें क्योंकि लगातार बढ़ती जनसंख्या भविष्य के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। वही कहा कि विवाह करने का सही उम्र होना चाहिए बच्चा पैदा करने के लिए पूर्ण परिपक्वता जरूरी है। जागरूकता रथ गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेगी।

## वाहन के धक्के से युवक की मौत

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हाई स्कूल मोड़ के समीप शुक्रवार को एक पैसेंजर ओटो को एक अज्ञात वाहन ने धक्का मार दीया जिससे टेंपो सवार रागें गांव निवासी अयान खेरवार 25 वर्ष की मौत हो गयी। जबकि अन्य सवारों को हल्की-फुलकी चोट लगी है। बताया जाता है कि दिन के 11 बजे के आसपास एक ओटो पैसेंजर लेकर बिशुनपुर से बनारी की ओर जा रहा था इसी क्रम में हाइ स्कुल मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे हैं एक अज्ञात वाहन ने ऑटो को टक्कर मार दी जिससे ओटो सड़क पर ही पलट गया। ओटो में सवार अयान के माथे में गंभीर चोट लगी। स्थानीय लोगों ने आन फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत घायल की स्थिति को देखते हुए सदर गुमला रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर सदर अस्पताल गुमला पहुंचे तो सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने अयान को मृत घोषित कर दिया।

# नशा मुक्ति और जागरूकता के लिए पांच सौ विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता




**बिशुनपुर।** झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रम ड्रग्स के कुचक्र तोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो, कार्यक्रम के तहत गुमला उपायुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को अंचलाधिकारी शेखर वर्मा थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में राजकीय कृत मध्य विद्यालय बिशुनपुर के लगभग 500 छात्र छात्राओं ने किसी भी प्रकार का मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने एवं दूसरों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इससे पूर्व अंचलाधिकारी ने छात्रों को जागरुक करते हुए कहा कि कहा कि नशा करने से आर्थिक एवं शारीरिक हानि, रिश्तों का टूटना सहित कई बड़ी घटना जैसे विभिन्न परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए कोई भी नशे के रास्ते को ना अपनाए और ना ही ऐसे संगत में रहे जो आपको नशे के रास्ते पर ले जाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि स्वयं के साथ अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। थाना प्रभारी ने कहा तंबाकू बीड़ी सिगरेट एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन करने वाले विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं मादक पदार्थ का सेवन शरीर को धीरे-धीरे खत्म कर देती है। इसलिए इसे दूर रहें उन्होंने मादक पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रधान अध्यापक मणि कुमार सिन्हा ने छात्र-छात्राओं को लिए संकल्पों को निरंतर याद रखने की बात कही। इधर अधिकारियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवारों की सराहना की । इस मौके पर शिक्षक सीताराम खेरवार, अनिल भगत, रामप्रवेश पासवान, संतोष मूचू, नेहा रिश्ता लकड़ा, सबीना, सारा जहां, निधि बाई, सीआई सुशील कुमार टोप्पो, अमीन प्रकाश कुमार सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

## युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग से किया दुष्कर्म, दूसरी को लेकर भागा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोर ने शादी का झांसा देकर गुमला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता को एक साल अपने घर में रखा। इस बीच वह काम करने बनारस के एक ईंट भट्ठा में चला गया। इस बीच घाघरा के अपने ही गांव की एक लड़की से उसका प्रेम प्रसंग हो गया दोनों गांव लौटे इस बात की जानकारी पीड़िता लड़की को हुई उसने दोनों के संबंध को लेकर विरोध किया लेकिन लड़के की दूसरी प्रेमिका गर्भवती हो गयी और लड़का दूसरी प्रेमिका के साथ गांव छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद गुरुवार की शाम 5 बजे पहली प्रेमिका महिला थाना गुमला पहुंची और पदाधिकारी के समक्ष अपनी पीड़ा बताई बताया कि दूसरी प्रेमिका से संबंध की बात पता चलने के बाद विरोध करने पर उसने उसके साथ मारपीट भी की है। इसके बाद वह उससे बात भी नहीं करने लगा और दूसरी प्रेमिका को लेकर गांव छोड़कर फरार हो गया। दूसरी प्रेमिका के परिवार वाले भी दोनों के रिश्ते को लेकर खुश हैं लेकिन पहली प्रेमिका अपने पर हुए अत्याचार को लेकर न्याय के गुहार लगाते हुए थाना पहुंची साथ ही आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगायी है।


## बच्चे को दूध पिला रही महिला को मौसा ने लाठी से मारा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर से सटे करमटोली गांव में धीरज बड़ाइक नामक व्यक्ति ने घर में बच्चे को स्तनपान करा रही महिला बिरसमुनि देवी को पीछे से लाठी से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। घटना गुरुवार की शाम 7 बजे की है। जानकारी के मुताबिक महिला के पति की मृत्यु हो चुकी है। वह अपने देवर के साथ करम टोली स्थित भाड़े के मकान में रहती है। वहीं पड़ोस में उसके मौसा भी रहते हैं बेटी से किसी बात को लेकर उसके मौसा का विवाद हो गया वह अपनी बेटी को मारने पीटने लगा। बेटी पिता से छुप कर बिरासमुनी के घर आई वही दोनों अपने-अपने बच्चे को दूध पिला रहे थे। तभी पीछे से धीरज लाठी लेकर आया और बेटी को संरक्षण देने और अपने विरुद्ध भड़काने का आरोप लगाकर बिरसमुनि के सिर में लाठी से वार कर दिया। महिला वही गिरकर बेहोश हो गयी। जिसके बाद परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले को लेकर महिला ने गुमला थाना में शिकायत करने की बात कही है।

## लापता युवक का शव कुएं से बरामद

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के स्वर्गीय करीमल बड़ाईक के पुत्र 35 वर्षीय पवन बड़ाईक शव शुक्रवार सुबह लगंटा ढोड़हा से पूर्व एक कुएं से पुलिस ने बरामद कर पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेजा। बताया जाता है पिछले कुछ दिनों से पवन की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी इसी दौरान वह 5 दिन पूर्व घर से निकाला और वह घर कर लौट नहीं आया। परिजन अपने सगे संबंधी सहित अन्य जगहों में उसका खोजबीन कर रहे थे। इसी दौरान शुक्रवार को आसपास के लोग उक्त कुआं की ओर गए तो देखा कि कुएं में एक शव तैर रहा है जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। जिसकी सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मृतक के शव की पहचान पवन बड़ाईक के रूप में की।

# स्पोर्ट्स



एसोसिएशन ने राज्य में फेंसिंग खेल के विस्तार के लिए आवश्यक पहलुओं पर भी चर्चा की और आगामी प्रतियोगिताओं की रूपरेखा से खेल सचिव को अवगत कराया।

## झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन ने खेल सचिव से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** हाल ही में नासिक में आयोजित राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटी झारखंड फेंसिंग टीम के खिलाड़ियों और पदाधिकारियों ने शुक्रवार को झारखंड के खेल सचिव मनोज कुमार से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्चित आनंद, महासचिव जय कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह, राजन, कोचगण और पदक विजेता खिलाड़ी उपस्थित थे। खेल सचिव ने टीम की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार फेंसिंग खेल को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, सुविधाएं और आवश्यक संसाधनों की दिशा में सहयोग का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान नासिक से पदक जीतकर लौटे खिलाड़ी शिक्षा उरांव, सृष्टि कुमारी, अर्पण टोप्पो, सरस गाड़ी और ईशान तिर्की मौजूद थे। साथ ही कोच रामाशीष सिंह और रोहन ने भी अपने अनुभव साझा किये।

एसोसिएशन ने राज्य में फेंसिंग खेल के विस्तार के लिए आवश्यक पहलुओं पर भी चर्चा की और आगामी प्रतियोगिताओं की रूपरेखा से खेल सचिव को अवगत कराया।

## झारखंड पुलिस के सिपाही तेज नारायण बने बहरीन कबड्डी टीम के कोच

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड पुलिस में सिपाही के पद पर कार्यरत तेज नारायण को बहरीन की यूथ कबड्डी टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। वे 22 से 31 अक्टूबर तक बहरीन में होने वाले तीसरे यूथ एशियन गेम्स के दौरान बहरीन की बालक टीम को प्रशिक्षित करेंगे। इस टूर्नामेंट में कुल 14 टीमें हिस्सा लेंगी। खास बात यह है कि इस बार यूथ एशियन गेम्स में पहली बार कबड्डी को शामिल किया गया है। बोकारो के रहने वाले तेज नारायण 14 जुलाई को बहरीन रवाना होंगे और नवंबर के पहले सप्ताह में लौटेंगे। उनकी नियुक्ति बहरीन ओलंपिक एसोसिएशन के माध्यम से बहरीन सरकार ने की है। तेज नारायण लंबे समय से कबड्डी से जुड़े हुए हैं। वे खिलाड़, कोच और तकनीकी आधिकारी के रूप में झारखंड और भारत का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। वर्तमान में वे गोड्डा जिले में तैनात हैं। उनकी इस उपलब्धि पर झारखंड कबड्डी संघ और भारतीय कबड्डी संघ ने उन्हें बधाई दी है। तेज नारायण ने कहा कि मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मुझे बहरीन की टीम को कोचिंग देने का अवसर मिला। मैं पूरी मेहनत और लगन से काम करूंगा। मैं भारतीय कबड्डी संघ के निदेशक तेजस्वी सिंह गहलोत सर और अध्यक्ष विनोद तिवारी सर का विशेष धन्यवाद करता हूं। उनके आशीर्वाद के बिना यह मुमकिन नहीं था।

## महुदा में फिर धंसी जमीन

महुदा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र स्थित हांथूडीह वाशरी कॉलोनी में शुक्रवार को कॉलोनी जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग अचानक धंस गया। इससे वहां एक बड़ा गोफ (गड्ढा) बन गया, जिससे कॉलोनीवासियों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। इसकी जानकारी सबसे पहले कॉलोनी निवासी अधिवक्ता निर्मल रवानी ने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा कर दी। मामला प्रकाश में आते ही बीसीसीएल प्रबंधन हरकत में आया और तत्काल जेसीबी मशीन मंगवाकर गड्ढे को भरकर सड़क को समतल कराया गया। निर्मल रवानी ने आरोप लगाया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी ठीक इसी स्थान पर जमीन धंस चुकी है। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि जमीन धंसने के मुख्य कारण क्षेत्र में हो रहा अवैध कोयला उत्खनन है। कहा कि जहां गोफ बना है, उसके बिल्कुल निकट ही अवैध उत्खनन स्थल भी है, जिसे स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। उन्होंने बीसीसीएल प्रबंधन को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए मांग की कि क्षेत्र में चल रहे सभी अवैध कोयला उत्खनन पर अविलंब रोक लगाई जाए।

# प्रमाण पत्र वितरण समारोह में जम कर चले लात और घूंसे

## 300 रुपये लिये जाने की खबर से भड़के छात्र-छात्राओं ने आयोजक को बनाया निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता



आयोजक के साथ मारपीट करते विद्यार्थी।

राजगंज। जेसीएसटी की ओर से शुक्रवार को बिटिया मैरिज हॉल में आयोजित प्रमाण पत्र वितरण समारोह में जमकर लात-घूंसे चले। इस दौरान तोड़फोड़ भी की गयी। मामला तब तुल पकडा जब कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोजकों द्वारा 300 रुपये प्रति छात्र से राशि जमा ली जाने लगी। तभी छात्रों को पता चल गया कि सिर्फ प्रमाण पत्र वितरण के लिए उक्त राशि ली जा रही है। इसी को लेकर छात्र-छात्राएं उग्र हो गए और अपनी राशि की मांग करने लगे। मामला हाथापायी और धक्का मुक्की से बढ़ते हुए मारपीट तक पहुंच गया। इसके बाद तुरंत घटना की जानकारी राजगंज पुलिस को दी गयी। खबर पाते ही थाना प्रभारी अलीशा अग्रवाल दलबल के साथ मौके पर पहुंच गये और स्थिति को नियंत्रित किया। जानकारी के मुताबिक झारखंड सेंट्रल स्कॉलरशिप प्रतियोगिता परीक्षा के नाम पर मई महीने में एक परीक्षा ली गयी थी। जिसमें लगभग 800 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस परीक्षा में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित करने के लिए, कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजकों ने बताया कि प्रमाण पत्र वितरण के साथ ही छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग के जरिए उनके आगे की पढ़ाई के बारे में सही मार्गदर्शन दिया जाएगा। पर छात्राओं के हंगामा के कारण सिर्फ प्रमाण पत्र वितरण कर कार्यक्रम को समाप्त कर दिया गया। बताते चलें कि कार्यक्रम मुख्य रूप से कोडरमा के राम गोविंद ग्रुप आफ कॉलेज की ओर से आयोजित था जिसमें मुख्य रूप से कॉलेज के एडमिशन हेड अमित कुमार आयोजक के रूप में मौजूद थे। छात्र-छात्राओं ने अमित कुमार को ही निशाना बनाते हुए धक्का मुक्की और मारपीट की। छात्र-छात्राओं का कहना था कि उन्हें धोखे में रखकर 300 रुपये वसूला गया, जो पूरी तरह गैरजरूरी है। वहीं, छात्र-छात्राओं का कहना है कि छात्र-छात्राओं को उनके आगे की पढ़ाई के संबंध में सही दिशा दिखाने और सजग करने के लिए वे लोग समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहे हैं। टेक्निकल पढ़ाई के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करते रहे हैं।

# नीट में सफल विद्यार्थियों को गोल ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। गोल संस्थान धनबाद की ओर से नीट 2025 में सफल अनेकों विद्यार्थियों को उनके अथक परिश्रम और मेहनत के लिए शुक्रवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर परअतिथियों ने कहा कि कोयलांचल के छात्रों की यह उपलब्धि न सिर्फ इस क्षेत्र, बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। कहा कि देश को ऐसे ही मेहनती, ईमानदार और सेवा-भावना से प्रेरित डॉक्टरों की आवश्यकता है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद डॉ नीलमअग्रवाल (डॉ एवं सहायक प्राध्यापक) ने कहा कि गोल संस्थान पर भरोसा एवं विश्वास कर उसके मार्गदर्शन को फॉलो करने वाले विद्यार्थियों की सफलता सुनिश्चित है। मेरी बेटी आस्था अग्रवाल ने गोल धनबाद से तैयारी की और उसने नीट 2024 में झारखंड टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। आज वह देश के टॉप 10 कॉलेजों में शुमार नई दिल्ली स्थित लेडी हॉर्डिंग मेडिकल कॉलेज में मेडिकल की पढ़ाई कर रही है। मैं कह सकती हूं कि अब कोयलांचल के छात्रों को मेडिकल जैसी कठिन परीक्षा के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं है। गोल के पास वह सब कुछ है जो एक छात्र को उसकी मंजिल तक पहुंचा सकता है। गोल संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने बताया कि गोल विगत 28 वर्षों से प्रतियोगी छात्रों के लिए बड़े निष्ठा और ईमानदारी से काम कर रहा है। मनोबल तब और दिन-ब-दिन बढ़ते गई, जब साधारण परिवार के बच्चे भी असाधारण सफलता हासिल करते गए। यहां के छात्रों में बड़ी प्रतिभा है। वहीं, गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि हमारे संस्थान से अब तक 18000 से ज्यादा छात्र सफल होकर देश के साथ विदेशों में भी अपनी मानवता की सेवा प्रदान कर रहे हैं और देश के लगभगहर एक मेडिकल कॉलेजों में गोल के छात्र ग्रुप में मौजूद है। उन्होंने बताया कि आलम यह है कि बिहार-झारखंड के हर जिले के हॉस्पिटल में गोल के छात्र डॉक्टर बन मानवता की सेवा दे रहे है। गांव-कस्बों से निकल कर प्रतिभाओं को जब उचित मार्ग दर्शन एवं अध्ययन के लिए अनुशासित एवं प्रतियोगी माहौल मिलता है तो छात्र न केवल सफलता, बल्कि टॉप रैंकर्स भी हो रहे हैं। संस्थान के आर एंड डी हेड आनंदवत्स ने भी अपने विचार साझा किए। बताया कि जब येन क्रेन प्रकेन तरीके से टॉपर्स के फोटो दिखाने की होड़ मची है, ऐसे में गोल संस्थान के अब तक के इतिहास में हर-एक रिजल्ट पूरी तरह प्रमाणित है। उन्होंने गोल विलेज की परिकल्पना एवं वहां से लगभग सभी छात्रों की सफल होने की वजहों पर भी विचार रखें। एकेडमिक विशेषज्ञ दीपक कुमार एवं भारती सिन्हा ने बताया कि नये सत्र का नामांकन जारी है। विद्यार्थियों के लिए और भी बेहतर व्यवस्थायें देने के लिए गोल संस्थान दृढ़ संकल्पित है, ताकि आगे भी अधिक संख्या में छात्रों के चयन को सुनिश्चित किया जा सके। उधर, सफल छात्रों में मोनिका कुमारी, स्वेता कुमारी, अंजली, अभुनूरी धात्री, गौरव, जान्वी, श्रेयादास, स्वपनिल, पुनममंडल, सत्यम, आरजो, शिवम, विधी अग्रवाल, वैश्वी, आस्था श्रीवास्तव, अंशुप्रिया, बादुली हेम्ब्रम, पुनमकुमारी, कुमारी खुशबु सोरेन एवं अनन्या कुमार आदि मौजूद थे। जबकि समारोह के सफल संचालन में अभिषेक कुमार, शुभम कुमार, पूजा कुमारी, अरुणजी, उमेश कुमार, वशीमजी, दिलीप एवं रानी के साथ ही पूरी गोल टीम की अहम भूमिका रही।

# लीडरशिप का मतलब खुद को दूसरों पर थोपना नहीं होताः डॉ डीएन प्रसाद



बोकारो (आजाद सिपाही)। दी पेंटिकोस्टल असेंबली स्कूल में शुक्रवार को 'अलंकरण समारोह' आयोजित हुआ। इस मौके पर कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के बीच स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों का योग्यतानुसार चयन किया गया। विद्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता एवं सहगामी क्रिया कलापों में उनकी सहभागिता के आधार पर कक्षा 6 से 12वीं के क्लास प्रीफेक्ट को भी उनकी पदवी से नवाजा गया। समारोह की शुरुआत निदेशक रेवरेंड डॉ डीएन प्रसाद एवं मुख्य शैक्षणिक अधिकारी रीता प्रसाद ने ईश वंदना से हुई। निदेशक ने कहा कि एक लीडर के रूप में आपके विचार, भावनाएं और काम बहुत से लोगों के जीवन पर असर डालते हैं। लीडरशिप का मतलब खुद को दूसरों पर थोपना नहीं है, यह सबकी आकांक्षाओं को पूरा कराने की कला है। अतः नेतृत्वकर्ता को ईमानदार, सहयोगी, संयमित, आत्म-जागरुक, सकारात्मक सोच, संचार-कौशल, जिम्मेदार, सीखने की चाह, अनुशासित और सभी का साथ देने वाला होना चाहिए। उसे किसी बाहरी दबाव में आकर निर्णय नहीं लेना चाहिए, न ही कभी हार स्वीकारनी चाहिए। लीडर के बिना 'समूह' नौका विहीन पतवार के समान है, जिसकी कोई दशा और दिशा नहीं होती। प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद द्वारा स्कूल कैप्टन, वाइस कैप्टन, चारों सदन (जॉय, पीस, होप, फेथ) के कैप्टन और वाइस कैप्टन एवं कक्षा 6 -12 वीं के क्लास प्रीफेक्ट के नामों की घोषणा की गई। जिसमें स्कूल कैप्टन दीक्षा तिवारी (बारहवीं-डी) स्कूल के वाइस कैप्टन-अयान रजा (बारहवीं-ई) जॉय हाउस कैप्टन-फूल कुमारी हंसदा (बारहवीं-सी) जॉय हाउस वाइस कैप्टन-अनिकेत कुमार झा (बारहवीं-ए), होप हाउस कैप्टन - शोमा (बारहवीं-अ) होप हाउस की वाइस कैप्टन-मिनी कुमारी (बारहवीं-अ), फेथ हाउस कैप्टन सत्यम कांत (बारहवीं-ई), फेथ हाउस के वाइस कैप्टन अदिती सिंह (बारहवीं-ई) पीस हाउस कैप्टन -ऋदम अग्रवाल (बारहवीं-सी), पीस हाउस के वाइस कैप्टन -तन्मय कुमार (बारहवीं-बी) चयनित हुए। चयनित विद्यार्थियों को प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन की शपथ दिलाई। सभी काउंसिल सदस्यों एवं क्लास प्रीफेक्ट को प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद द्वारा हाउस बैज एवं फ्लैग्स प्रदान कर उन्हें पदभार सौंपा गया। इस दौरान सभी बच्चे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। स्कूल कैप्टन-दीक्षा तिवारी (कक्षा 12-डी) ने नवनिर्वाचित सदस्यों को ईमानदारी पूर्वक कर्तव्य पालन करने की शपथ दिलाई। प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने कहा कि वे अपनी भावी पीढ़ी (विद्यार्थियों) के लिए मार्गदर्शक का कार्य करें और अपने व्यक्तित्व में निखार लाएं।

# घुटने पर बैठ डीसी ने सुनी दिव्यांग की फरियाद

## 48 घंटें में इ-ट्राइ साइकिल उपलब्ध कराने का निर्देश

कहा- विस्थापित परिवारों के बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन कर रहा काम

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को डीसी अजय नाथ झा की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आएं आमजनों की समस्याओं और शिकायतों की क्रमवार सुनवाई की गई। इस दौरान कई मामलों पर तत्परता से कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं कुछ को जांच बाद समाधान का आश्वासन दिया। डीसी ने कहा कि हिम्मत नहीं हारना है, भावुक नहीं होना है, संघर्ष करना है। जिला प्रशासन आपके साथ है। वहीं, जनता दरबार एक भावनात्मक क्षण का साक्षी भी बना, जब चास प्रखंड के कुरा क्षेत्र से पहुंचे दिव्यांग सुरेश पाण्डेय अपनी परेशानियों को लेकर डीसी के समक्ष पहुंचें। जब दिव्यांग सुरेश जनता दरबार में पहुंचे और अपनी बात कहनी चाही, तो डीसी कुर्सी छोड़कर खुद उनके पास पहुंचे और घुटनों पर बैठकर स्नेह और संवेदना के साथ उनकी बातें सुनीं। दिव्यांग सुरेश ने बताया कि वे लंबे समय से ई-ट्राई साइकिल के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन अब तक उन्हें यह सुविधा नहीं मिल सकी है। चलने-फिरने में कठिनाई के कारण दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उनकी परेशानी को सुन एवं देख डीसी ने मौके पर ही जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वह सीएसआर नोडल से समन्वय स्थापित कर 48 घंटे के भीतर सुरेश को ई-ट्राई साइकिल उपलब्ध करायें। डीसी ने जनता दरबार के दौरान विस्थापित संयुक्त परिवार के प्रतिनिधियों को कहा कि विस्थापित परिवारों के बेरोजगार युवाओं को रोजगार और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए, जिला प्रशासन काम कर रहा हैं, यह प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने मौके पर उपस्थित डीपीएलआर को विस्थापित परिवार के बच्चों की शैक्षणिक-योग्यता से संबंधित मैपिंग की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में आए अन्य आवेदकों द्वारा रखे गए मुद्दों में भूमि विवाद, भूमि पर कब्जा, दाखिल -खारिज, विधवा पेंशन, बिजली-पानी की समस्या प्रमुख रहे। डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी मामलों की सात कार्य दिवस के भीतर जांच कर वास्तविक और त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। जनता की समस्याओं के निराकरण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। दूसरी ओर, जनता दरबार में जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वैच्छिक संस्थाओं राजेंद्र नगर कालोनी रेसिडेंस, मूल रैयत विस्थापित मोर्चा आदि ने डीसी से शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही, क्षेत्रीय समस्याओं से संबंधित विषय साझा किया। डीसी ने सभी को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। वहीं, जनता दरबार में एक विचित्र स्थिति उत्पन्न हो गई, जब चंदनकियारी अंचल कार्यालय में कार्यरत निम्न वर्गीय लिपिक प्रीति कुमारी दत्ता बिना अवकाश स्वीकृति के जनता दरबार में अपनी व्यक्तिगत समस्या लेकर पहुंचीं। मामले की गंभीरता से लेते हुए डीसी ने नाराजगी जताई और संबंधित कर्मी से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। कहा कि जनता दरबार आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए है। यह मंच सरकारी कर्मियों के लिए नहीं है। यदि किसी कर्मी को व्यक्तिगत समस्या है, तो वह अपने वरीय पदाधिकारी को आवेदन देकर नियमानुसार अवकाश लेकर ही मिलें। कार्यालय अवधि में इस तरह की उपस्थिति अनुशासनहीनता है। उपायुक्त ने अपर समाहर्ता को सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित करने को कहा कि वे अपने अधीनस्थ कर्मियों को इस संबंध में सूचित करें और ऐसी स्थितियों की पुनरावृत्ति नहीं हो, यह सुनिश्चित करें।

# गुजरात की ट्रांसपोर्ट कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप, धनबाद के 40 से अधिक लोग शिकार

धनबाद (आजाद सिपाही)। गुजरात की वैष्णवी ट्रांसपोर्ट नामक फर्जी कंपनी पर धनबाद के 40 से अधिक लोगों को वाहन फाइनेंस के नाम पर ठगी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ितों का आरोप है कि कंपनी ने उनसे संपर्क कर परिवहन व्यवसाय में साझेदारी और अच्छी कमाई का झांसा दिया था। उनके नाम से 120 से अधिक लक्जरी वाहनों का फाइनेंस करा लिया। अब खुलासा हो रहा है कि इन वाहनों का इस्तेमाल नशीले पदार्थों की तस्करी, फर्जी दस्तावेजों से खरीद-बिक्री और अन्य आपराधिक गतिविधियों में किया जा रहा है। यह खुलासा तब हुआ जब ठगी के शिकार बने लोगों ने गांधी सेवा सदन में शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर अपनी आपबीती साझा की। पीड़ितों ने बताया कि उनके नाम पर फाइनेंस कराए वाहनों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर देश के विभिन्न हिस्सों में माफियाओं को बेच दिया गया। कुछ अपराधियों ने इन वाहनों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी अपलोड कर रखी हैं जिससे उनकी आपराधिक गतिविधियों की पुष्टि होती है। कहा कि इस मामले में झरिया थाने में शिकायत भी दर्ज करायी गयी है। हालांकि अब तक पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार बी कर किया है। साथ ही कुल नौ वाहन भी बरामद किये हैं। पीड़ितों का आरोप है कि दिसंबर 2024 के बाद इस मामले की जांच ठप पड़ गई है और पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। कहा कि अगर जल्द न्याय नहीं मिला तो वे आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर होंगे। वहीं, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ने धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार से बात कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितों ने एसएसपी को लिखित शिकायत सौंप दी है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण)
लाईन टैंक रोड, लकड़ा गोदाम, राँची, पिन कोड नं० : 834001
ई-मेल : eercdranchi-gramin@jharkhandmail.gov.in

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– RCD/RANCHI(GRAMIN)-02/2025-26, Dt. 10.07.2025

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 24.07.2025 को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 25.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.07.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (i) मुख्य अभियंता (या०) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं०–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची। (ii) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अचंल, राँची। (iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान उपरोक्त क्रमांक (5) में अंकित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | सिल्ली–रांगामाटी–टीकर पथ के कि0मी0 0.00 से 19.00 तक में साधारण मरम्मति कार्य। | 35.00 | 70000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 2 | सिल्ली–रांगामाटी–टीकर पथ के कि0मी0 20.00 से 39.00 तक में साधारण मरम्मति कार्य। | 32.00 | 64000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 3 | बुंडू–सोनाहातू–जामुदाग–जरिया पथ के कि0मी0 21.00 से 30.19 तक में विशेष मरम्मति कार्य। | 25.00 | 50000.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 4 | बुंडू–सोनाहातू–जामुदाग–जरिया पथ के कि0मठी 11.00 से 20.00 तक में साधारण मरम्मति कार्य। | 25.00 | 50000.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 5 | बुंडू–सोनाहातू–जामुदाग–जरिया पथ के कि0मी0 0.00 से 10.00 तक में साधारण मरम्मति कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 45 दिन |
| 6 | चंदनडीह–सोनाहातु में साधारण मरम्मति कार्य। | 25.00 | 50000.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 7 | पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण) अंतर्गत विभिन्न पथों में अवस्थित संकीर्ण एवं क्षतिग्रस्त पुल–पुलियों का मरम्मति कार्य। | 15.00 | 30000.00 | 2500.00 | 30 दिन |
| 8 | राँची–मुरी पथ के कि0मी0 20.00 से 30.00 में विभिन्न पथांश में गार्डवाल निर्माण कार्य। | 40.00 | 80000.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 9 | राँची–मुरी पथ के कि0मी0 31.00 से 60.00 में विभिन्न पथांश में गार्डवाल निर्माण कार्य। | 40.00 | 80000.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 10 | रांची–मुरी पथ के कि0मी0 33.00 में नाली निर्माण कार्य। | 35.00 | 70000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 11 | रामपुर–हलमाद पथ के कि०मी० 1लें में 2 अदद Cross Drain निर्माण कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 12 | बुंडू–सोनाहातू–जामुदाग–जरिया मिसिंग लिंक पथ के 4थें एवं 5वें कि०मी० में 2 मी० Height गार्डवाल निर्माण कार्य। | 25.00 | 50000.00 | 5000.00 | 30 दिन |
| 13 | सिल्ली–बंता–हजाम–टीकर–रंगामाटी पथ (MDR-25) के 14वें कि०मी० में कांची नदी पर अवस्थित पुल का विशेष मरम्मति कार्य। | 45.00 | 90000.00 | 5000.00 | 120 दिन |
| 14 | सिल्ली–बंता–हजाम–टीकर–रंगामाटी पथ (MDR-25) के 12वें कि०मी० में राढु नदी पर अवस्थित पुल का विशेष मरम्मति कार्य। | 40.00 | 80000.00 | 5000.00 | 120 दिन |
| 15 | अनगड़ा स्थित निरीक्षण भवन में फर्नीचर आपूर्ति, साज सज्जा एवं परिसर सौदर्यीकरण कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 16 | टाटीसिलवे स्थित निरीक्षण भवन में फर्नीचर आपूर्ति एवं परिसर सौदर्यीकरण कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 17 | जोन्हा स्थित निरीक्षण भवन में फर्नीचर आपूर्ति एवं परिसर सौदर्यीकरण कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 18 | सिल्ली स्थित निरीक्षण भवन में फर्नीचर आपूर्ति एवं परिसर सौदर्यीकरण कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 19 | रांची–मुरी पथ के कि0मी0 20.00 से 60.00 में पड़ने वाले पुल–पुलियों के पारापेट मरम्मति, रंग–रोगन एवं कि0मी0 30.00 से 60.00 में सड़क सुरक्षात्मक कार्य। | 15.00 | 30000.00 | 2500.00 | 45 दिन |
| 20 | जरुआडीह–पतराहातू पथ में 2 अदद Cantiliver Signboard निर्माण कार्य। | 12.00 | 24000.00 | 2500.00 | 30 दिन |
| 21 | जरुआडीह–पतराहातू पथ में Road Safety कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 22 | राँची–मुरी पथ के कि०मी० 20.00 से 30.00 में Road Safety कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 23 | मुख्य अभियंता (या०) का कार्यालय में साज–सज्जा एवं उपस्कर आपूर्ति कार्य। | 40.00 | 80000.00 | 5000.00 | 60 दिन |

निविदा की शेष शर्तें http://prdjharkhand.in/online_tender.php एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।

कार्यपालकअभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)

PR 357043 Road (25-26)_D


# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा राष्ट्रीय पैरालिंपिक खेलों में झारखंड के लिए 24 मेडल जीत चुका दिव्यांग खिलाड़ी

## सरकारी बाबुओं की लापरवाही से दिव्यांग खिलाड़ी को नहीं मिल पाया सरकारी आवास एवं रोजगार

मिट्टी के घर में दरार पड़ जाने के कारण लगातार हो रही बारिश के बीच सड़क पर रहने को है मजबूर

जितेंद्र पांडेय



दिव्यांग खिलाड़ी अजय पासवान।

कतरास (आजाद सिपाही)। दिव्यांगों को समान अवसर और प्रभावी पुनर्वास की सुविधा के लिए केंद्र सरकार की ओर से अनेकों उपाय किये जा रहे हैं जिसमें राष्ट्रीय दिव्यांग अधिनियम के तहत राज्य की एजेंसियों द्वारा छूट के साथ ऋण मुहैया कराना एवं आर्थिक पुनर्वास अधिनियम 1995 के तहत सरकारी महकमों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो में तीन फीसदी का आरक्षण शामिल है। पर बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के मलकेरा के रहने वाले गरीब दिव्यांग खिलाड़ी अजय कुमार पासवान सरकारी बाबुओं की नजरअंजादी के चलते अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को विवश है। झारखंड के लिए 12 साल के खेल जीवन में राष्ट्रीय पैरालंपिक खेलों में 24 मेडल जीत चुके अजय को झारखंड सरकार से अब तक किसी प्रकार का सरकारी लाभ नहीं मिल सकता है। हालांकि कई मंत्री जी उससे मिलकर उनके दिन बहुराने का सपना जरूर दिखा चुके हैं। दिव्यांग अजय ने बताया कि वर्तमान में उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। उसके पिताजी पिछले पांच साल से टीवी बीमारी से ग्रसीत है। वह आर्थिक बदहाली के कारण इलाज तक नहीं करा पा रहा है। वहीं, पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण मिट्टी से बने घर की दीवारें भी गिर गयी है। सरकारी योजनाओं में कई बार आवेदन दिया पर अभी तक आवास नहीं मिला है। झारखंड सरकार से भी किसी तरह की मदद नहीं मिल पा रही है। बाघमारा ब्लॉक के अधिकारी सहित पूर्व मुखिया एवं वर्तमान मुखिया के पास चक्कर लगाकर अजय थक चुका है, लेकिन अब तक किसी तरह की मदद नहीं मिल सकी है। जबकि इन लोगों पर आरोप है कि एक ही परिवार वाले को छह साल में दो-दो बार आवास दिलवाया गया है। अजय का कहना है कि खेल में तो बहुत जीत दर्ज की, लेकिन जिंदगी से आज हार चुका हूं। सवाल किया कि क्या सरकारी महकमें में दिव्यांगों के लिए आवास और रोजगार नहीं मिलते हैं क्या।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पहली बार बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

# हमने पाकिस्तान में घुस कर नौ ठिकानों को उड़ाया, एक भी नहीं चूका : डोभाल

- विदेशी मीडिया से भारत को हुए नुकसान का सबूत भी मांगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चेन्नई।** आइआइटी चेन्नई में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेशी मीडिया की रिपोर्टिंग पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि कई विदेशी समाचार एजेंसियों ने भारत को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित की है। इसके साथ ही अजित डोभाल ने कहा कि भारत का ऑपरेशन बेहद ही सफल रहा। हमने पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया था। इसमें से एक भी नहीं चूका। एनएसए डोभाल ने कहा कि विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया... आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए, जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो... उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं। उन्होंने आगे कहा कि विदेशी मीडिया द्वारा जारी की गयी सैटेलाइट तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस दिखाये गये, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला। मैं सिर्फ वही बता रहा हूं, जो उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग में छापा। हममें यह क्षमता है कि अगर हम चाहें तो पाकिस्तान के एयरबेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे :** एनएसए अजित डोभाल ने कहा कि हमें अपनी स्वदेशी तकनीक



विकसित करनी होगी। 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र यहां किया गया था। हमें इस बात पर गर्व है कि इसमें कितनी स्वदेशी सामग्री थी। हमने पाकिस्तान के आर-पार नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधने का फैसला किया। ये सीमावर्ती इलाकों में नहीं थे। हम कोई भी निशाना नहीं चूके। हमने इसके अलावा कहीं और निशाना नहीं साधा। यह उस बिंदु तक सटीक था, जहां हमें पता था कि कौन कहां है? पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे। आप मुझे एक भी तस्वीर बताइए, जिसमें भारत की तरफ से हुआ कोई नुकसान दिखाई दे रहा हो। एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि हम एक ऐसे देश और ऐसी सभ्यता से ताल्लुक रखते हैं, जो हजार वर्षों से संकटग्रस्त, लहूलुहान और अपमानित रही है। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सहा है। मुझे नहीं पता कि इस सभ्यता को जीवित रखने और राष्ट्र की इस धारणा को जीवित रखने के लिए उन्होंने कितने अपमान, अभाव और कष्ट सहे होंगे। राष्ट्र, राज्य से अलग होता है। भारत एक राष्ट्र के रूप में सहस्त्राब्दियों से अस्तित्व में है। अब से 22 साल बाद जब हम अपनी आजादी के 100 साल पूरे कर रहे होंगे, तब आप अपने करियर के शीर्ष पर होंगे।

# जापान ने 10.20 लाख जीबीपीएस इंटरनेट स्पीड का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

- एक सेकेंड में 10 हजार मूवी डाउनलोड होंगी
- भारत से 1.6 करोड़ गुना तेज स्पीड

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** जापान ने 10.20 लाख गीगाबिट्स प्रति सेकेंड की इंटरनेट स्पीड हासिल करके नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। इस स्पीड से आप नेटफ्लिक्स की पूरी लाइब्रेरी या 10,000 4के मूवीज को महज एक सेकेंड में डाउनलोड कर सकते हैं। 150 जीबी का गेम 3 मिली सेकेंड में डाउनलोड होगा। ये भारत की औसत इंटरनेट स्पीड लगभग 63.55 जीबीपीएस से करीब 1.6 करोड़ गुना तेज है। वहीं एवरेज अमेरिकी इंटरनेट स्पीड से 35 लाख गुना ज्यादा तेज है। इससे पहले भी ये रिकॉर्ड जापान के नाम था। मार्च 2024 में जापान ने 402 टेराबिट्स प्रति सेकेंड यानी, 50,250 गीगाबिट्स प्रति सेकेंड की स्पीड हासिल की थी। यह रिकॉर्ड स्टैंडर्ड ऑप्टिकल फाइबर केबल्स का उपयोग करके बनाया गया था।

**19-कोर ऑप्टिकल फाइबर टेक्नोलॉजी के जरिए ये स्पीड हासिल की :** इस रिकॉर्ड को जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी और सुमितोमो इलेक्ट्रिक इंडस्ट्रीज की एक जॉइंट टीम ने हासिल किया। उन्होंने जून में 1.02 पेटाबिट्स प्रति सेकेंड की स्पीड से डेटा भेज कर यह रिकॉर्ड बनाया है। इसमें 19-कोर ऑप्टिकल फाइबर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। ये आज की स्टैंडर्ड फाइबर केबल्स जितनी ही पतली (0.125 मिमी) है, लेकिन इसमें 19 अलग-अलग कोर हैं।

# गृह सचिव गोविंद मोहन का कार्यकाल 22 अगस्त तक बढ़ाया

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने शुक्रवार को गृह सचिव गोविंद मोहन का कार्यकाल अगले साल 22 अगस्त तक बढ़ा दिया है। सिक्किम कैडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) अधिकारी मोहन को अगस्त 2024 में गृह सचिव नियुक्त किया गया था। उन्होंने पिछले साल 22 अगस्त को अजय कुमार भल्ला का कार्यकाल पूरा होने पर उनसे कार्यभार संभाला था। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने 30 सितंबर को उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि से 22 अगस्त 2026 तक या अगले आदेश तक गृह सचिव के रूप में मोहन के सेवा विस्तार को मंजूरी दे दी है।

# दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर भूकंप के झटके

**नयी दिल्ली।** दिल्ली और गुरुग्राम में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए है। इससे एक दिन पहले ही दिल्ली-हरियाणा और यूपी में सुबह के वक्त भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये थे। 10 सेकंड तक भूकंप के झटके महसूस हुए थे। इस दौरान लोग घरों और दफ्तरों से बाहर आ गये थे। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि हरियाणा के झज्जर में आज रात करीब 7:49 बजे भारतीय समयानुसार रिक्टर पैमाने पर 3.7 तीव्रता का भूकंप आया। दिल्ली-एनसीआर में भी इसके तेज झटके महसूस किये गये हैं। एक दिन पहले भी दो बार झज्जर की धरती ही मुख्य केंद्र था।


# शिवसेना विधायक कैश से भरे बैग के साथ दिखे

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद पश्चिम से शिवसेना (शिंदे गुट) विधायक और फडणवीस सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय शिरसाट का कैश से भरे बैग के साथ वीडियो सामने आया है। उद्धव गुट के शिवसेना सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को पर शिरसाट का वीडियो शेयर किया। इसमें वह एक कमरे में बिस्तर पर बैठकर सिगरेट पी रहे हैं। उनके बगल में पैसों से भरा एक बैग रखा है। कमरे में एक कुत्ता भी दिखा। इसके अलावा एक और सूटकेस दिखा, जो बंद था। हालांकि, ये वीडियो कब और कहां का है, इससे जुड़ी कोई जानकारी नहीं दी गयी। राउत ने कैप्शन में लिखा, 'मुझे उट देवेंद्र फडणवीस पर तरस आ रहा है। वे और कितनी बार अपनी प्रतिष्ठा को तार-तार होते देखेंगे?'

उद्धव गुट के शिवसेना विधायक और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने कहा, 'हम पहले से ही कह रहे थे कि यह 50 खोखे वाली सरकार है, जिसमें पहला खोखा दिख गया है।' संजय शिरसाट ने एक दिन पहले ही बताया कि उन्हें इनकम टैक्स ने नोटिस भेजा है। इसमें उनसे पिछले दो विधानसभा चुनावों, 2019 और 2024 के बीच वित्तीय संपत्ति 3 करोड़ से बढ़कर 35 करोड़ रुपए होने पर जवाब मांगा गया है।










































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**